डालटनगंज
(मेदिनीनगर)
शनिवार
17.12.2022
पौष कृष्ण पक्ष 09
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-29 अंक-63 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

**रश्मि प्रवाह**
इस दुनिया में नामुमकिन कुछ भी नहीं, हम वो सब कर सकते हैं जो हम सोच सकते हैं और हम वो सब सोच सकते हैं जो हमने कभी नहीं सोचा।

## झारखंड हाईकोर्ट ने रद्द की 2021 नियुक्ति नियमावली

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग, जेएसएससी नियुक्ति नियमावली को चुनौती देने को लेकर दायर याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट ने शुक्रवार को अपना फैसला सुना दिया है। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायधीश डॉ. रविरंजन एवं न्यायधीश सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ ने सभी पक्षों की ओर से बहस और दलीलें सुनने के बाद नियोजन नीति पर अपना फैसला सुरक्षित रखा था। अदालत ने अपना फैसला सुनाते हुए राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2021 में पारित नियोजन नीति (जेएसएससी संशोधन रूल्स) को रद्द कर दिया है। हाईकोर्ट के आदेश के बाद अब वैसे अभ्यर्थी भी जेएसएससी और जेपीएससी द्वारा ली जानेवाली नियुक्ति प्रतियोगिता में शामिल हो सकते हैं जिन्होंने झारखंड के बाहर दसवीं और बारहवीं की पढ़ाई की है।




**कई नियुक्तियों पर असर :** नियोजन नीति के रद्द किये जाने के साथ ही झारखंड कर्मचारी चयन आयोग यानी जेएसएससी की ओर से अब तक जितनी भी नियुक्तियां की गयी, विज्ञापन जारी किया गया, परीक्षा तिथि घोषित की गयी वे स्वतः रद्द हो जायेंगे। सरकार की ओर से नियोजन नीति लागू किये जाने के बाद से झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने 10 से अधिक विज्ञापन निकाले। झारखंड डिप्लोमा स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2022। रिम्स रांची के अंतर्गत तृतीय श्रेणी के पदों पर नियुक्ति के लिए आयोजित प्रतियोगिता परीक्षा झारखंड औद्योगिक प्रशिक्षण अधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा। झारखंड मैट्रिक स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा। झारखंड प्रयोगशाला सहायक प्रतियोगिता परीक्षा झारखंड सचिवालय आशुलिपिक प्रतियोगिता परीक्षा। झारखंड तकनीकी योग्यताधारी स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा झारखंड नगरपालिका सेवा संवर्ग संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा झारखंड इंटरमीडिएट स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा झारखंड औद्योगिक प्रशिक्षण अधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा।

## सीएम ने महंगाई के मुद्दे पर भाजपा को घेरा

**नवीन मेल संवाददाता**

**देवघर।** खतियान जोहार यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने देवघर के आर मित्रा प्लस टू विद्यालय मैदान में शुक्रवार को जनसभा को संबोधित करते हुए बीजेपी पर तीखा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि मनमोहन सरकार के समय जो महंगाई भाजपा के लिए डायन होती थी आज वह भौजाई हो गयी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि महिलाओं को मुफ्त में सिलेंडर तो दे दिया, लेकिन सिलेंडर इतना महंगा कर दिया कि आज सिलेंडर में महिलाएं कपड़ा सुखाती हैं और आलू रखती हैं। सीएम ने कहा कि 1932 खतियान को गाली देनेवाले और अपमान करनेवालों को जनता सबक सिखायेगी। हेमंत सोरेन ने कहा कि खतियान 1932 के लिए दिल्ली तक लड़ाई लड़ेंगे। इसके अलावा सीएम ने कहा कि बीजेपी ने झारखंड को बर्बाद कर दिया था, लेकिन पिछले डेढ़ से दो सालों में सरकार ने इतना काम किया कि बीजेपी के पास कहने के लिए कुछ नहीं बचा है और जब सरकार कार्य करना चाहती है तो कई तरह की एजेंसियों को इनके पीछे लगा दिया जाता है। सीएम ने कहा कि यहां का कोयला रेल के माध्यम से बाहर भेजा जा रहा है जिसकी जांच करायेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अलावा कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता, जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी, विधायक प्रदीप यादव, दीपिका पांडे सहित विधानसभा के पूर्व स्पीकर शशांक शेखर भोक्ता और पूर्व मंत्री सुरेश पासवान भी मौजूद थे।

## न्यूज गैलरी

### सीएम ने बाबा बैद्यनाथ की विधिवत पूजा-अर्चना की



**देवघर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने यहां बाबा बैद्यनाथ की विधिवत पूजा-अर्चना कर राज्यवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर सांसद विजय हांसदा, विधायक दीपिका पांडे सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### विधानसभा में विधायक दल की बैठक, स्पीकर-सीएम हुए शामिल

**रांची।** झारखंड विधानसभा में शुक्रवार को विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विधायक दल के नेताओं के साथ सम्मिलित हुए। बैठक में आगामी 19 दिसम्बर से 23 दिसम्बर 2022 तक आयोजित होनेवाले पंचम झारखंड विधानसभा का दशम (शीतकालीन) सत्र के सुचारू संचालन हेतु विचार-विमर्श किया गया।

### सुप्रीम कोर्ट में आज से शीतकालीन अवकाश

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट में 17 दिसम्बर से शीतकालीन अवकाश शुरू हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट में शीतकालीन अवकाश एक जनवरी 2023 तक रहेगा। दो जनवरी सोमवार से एक बार फिर से सुप्रीम कोर्ट में काम शुरू हो जायेगा। इस बीच भारत के चीफ जस्टिस (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को एक बड़ा ऐलान किया कि शनिवार से शुरू होनेवाले सुप्रीम कोर्ट के शीतकालीन अवकाश के दौरान कोई पीठ उपलब्ध नहीं होगी। केंद्रीय कानून मंत्री किरण रिजिजू ने गुरुवार को राज्यसभा में कहा था कि लोगों को लगता है कि अदालत की लंबी छुट्टियां फरियादियों के लिए अच्छी नहीं है। रिजिजू के इस बयान के मद्देनजर प्रधान न्यायाधीश की यह घोषणा महत्वपूर्ण है। शुक्रवार सुप्रीम कोर्ट के लिए अंतिम कार्य दिवस था और दो जनवरी, 2023 को दो सप्ताह के शीतकालीन अवकाश के बाद फिर से खुलेगा।

### सीआरपीएफ अधिकारी शंभू कुमार विश्वास के खिलाफ होगी चार्जशीट

**रांची।** चाईबासा में नक्सल ऑपरेशन के दौरान बेगुनाह ग्रामीण मंगल होनहागा की मौत के मामले में असिस्टेंड कमांडेंट शंभू कुमार विश्वास की मुसीबत बढ़ सकती है। इस मामले में झारखंड हाईकोर्ट के द्वारा जमानत मिलने के बाद सीआईडी ने विधि विभाग से चार्जशीट करने को लेकर मंतव्य मांगा था। सीआईडी को विधि विभाग ने अपना मंतव्य भेज दिया है, जिसमें चार्जशीट दायर करने का निर्देश दिया गया है। साल 2011 में मंगल होनहागा की हत्या का आरोप सीआरपीएफ पर लगा था। घटना के वक्त तत्कालीन सीआईडी एडीजी रेजी डुंगडुंग ने मामले में सीआरपीएफ की भूमिका पर सवाल उठाये थे। बाद में सीआईडी ने जांच में पाया था कि शंभू कुमार विश्वास की गोली से ही मंगल की मौत हुई थी।

### विधानसभा के आगामी शीतकालीन सत्र को लेकर उच्चस्तरीय बैठक

**रांची।** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने अपने कार्यालय में 19 दिसम्बर से शुरू होनेवाली आगामी शीतकालीन सत्र को लेकर विभागों के वरीय पदाधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। उन्होंने बताया कि उच्चस्तरीय बैठक में तमाम विभाग के सभी सेक्रेटरी को बुलाया गया था और सत्र के दौरान जो जरूरी चीजें है उस पर दिशा-निर्देश दिया गया है। शेष पृष्ठ 11 पर

## जस्टिस अपरेश कुमार सिंह संभालेंगे हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस का दायित्व



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस अपरेश कुमार सिंह को मुख्य न्यायाधीश डॉ. रवि रंजन के 19 दिसम्बर को होनेवाले अंतिम कार्यदिवस के बाद 20 दिसम्बर से मुख्य न्यायाधीश के कार्यों का दायित्व संभालने संबंधी निर्देश जारी किया गया है। भारत सरकार के केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्रालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार हाईकोर्ट के वरीय जज होने के तहत जस्टिस अपरेश कुमार सिंह को नयी जिम्मेदारी सौंपी गयी है। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को न्यायमूर्ति अपरेश कुमार सिंह को झारखंड उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की अधिसूचना जारी की, जो 20 दिसम्बर से प्रभावी होगा। उल्लेखनीय है कि उत्तराखंड हाईकोर्ट के जस्टिस संजय कुमार मिश्रा के नाम की अनुशंसा झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की 13 दिसम्बर को हुई बैठक में केंद्र सरकार से की गयी है।

## रांची में कांग्रेस की आज भारत जोड़ो यात्रा

**रांची।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के द्वारा कन्याकुमारी से कश्मीर तक चल रही भारत जोड़ो यात्रा की कड़ी में रांची महानगर एवं रांची ग्रामीण कांग्रेस कमिटी के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को पूर्वाह्न 10 बजे से शहीद चौक से बिरसा मुंडा समाधि स्थल, कोकर तक पदयात्रा का आयोजन किया जायेगा। इस भारत जोड़ो यात्रा में झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, नेता कांग्रेस विधायक दल आलमगीर आलम, भारत जोड़ो यात्रा के प्रदेश संयोजक सुबोधकांत सहाय, झारखंड सरकार के मंत्रिगण सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेतागण शामिल होंगे।

### सीएम ने देवघर व गोड्डा में चल रहे विकास योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की

## दिव्यांग व निराश्रित महिलाओं को रोजगार से जोड़ें : हेमंत

**नवीन मेल संवाददाता**

**देवघर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को देवघर परिसदन में देवघर और गोड्डा जिला में चल रहे विकास कार्यों के प्रगति की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को नसीहत देते हुए कहा कि योजनाओं को लेकर आंकड़े उत्साहवर्धक है, लेकिन हकीकत में लोगों के बीच इन योजनाओं को लेकर वैसा उत्साह नहीं देखने को मिल रहा है। ऐसी लापरवाही बर्दाशत नहीं की जायेगी। अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से लें। सरकार ने कई महत्वकांक्षी योजनाएं शुरू की है। ये योजनाएं धरातल पर उतरे, यह हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।



**आपको कार्य करने की स्वायत्ता, पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं**
मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सरकार ने आपको कार्य करने में पूरी स्वायत्ता दे रखी है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि आप कार्यों के निष्पादन में लापरवाही बरतें। मुझे जो जानकारियां मिल रही है, उसमें सरकार की ड्रीम प्रोजेक्ट वाली योजनाओं के प्रति आपकी गंभीरता नहीं दिख रही है। यह लापरवाही और कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। अगर आप अपनी जिम्मेदारियों को सही पूर्वक नहीं निभायेंगे तो आप के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए सरकार मजबूर होगी।

**ग्रामीण अर्थव्यवस्था को देनी है मजबूती :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की योजनाओं का मकसद ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के साथ ग्रामीणों को अपने पैरों पर खड़ा करना है, ताकि उनके जीवन स्तर में अपेक्षित सुधार हो सके। अधिकारियों को जो कार्य आवंटित हैं उसे पूरी जिम्मेवारी के साथ पूरा करें। योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। अगर जरूरत पड़ी तो विकास कार्यों की प्रखंड और पंचायत स्तर पर भी समीक्षा होगी।

**मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के आवेदनों को गंभीरता से लें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि बैंकों का रुख केसीसी के प्रति ठीक नहीं है। इसे सुधारें अथवा सरकार को किसानों के हित में काम नहीं करनेवाले बैंकों के खिलाफ उचित कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि आप मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के आवेदनों को गंभीरता से लें। ग्रामीण बहुत पढ़े-लिखे नहीं होते। वे सीधे-सादे होते हैं। आपके आवेदन के प्रारूप में आवेदन नहीं दे पा रहे तो उनका आवेदन भरने तथा जरूरी कागज बनाने में मदद करें।

**29 दिसम्बर को डीबीटी के माध्यम से लाभान्वित होंगे विभिन्न योजनाओं के लाभुक**
मुख्यमंत्री ने कहा कि 29 दिसम्बर को सरकार के तीन वर्ष पूरे होने पर डीबीटी के माध्यम से सावित्री बाई फुले किशोरी शेष पृष्ठ 11 पर

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था की धूरी है कृषि और पशुपालन

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि राज्य की बड़ी आबादी गांवों में रहती है। कृषि और पशुपालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की धूरी है। यह ना सिर्फ ग्रामीणों के जीविकोपार्जन का प्रमुख माध्यम है, बल्कि उनकी पारंपरिक व्यवस्था का अभिन्न अंग भी है। इसी मकसद से सरकार ने कृषि और पशुपालन से जुड़ी कई योजनाएं चला रही हैं। अधिकारियों की जिम्मेवारी है कि किसानों, पशुपालकों और श्रमिकों को इन योजनाओं का पूरा का पूरा लाभ मिले। मुख्यमंत्री ने बताया कि गोड्डा एवं देवघर के परिभ्रमण के दौरान बुनकरों एवं कर्मकारों ने मुलाकात की। उन्होंने बताया कि उनके बनाये उत्पाद ब्रांडेड दुकानों में बिक रहे हैं, लेकिन उन्हें उसका समुचित लाभ नहीं मिल रहा। ऐसे में उनका वाजिब हक और अधिकार मिले, यह अधिकारियों का कर्तव्य बनता है।

## ईडी ने बेरमो विधायक अनूप सिंह को 23 दिसम्बर को पूछताछ के लिए बुलाया

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार गिराने की साजिश से जुड़े कैश कांड में बेरमो विधायक अनूप सिंह उर्फ कुमार जयमंगल को ईडी ने समन भेजा है। 23 दिसम्बर को दिन के 11 बजे उन्हें रांची जोनल ऑफिस पहुंचने का वक्त समन में दिया गया है। 30 जुलाई को हावड़ा में झारखंड कांग्रेस के तीन विधायक इरफान अंसारी, राजेश कच्छप व नमन विक्सल कोंगाड़ी की गिरफ्तारी 48 लाख रुपये के साथ हुई थी। इस मामले में अनूप सिंह के बयान पर अरगोड़ा थाना में जीरो एफआईआर 31 जुलाई को दर्ज किया गया था। जिसके बाद तीनों विधायकों को बंगाल पुलिस ने जेल भेज दिया था। इसके बाद इस मामले में कोलकाता पुलिस की सीआईडी मामले की जांच कर रही थी। ईडी ने इस मामले में नौ नवम्बर को ईसीआईआर दर्ज कर मनी लाउंड्रिंग के मामलों की जांच शुरू की है। जांच के क्रम में अनूप सिंह को समन भेज कर मामले में पूरा पक्ष एजेंसी लेगी।

**अनूप सिंह ने दो बार सरकार गिराने की साजिश से जुड़ा केस कराया दर्ज :** अनूप सिंह ने दो बार शेष पृष्ठ 11 पर

### 10 करोड़ व मंत्री पद के ऑफर का दावा

विधायक अनूप सिंह का आरोप था कि झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही महागठबंधन की सरकार गिरोन के लिए हर विधायक को 10-10 करोड़ रुपये का ऑफर दिया गया था। दर्ज प्राथमिकी में विधायक अनूप सिंह ने पश्चिम बंगाल में पकड़े गये कांग्रेस के तीनों ही आरोपित विधायकों पर गंभीर आरोप लगाया था। आरोप लगाया था कि आरोपितों ने उन्हें भी फोन पर कोलकाता आने के लिए कहा था। यह भी ऑफर किया था कि अगर वे अपने साथ अन्य विधायकों को भी लेकर कोलकाता जाते हैं, तो प्रत्येक विधायक को दस-दस करोड़ रुपये दिये जायेंगे। अनूप सिंह को नयी सरकार में मंत्री पद का भी ऑफर दिया गया था।

## पलामू में बॉडीगार्ड रखना स्टेटस सिंबल

### रसूखदारों पर कार्रवाई की तैयारी में पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड की पुलिस ने आम लोगों के लिए कॉम्बैट ड्रेस के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया था। आम लोगों से इस्तेमाल नहीं करने का आग्रह भी किया गया। इस ड्रेस का इस्तेमाल करने वाले लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की बात कही गई थी। कॉम्बैट ड्रेस को लेकर आईजी स्तर से पत्र जारी किया गया था। मामले में कार्रवाई की बात कही गई थी। पुलिस द्वारा चेतावनी जारी करने और जागरुकता अभियान चलाने के बावजूद बड़ी संख्या में लोग इस ड्रेस का इस्तेमाल कर रहे हैं। पलामू और उसके आस -पास के इलाके में सुरक्षाबलों की वर्दी की तरह ही कई लोग अपने सिक्योरिटी गार्ड को रखे हुए हैं। यह लोग अपने लाइसेंसी हथियार को भी सिक्योरिटी गार्ड को दे रहे हैं। इलाके में आसानी से घूम रहे हैं। कॉम्बैट को लेकर पूरे मामले में पलामू पुलिस सख्त रवैया अपनाने की तैयारी कर रही है। ऐसे लोगों की सूची तैयार कर उनके खिलाफ कार्रवाई की योजना भी तैयार की गई है। पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि पुलिस लगातार आम लोगों से कॉम्बैट ड्रेस का इस्तेमाल नहीं करने की अपील कर रही है। इसके बावजूद जो लोग इस्तेमाल कर रहे हैं उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की भी तैयारी की जा रही है। एसपी शेष पृष्ठ 11 पर



## गढ़वा में एचआईबी एड्स मरीजों की संख्या पहुंची 1900

### ज्यादा प्रवासी मजदूर संक्रमित, गोपनीयता पर अंकुश नहीं

**ए. पाठक**

**गढ़वा।** सरकार के सभी प्रयासों के बाद भी जिले में लोग जानलेवा और लाइलाज बीमारी एचआईवी वायरस से संक्रमित हो रहे हैं। झारखंड राज्य एड्स नियत्रंण समिति भले ही एड्स के प्रति जागरूकता के कारण मरीजों की संख्या पहले की अपेक्षा कम होने की दावा करे पर सच्चाई तो कुछ अलग ही बयां कर रही है। एचआईबी एड्स से लोग तेजी से संक्रमित हो रहे हैं। जिले में एचआईबी से संक्रमितों की संख्या 1900 पहुंच गई है। जिले में सबसे ज्यादा प्रवासी मजदूर एचआईबी संक्रमित हुए हैं। उसके कारण आज उनके परिवार के एक-दो अन्य सदस्य भी संक्रमण का शिकार हुए हैं। जिले के एड्स से सबसे ज्यादा प्रभावित मरीज कांडी में हैं। वहां एचआईबी मरीजों की संख्या करीब 120 पहुंच गई है और वहां पिछले तीन वर्षो में लगातार मरीजों की संख्या बढ़ रही है। जिला मुख्यालय भी उससे कम नहीं है। जिला मुख्यालय में भी 95 लोग एचआईबी से संक्रमित हैं। उसके बाद भी जिले में अब तक किसी तरह का जागरूकता अभियान नहीं चलाया गया है। जिले में जागरूकता के अभाव में जिले के सभी प्रखंड में कमवेश एचआईबी संक्रमित है। उसमें सबसे ज्यादा प्रवासी मजदूर या फिर चालक हैं। बताते चलें कि जिले के मझिआंव में 50 , भवनाथपुर में 14 , केतार में 10, खरौंधा में आठ, नगर उंटारी में 40, धुरकी में पांच, डंडई में आठ, बरडीहा में आठ, रमकंडा में छह, भंडरिया में दो, चिनिया में पांच, रंका में 25, रमना में 12, मेराल में 14 एचआईबी मरीज है। उन सभी का इलाज मेदनीनगर अस्पताल से चल रहा है।



**डिस्ट्रीक नेटवर्क ने संक्रमितों को घर-घर पहुंचाया दवा :** एचआईबी एसड् मरीजों के लिए इन दिनों डिस्ट्रीक नेटवर्क फोर पिपूल लिविंग वीथ एचआईबी एड्स सोसाईटी के पदाधिकारी मददगार साबित हो रहे है। सोसाईटी के पदाधिकारियों ने पुरे कोरोना काल मरीजों को घर-घर जाकर दवा पहुंचाने का कार्य किया। साथ ही बीमारी पर विजयी पाने के लिए हौशला भी बढ़ाया। सोसाईटी के कोषाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि एचआईबी एड्स मरीजों के लिए सोसाईटी लगातार कार्य कर रही है।

### सरकार के गलत निर्णय से संक्रमितों की गोपनीयता पर खतरा

एचआईबी संक्रमितों के लिए लागू किया गया राज्य सुरक्षा पेंशन नियमावली में फेर बदल के कारण संक्रमितों के गोपनीयता पर खतरा मंडराने लगा है। पूर्व सरकार में एचआईबी मरीजों को पेंशन के लिए सीधे जिला स्तर पर आवेदन करना था। उससे उनकी गोपनीयता पर किसी तरह का खतरा नहीं था। पर वर्तमान सरकार में उक्त नियमावली में बदलाव करते हुए प्रखंड स्तर पर कर दिया है। उससे संक्रमितों की गोपनीयता पर खतरा मंडराने लगा है। संक्रमितों के लिए कार्य कर रही गढ़वा डिस्ट्रीक नेटवर्क फोर पिपूल लिविंग वीथ एचआईबी एडस् सोसाईटी ने भी उसका विरोध किया है। सोसाईटी के पदाधिकारियों ने बताया कि पूर्व के नियमावली ही संक्रमितों के लिए बेहतर है और उससे उनकी गोपनीयता भंग नहीं होगी।

### रघुवर सरकार में एचआईबी मरीजों को मिला पेंशन

राज्य सरकार की ओर से एचआईबी मरीजों के लिए निःशुल्क दवा की व्यवस्था तो की गई है। पिछली भाजपा सरकार ने मरीजों के लिए राज्य सुरक्षा पेंशन शुरू की थी और उसके तहत सभी कोटी के एचआईबी मरीजों के लिए एक हजार रूपए पेंशन दिया जाता है। उसके एचआईबी संक्रमितों के परिवार चलता है।

## हिंदपीढ़ी में हत्या के बाद तनाव, भीड़ ने चार घरों को किया आग के हवाले



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के हिंदपीढ़ी इलाके में एक युवक की चाकूबाजी में हुई मौत के बाद आक्रोशित भीड़ ने कई घरों को आग के हवाले कर दिया है। मौके पर हिंदपीढ़ी थानेदार सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद है। इलाके में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है।

**क्या है मामला :** जानकारी के अनुसार जावेद नाम के एक युवक को हिंदपीढ़ी में ही चाकू मार दिया गया। इलाज के दौरान जावेद की मौत हो गयी। जावेद की मौत के बाद आक्रोशित भीड़ ने हिंदपीढ़ी के ही रहनेवाले गोल्डन, शहनाज खातून, लंगड़ा बबलू और मोहम्मद मुख्तार के घरों को एक-एक कर आग के हवाले कर दिया। आरोप है कि इन्हीं लोगों ने मिलकर जावेद की हत्या की है।

**भारी संख्या में पुलिस बल तैनात :** आगजनी और हंगामे की सूचना मिलते ही हिंदपीढ़ी पुलिस मौके पर पहुंच मामले को शांत करने में जुट गयी। इलाके में तनाव को देखते हुए पुलिस बल को तैनात किया गया है। लोग इतने आक्रोशित थे कि घरों में लगी आग को बुझाने के लिए दमकल के वाहनों को ही मौके पर नहीं पहुंचने दे रहे थे। पुलिस यह कोशिश कर रही थी कि किसी तरह दमकल के वाहन पहुंचे और घरों में लगी आग पर काबू पाया जा सके।

## न्यूज गैलरी

### आसाम राइफल में चयनित होने पर भंडार में बटी मिठाई



**नावा बजार।** भंडार ग्राम निवासी परीक्षित पांडे का छोटा पुत्र मोहित पांडे आसाम राइफल में सहायक अवर निरीक्षक के पद पर चयनित हो गया है। इस खुशी में गांव में मिठाई बांट खुशी का इजहार किया गया। मौके पर मोहित ने लोगों का आशीर्वाद लिया । उसने कहा कि आप सब का नाम मेरी पूंजी है। मैं देश की रक्षा के लिए आपका आशीर्वाद चाहता हूँ। हमारे लिए फौज में जाना देश सेवा के लिए एक मौका मिलना गौरव की बात है । मैं इस खुशी को पूरे भंडार ग्राम निवासी मैं बांटता हूं। मौके पर ग्राम के पूर्व उप मुखिया अरविंद पांडे ने मिठाई खिलाकर आशीर्वाद दिया। मौके पर चंद्रमणि पांडे, शिव शंकर पांडे, बागेंद्र पांडे राम, राजी मिस्त्री, अनुज प्रजापति ,दीनानाथ पांडे हर्ष पांडे समेत कई लोग उपस्थित थे।

### झारखण्ड सरकार दुष्कर्म में शामिल सभी आरोपियों को फांसी की सजा दें :अनिल सिंह



**मेदिनीनगर।** पलामू कांग्रेस पार्टी के जिला कोऑर्डिनेटर अनिल सिंह ने पाटन थाना प्रखंड के खामही गांव में नाबालिग दलित बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म मामले में नाराजगी जताते हुए झारखंड सरकार से मांग किया है कि दुष्कर्म में शामिल सभी चारों आरोपी बसंत महतो, अमित महतो, संजय महतो और अकबर महफूज गिरफ्तार कर जघन्य अपराध के लिए फांसी की सजा दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के अन्य सदस्य भी पीड़ित परिवार के साथ है,पीड़ित परिवार को किसी भी प्रकार की कोई समस्या या मदद की जरूरत हो तो कांग्रेस पार्टी के सदस्य हमेशा इनके सहयोग के लिए तत्पर है।

### हैदरनगर व मोहम्मदगंज प्रखण्ड के लिए बीईओ ने दिया योगदान

**हैदरनगर।** पलामू हैदरनगर व मोहम्मदगंज प्रखण्ड में प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के पद पर शुक्रवार को महेंद्र प्रजापती ने बीआरसी कार्यालय में दिया योगदान। जिला शिक्षा अधीक्षक पलामू के पत्रांक 1695 दिनांक 15-12- 022 के आदेशानुसार योगदान दिया हैं। मौके पर कई शिक्षको उन्हें बुके देकर स्वागत किया। मौके पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी महेंद्र प्रजापति ने कहा कि विभागीय कार्यों सहित विद्यालयों की प्रबंधकीय व बुनियादी शिक्षा व्यवस्था में सुधार हमारी प्राथमिकता हैं। मौके पर शिक्षक संगठन के प्रतिनिधियों ने कहा कि श्री प्रजापति अपने कार्यशैली से शिक्षण व्यवस्था में गुणवत सुधार के साथ शिक्षकों की समस्याओं का त्वरित निष्पादन कर सकेंगें। मौके पर शिक्षक प्रतिनिधि अरुण चौधरी,अब्दुल रहीम, चक्रवर्ती सिंह, प्रेम चौधरी, विजय बहादुर सिंह, शैलेश कुमार सिंह, निरंजन सिंह, रामराज राम,सत्येंद्र राम, विश्वनाथ राम रवि, सत्येंद्र सिंह, संदीप रंजन, प्रदीप सिंह सहित बीआरसी कर्मी बीपीओ नरेंद्र सिंह ,व्योम सिन्हा, अनवर हुसैन, जगनारायण राम, सुनील कुमार उपस्थित रहे।

### राजकीय सम्मान के साथ एएसआई को दी गई अंतिम विदाई

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के कस्तूरी चनकार गांव निवासी अरविंद राम को जपला खादी ग्रामोद्योग के समीप शुक्रवार की दोपहर 2 :30 बजे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। जानकारी के अनुसार अरबिंद राम गुमला जिला के सिसई पुलिस ट्रेनिंग केंद्र में सहायक अवर निरीक्षक के पद पर पदस्थापित थे। जो ट्रेंनिग के दौरान अचानक लकवा के शिकार हो गये थे। उनका इलाज पटना के उदय नारायण अस्पताल में चल रहा था। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उनका पार्थिक शरीर शुक्रवार की सुबह जपला छतरपुर रोड स्थित आवास पर पहुंचा। उन्हें जैप के जवानों द्वारा सलामी दी गई। इस मौके पर हुसैनाबाद थाना प्रभारी शौरभ कुमार,जैप के जवान हवलदार हरि किशोर तिवारी, उमेश कुमार दुबे, आरक्षी 822,आरक्षी 411, चौकीदार सैयद मोहम्मद हुसैन, अमित कुमार के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष की पहल पर मिला 25 केवी का ट्रांसफार्मर

**उंटारी रोड।** पलामू जिला विश्रामपुर प्रखंड के सिगसिगी पंचायत अंतर्गत ग्राम होलंगा मे लोगों में खुशी की लहर है। गौरतलब है कि इस गांव के लोग दो माह से बिजली के बिना अंधेरे में जीवन यापन करने को विवश थे। जानकारी मिलते हीं भाजयुमो ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनुज कुमार चौधरी ने पूर्व स्वास्थ्य मंत्री व वर्तमान विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी व विद्युत विभाग से संपर्क कर होलंगा के लोगों को 25 केवी का नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया।

# नीलगाय की समस्या से परेशान हैं किसान, फॉरेस्ट विभाग को कोई फिक्र नहीं

## किसान अपने घर द्वार छोड़कर बाहर रोजी-रोटी की तलाश में जाने को हैं विवश

**आलोक पाण्डेय**

**नावा बजार।** पलामू के चारों तरफ अकाल सुखाड़ का मार झेल रहे किसान काफी हताश व निराश नजर आ रहे हैं। पलामू गढ़वा और भी कई जिलें में अनेकों जगह समय पर वर्षा नहीं होने के कारण किसान के चेहरे पर साफ निराशा झलक रही है। सरकार की तरफ से अनेकों वादे किसानों के राहत के लिए की गई। किसान अपना जीवन यापन किसी तरह करने पर विवश नजर आ रहा हैं। नौकरी पेशा वाले लोग अपना जीवन यापन बाजार से सामान खरीद कर करने में सक्षम है। वही किसान किसी तरह पूर्ण रूप से फसल पर ही निर्भर होता है। सिजनली फसल को बेचकर वो अपना परिवार का जीवन



यापन करता है। इस मौसम में अरहर, मसूर, गेहूं, चना, आलू, सरसों इत्यादि छोटे-मोटे अनेकों फसल उगाता है। पानी का व्यवस्था नहीं होने के कारण कुआं से मेहनत के दम पर सिंचित करता है । किसान को आशा होता है कि फसल होने से परिवार का भरण पोषण होगा, पर नीलगाय की समस्या बहुत बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ा है। फसल को पूरी तरह मवेशियों का एक झुंड आकर नुकसान पहुंचाया जा रहा है। फॉरेस्ट विभाग मौन साधे बैठी हुई है कोई भी ठोस कदम उठाने को तैयार नहीं दिखती ऐसे में सरकार को किसानों के हित के लिए जो फसल बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाया जा रहा है। किसानों का कहना है जनप्रतिनिधि को इससे दूर तक कोई लेना देना नहीं दिखते नजर आरहा हैं । जनप्रतिनिधि ऐसा कोइ नहीं है जो नील गाय की समस्या को गंभीरता से लेते हुए इस मुसीबत के समाधान हेतु आवाज उठावे, अगर सरकार के द्वारा कोई ठोस समाधान नहीं निकला गया तो किसान मजबुर होकर अपना फसल करना छोड़ देंगे। जिससे क्षेत्र में काफी गरीबी बेवशी की मार किसानों को झेलनी पड़ेगी एवं स्थिति भयावह हो जाएगा समय रहते सरकार को गंभीरता से लेना चाहिए।

## बीडीओ ने तोलरा पंचायत का किया भ्रमण,आवास योजना का लिया जायजा

### पीडीएस दुकानों का भी किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने गुरुवार को तोलरा पंचायत का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के प्रगति का जायजा लिया। लाभुकों को निर्माण कार्य जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। राशि लेकर भी निर्माण कार्य शुरू नहीं करने वाले लाभुकों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि जो भी लाभुक आवास निर्माण कार्य में कोताही बरतेगें। उस पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने बताया कि प्रखंड में कुल 1206 आवास का निर्माण कार्य लंबित है। जिसमे सिर्फ तोलरा पंचायत में 182 आवास का निर्माण लंबित है। अगर लंबित आवास का निर्माण कार्य एक सप्ताह के अंदर शुरू नही किया गया तो,योजना रद्द करते हुए राशि की रिकवरी की जायेगी। इस क्रम में बीडीओ ने कई जन वितरण प्रणाली के दुकानों का औचक निरीक्षण किया। कई जरूरतमंद वृद्ध लोगों को कंबल भी दिया गया। मौके पर मुखिया रोहित तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## एसडीपीओ ने पाटन थाना पहुँचकर गैंग रेप कांड की जानकारी ली

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन ।** एसडीपीओ ऋषभ गर्ग पाटन थाना पहुँचकर 11 दिसम्बर को रात्रि में हुई किशोरी से गैंगरेप घटना की जानकारी ली। प्रभारी थाना प्रभारी एसआई वरुण कुमार सहित पीड़िता किशोरी से घटना की जानकारी तथा अनुसंधान से सबंधित जानकारी लिया। एसडीपीओ ने बताया की एसपी पलामू के निर्देश के आलोक में थाना आकर केस से सबंधित आवश्यक निर्देश पुलिस पदाधिकारियों को दिया है। सभी गैंगरेप आरोपी की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित करने को कहा गया है। उन्होंने कहा की गिरफ्तारी के लिये छापामारी सम्भावित ठिकानों पर लगातार किया जा रहा है। गिरफ्तार एक गैंग



आरोपी ने स्वीकार किया है। पीड़िता का परिवार घर से बाहर थे। जिसका गलत फायदा उठाकर अपराधियों ने शौच करने निकली नाबालिक लड़की को जबरन बाइक पर उठाकर जंगल मे ले जाकर बलत्कार किया। 12 दिसबंर को परिवारजनो ने बेहोशी के हालत में जंगल मे पीड़िता को बरामद किया था।

## इलाज के दौरान महिला की मौत, परिजनों ने पति पर लगाया हत्या का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम ओरिया निवासी नंदन कुमार की पत्नी सुषमा देवी उम्र 24 वर्ष की मौत इलाज के दौरान बुधवार की दोपहर 3 बजे हो गयी। मृतक के परिजन इसे हत्या बता रहे हैं। इस संबंध में मृतक के भाई शिव कुमार रवि ने बताया कि सुषमा का विवाह 6 वर्ष पहले लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम ओरिया निवासी रविशंकर राम के पुत्र नंदन कुमार से सुखी संपन्न विवाह हुआ था। शादी के कुछ वर्ष बीत जाने के बाद दहेज की मांग और जमीन के लालच में नंदन और उसके परिजन सुषमा के साथ हमेशा मारपीट और गाली गलौज करते थे। अचानक बुधवार 14 दिसंबर 2022 की दोपहर पता चला की सुषमा की मौत हो गई । वहीं इस संबंध में लेस्लीगंज थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि सुषमा की मौत के बाद उसके परिजनों द्वारा थाने में आवेदन दिया गया है। आवेदन के आधार पर पुलिस घटना से संबंधित मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हत्या है या फिर इलाज के दौरान मौत हुई है । इसका पता चल पायेगा।

## अभी तक नहीं खुला धान क्रय केंद्र, किसान परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** प्रखंड में पैक्स द्वारा संचालित धान क्रय केंद्र अभी तक नही खुला है। जिसके कारण किसानों को काफी परेशानी हो रही है। यहां बताते चलें कि 15 दिसंबर तक जिला के प्रत्येक प्रखंड मुख्यालय में धान क्रय केंद्र हर हाल में खोल देना था। लेकिन विश्रामपुर में अभी तक नही खुला है। क्रय केंद्र नही खुलने के कारण क्षेत्र के किसान मजबूरी वस औने पौने दामों में साहूकारों के हाथों धान बेच दे रहे हैं। क्षेत्र के आदर्श कृषक प्रेम शंकर दुबे ने बताया कि सुखाड़ जैसे विपरीत परिस्थितियों में यहां के कुछ किसानों ने निजी संसाधन के बदौलत धान की फसल उपजाई है। कई किसानो ने बीज, खाद और पटवन हेतु साहूकारों से कर्ज भी लिया है। किसान धान बेचकर कर्ज चुकाते रहे हैं। लेकिन अभी तक धान क्रय केंद्र नही खुलने से किसान मायूस हैं। इधर साहूकार किसानों पर कर्ज का पैसा वापस करने या औने पौने दामों पर धान मांग रहे हैं। श्री दुबे ने पलामू उपयुक्त से विश्रामपुर में यथाशीघ्र धान क्रय केंद्र खुलवाने की मांग की है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वर्षो से स्वास्थ्य सेवा ठप

**दीपक दुबे**

**पाटन।** सीएचसी पाटन अंतर्गत पाटन व पड़वा प्रखण्ड की करीब ढाई लाख की आबादी पिछले 5 वर्षों से भगवान भरोसे झोला छाप डॉक्टर पर निर्भर है। सीएचसी सहित इसके अंतर्गत दो पीएचसी( अतिरिक्त सीएचसी) किंशुनपुर, नावाजयपुर डॉक्टर विहीन है। 18 स्वास्थ्य उपकेंद्र केवल एएनएम के भरोसे महीने में सिर्फ टीकाकरण अथवा मन्थली कागजी रिपोर्ट बनाने के लिये खुलता है। सीएचसी अंतर्गत डॉक्टर के पोस्टिंग नही होने से किंशुनपुर, नावाजयपुर, पाटन में दर्जनो में झोलाछाप डॉक्टरों के द्वारा उच्च डिग्री धारी डॉक्टर नाम बोर्ड लगाकर धड़ल्ले से इलाज ही नही बड़े बड़े आपरेशन करते है। जिससे आये दिन मरीजों की जान भी चली गई है। किंशुनपुर नावाजयपुर में इलाज के क्रम में मरने से सबंधित आधा दर्जन प्राथमिकी व क्लिनिक सील हो चुकी है। इस सबन्ध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अमित आजाद जो फिलहाल मनातू सीएचसी में पदस्थापित है। उन्होंने बताया है सभी संसाधन होने के बाबजूद डॉक्टर नहीं है। झोला छाप तथा अवैध रूप से पैथलॉजी संचालित करने वाले के विरुद्ध करवाई हेतु सीएस को अवगत कराया गया है। इसके लिये एक टीम बनाकर ही करवाई सम्भव है। पाटन पुलिस के अनुसार इंज्यूरि रिपोर्ट सीएचसी से मिलने में कई महीने लगते है जिससे केसों का निष्पादन लम्बित रहता है। विधायक पुष्पा देवी ने बताया कि छतरपुर विधानसभा अन्तर्गत सभी अस्पतालों मै स्वास्थ्य सेवा बदहाल है। उन्होंने कहा कि हेमन्त की सरकार सवेदन हीन है। पोस्टिंग के बजाय अस्पताल में पोस्टेड डॉक्टर को ट्रांसफर कर अस्पतालों को डॉक्टर विहीन बना दिया गया है।

### हाल है बेहाल

एक स्वास्थ्य केंद्र में इलाजरत के लिए 1 ड्रेसर, 2 कंपाउंडर, 3 एएनएम उपलब्ध है। 3 साल से एक भी डॉक्टर नहीं है।




## मिडिल स्कूल में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. पीएन सिंह व नेत्र सहायक दयानंद कुमार के देखरेख में मिडिल स्कूल हुसैनाबाद में वर्ग छह से आठ के विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण व जांच किया गया। स्वास्थ्य जांच में बच्चों की ऊंचाई, वजन आंख की रोशनी, नाखून जांच करने के बाद उन्हें दिशा निर्देश देते हुए बच्चों को स्वस्थ रहने का मूलमंत्र बताया गया, जैसे सुबह में उठकर नित्य कर्मों से निवृत्त होकर समय पर अच्छी तरह हाथ धोकर, चबा चबाकर नाश्ता करनी चाहिए, यथासंभव गुनगुना पानी पीना चाहिए, नाखूनों को छोटा व साफ रखनी चाहिए। विटामिन ए, बी, सी व डी की कमी से होनेवाले बीमारियों के बारे में बताया गया। साथ ही उपचार के तरीकों पर भी प्रकाश डाला गया। जांचों उपरांत बच्चों को सर्दी, खांसी, बुखार , रक्ताल्पता से होने वाली बीमारी की दवा के साथ कैल्सियम की दवा भी वितरित किया गया।


## कार्यालयः- जिला अभियंता, लातेहार।

### अति अल्पकालीन ई-निविदा आंमत्रण सूचना

ई0–संख्या– DOPR/DE/ZP/Latehar- 03/2022-23

कार्य का नामः–

| क्र | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की तिथि | NIT रेफरेन्स संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड चन्दवा अन्तर्गत बस पडाव में 14 अदद दूकान निर्माण कार्य। | 47,45,200.00 | 95,000.00 | 5,000.00 | 02 माह | 01/2022-23 DOPR/DE/ZP/ LATEHAR |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 04.01.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–11.01.2023, 5.00 बजे अपराहन् तक।
4. जिला अभियंता, कार्यालय लातेहार में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र (मूल प्रति) एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की जमा करने की तिथि एवं समयः– 12.01.2023 अपराहन् 5:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 16.01.2023 अपराहन 11:00 बजे।
6. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– जिला अभियंता, लातेहार।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या– 9431349277
9. निविदा शुल्कः– किसी भी भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निर्गत मूल बैंक ड्राफ्ट के रूप में ZILA ABHIYANTA, LATEHAR के पक्ष में लातेहार में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
10. परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा। अन्य किसी बैंक शाखा से निर्गत बैंक ड्राफ्ट स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
11. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
12. संवेदक को Ucan Certificate संलग्न करना अनिवार्य है।
13. संबंधित प्रखण्ड के समुचित श्रेणी के संवेदक ही निविदा में भाग लेंगे।
14. विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtendres.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता, लातेहार।

PR 285163 (Rural Development) 22-23 (D)


## क्षेत्र का सर्वांगीण विकास ही मेरी प्राथमिकताः डॉ. मेहता

**नवीन मेल संवादाता**

**पांकी।** प्रखंड के मजदूर किसान महाविद्यालय में विज्ञान संकाय भवन निर्माण का विधायक कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने शुक्रवार को अपने निजी फंड से मजदूर किसान महाविद्यालय में विज्ञान संकाय भवन का विधिवत पूजा अर्चना कर नारियल तोड़कर शिलान्यास किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ दिलीप कुमार राम ने विधायक को शॉल देकर सम्मानित किया। मौके पर उपस्थित विधायक ने ग्रामिणों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास में सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य इत्यादि सुविधाओं के साथ-साथ शिक्षा का अति महत्वपूर्ण योगदान रहता है। सुदूरवर्ती गांव में रहने वाले लोगों बीसीए की पढ़ाई कर सके। गरीब मजदूरों के बच्चे स्नातक की पढ़ाई पूरी कर सके। उन्होंने कहा कि हमारे पांकी विधानसभा क्षेत्र के बच्चों को पढ़ाई के लिए उत्कृष्ट सुविधाएं मिले इसके लिए मैं लगातार कार्य कर रहा हूँ। ताकि क्षेत्र के बच्चे अच्छी शिक्षा ग्रहण कर पूरे विश्व मे पांकी का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने कहा कि पूर्व के जनप्रतिनिधियों की अकर्मण्यता और दमनकारी नीतियों का जो दंश क्षेत्र की जनता ने झेला है, वो किसी से छुपा हुआ नही है। लेकिन मैं अपने पांकी विधानसभा क्षेत्र के विकास के साथ- साथ यहां के लोगों को हर तारीके से मजबूत बनाने का प्रयास कर रहा हूँ। मेरे कार्यकाल में पांकी का माहौल सकारात्मक हुआ है। हर वर्ग के लोग निर्भीक होकर रह रहे हैं। उनके अधिकारों को मेरे द्वारा सुनिश्चित किया जा रहा है। क्षेत्र की जनता ने जो मुझे जिम्मेदारी दी है उसे ईमानदारी पूर्वक निभा रहा हूँ। कार्यक्रम का संचालन बंशीधर सिंह ने किया । मौके पर, दानदाता सदस्य बिंदेश्वरी सिंह, बालेश्वर सिंह, सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।

अतिअल्पकालिक ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सूचना संख्या :– RDD/SD/CHATRA/01/2021-22/RE-02

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | प्रखण्ड–सिमरिया में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय, तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास एवं प्रखण्ड परिसर का विकास तथा विविध निर्माण कार्य। | 60284210.00 | 12,06,000/- | 10000.00 | 12 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 22.12.2022
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 29.12.2022 के अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, चतरा/मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 30.12.2022 के अपराह्न 05:00 बजे तक
5. निविदा खोलने का स्थान :– मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची ।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 31.12.2022 के अपराह्न 02:00 बजे
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709184201 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा के पदनाम से देय हो देना होगा।
10. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
11. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद्द करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।

PR 285239 Rural Development(22-23)D



## जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, गढ़वा
## (जिला समाज कल्याण शाखा)

### अति अल्पकालीन निविदा

वित्तीय वर्ष 2022–23 में समाज कल्याण विभाग द्वारा गढ़वा जिला में संचालित 1330 ऑगनबाड़ी केन्द्रों में निबंधित 3–6 वर्ष के बच्चों के लिए गर्म पोशाक (Winter Uniform) का कय/आपूर्ति निर्धारित दर पर प्राप्त करने हेतु आपूर्तिकर्त्ता के चयन के निमित्त मुहरबंद निविदा दिनांक– 24.12.2022 को अपराह्न 1:00 बजे तक जिला समाज कल्याण कार्यालय, गढ़वा में आमंत्रित किया जाता है। निर्धारित समय तक प्राप्त निविदा दिनांक– 24.12.2022 को अपराह्न 3:30 बजे जिला स्तरीय कय/निविदा समिति के समक्ष गढ़वा समाहरणालय के सभाकक्ष में खोला जाएगा जिसमें निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि अपने गर्म पोशाक (स्वेटर) के नमूने के साथ भाग लेंगे। सामग्री का विवरण निम्नवत् हैः–

| सामग्री का नाम | विशेष विवरणी (Specification) | दर |
|---|---|---|
| गर्म पोशाक (Winter Uniform) 3–6 वर्ष के बच्चों के लिए | Sweater Quality : Unisex<br>Colour : Maroon<br>Material (Blend Composition) : Acrylic 100% (±2%)<br>Yarn : High Bulk Yarn<br>Neck Type : V – Neck<br>Sleeve : Full regular sleeve | प्रति स्वेटर 200.00 से अधिक नहीं होना चाहिए। (सभी कर/GST सहित) |

अतः इच्छुक आपूर्तिकर्ता अधोहस्तक्षरी को संबोधित निविदा तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड अलग–अलग सीलबंद लिफाफे में जिला समाज कल्याण कार्यालय, गढ़वा में दिनांक– 24.12.2022 के अपराहन 01:00 बजे तक हाथों–हाथ/निबंधित डाक या स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा कर सकते है।

नोट :– उक्त निविदा से संबंधित शर्तें एवं विस्तृत जानकारी इस कार्यालय के सूचना पट्ट एवं गढ़वा जिले के अधिकारिक बेवसाईट: www.garhwa.nic.in पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त,
गढ़वा

PR 285162 Welfare(22-23).D

## न्यूज गैलरी

### अस्पताल में प्रतिदिन हो रही है चोरी व पॉकेटमारी की घटना

**मेदिनीनगर।** अस्पताल प्रबंधक के द्वारा अस्पताल परिसर में मरीज की सुरक्षा को देखते हुए दर्जनों सीसीटीवी कैमरा लगाए गए हैं। ताकि मरीज को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो परंतु एक भी सीसीटीवी कैमरा आज के दिनों में काम नहीं कर रही है। शुक्रवार की घटना है एक व्यक्ति जो पलामू जिले के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम रेवाडीह निवासी रामधारी प्रशाद सिह शक्रवार को मेदिनीनगर सदर अस्पताल अपने इलाज के लिए आए थे। इसी बीच पाकिट मारो ने सदर अस्पताल में उनका पॉकेट से पर्स की चोरी कर फरार हो गया। भुक्तभोगी डॉक्टर का प्रैक्टिस करते हैं इन सभी हरकतों से वे काफी नाराज थे। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल में ऐसा भी होता है मुझे आज पता चला जब पाकिट मारो ने मेरे पैकेट से पर्स की चोरी कर ली। जिसमें पैसे के साथ-साथ अन्य डाक्यूमेंट्स थे। जिसे पॉकेटमार लेकर फरार हो गया। बताते चलें कि कुछ दिन पहले ही सदर अस्पताल से बाइक पार्किंग में लगे एक मरीज का बाइक चोरी कर चोर फरार हो गया था। जिसका अभी तक कोई अता पता नहीं चला है। चोरी होने की घटना से पुलिस वाले काफी परेशान नजर आते हैं। जब अस्पताल में चोरी होती है तो पुलिस सीसीटीवी कैमरा देखने पहुंचती है। परंतु पता चलता है कि सीसीटीवी कैमरा तो बंद पड़ा हुआ है। इसकी वजह से चोर पकड़ में नहीं आते हैं।

### मेयर प्रत्याशी के लिए समाजसेवी ने किया प्रचार

**मेदिनीनगर।** निकाय चुनाव में मेयर प्रत्याशी पंकज कुमार श्रीवास्तव का प्रचार -प्रसार समाजसेवी ने किया। आम तौर पर उम्मीदवार अपने को प्रभावशाली स्थापित करने के लिए अपने साथ भीड़ लेकर चलते हैं। लेकिन पंकज श्रीवास्तव का स्वच्छ सुंदर मेदिनीनगर के लिए संदेश देने का अनोखा तरीका नागरिकों को लुभा रहा है। समाजसेवी शीला श्रीवास्तव ने कहा कि आप कितनी संख्या में चल रहे हैं। यह मायने नहीं रखता, मायने ये रखता है कि आप प्रत्याशी होने से पहले समाज से कितने जुड़े रहे हैं। पंकज बैंक में व्यस्त रहते हुए भी समाज में अपनी पहचान बनाई है। ऐसे प्रत्याशी को देखकर लोग काफी खुश नजर आ रहे हैं। हर मुहल्ले में अधिक संख्या में लोग उनके व्यक्तित्व और कृतित्व से प्रभावित नजर आ रहे हैं।

### साहित्य का संबंध जनता से होता है : शमीम

**मेदिनीनगर।** लोकप्रिय वरिष्ठ शायर शमीम जौहर की अध्यक्षता में एदारा-ए-फिक्र-ओ-अदब के पुनर्गठन के उद्देश्य से बैठक का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित उर्दू साहित्य से जुड़े तमाम लोगों ने वर्तमान परिपेक्ष में साहित्य के उद्देश्यों की चर्चा की। चर्चा के दौरान निर्णय लिया गया कि साहित्य से जुड़े व्यक्तित्व को सम्मान प्रदान करना साहित्यकारों का प्राथमिक कर्तव्य है। इसी के साथ एक स्तरीय साहित्य की रचना के लिए एक दूसरे साहित्यकारों की रचनाओं समीक्षा व आलोचना आवश्यक है। क्योंकि साहित्य का संबंध जनता के साथ होता है। आवाम को केंद्र में रखकर जिन रचनाओं का सृजन किया जाता है वह कालजयी होता है। बैठक के अंत में एदारा-ए-फिक्र-ओ-अदब की एक नई कमेटी का निर्माण किया गया। सर्वसम्मति से एदारा-ए-फिक्र-ओ-अदब की नई कमेटी के सरपरस्त शमीम जौहर, सदर (अध्यक्ष) नौशाद अहमद खां और सेक्रेटरी डॉक्टर इंतखाब असर को बनाया गया। बैठक में भविष्य की रणनीति और कार्यक्रम भी तय किए गए। मौके पर डॉक्टर तस्लीम आरिफ, डॉक्टर इंतखाब असर, प्रगतिशील लेखक संघ के जिला सचिव नुदरत नवाज, एमजे अजहर, अरशद जमाल, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### संविधान हर वर्ग को अधिकार देता है : उदय

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 243 टी० समाज के हर वर्ग को राजनीतिक भागिदारी और प्रतिनिधित्व का अधिकार दिलाता है। इसे रोटेशन कहते हैं। इसलिए इसको बदलने या इसके साथ छेड़-छाड़ करने का अधिकार किसी भी राज्य सरकार को नहीं है। मोर्चा अध्यक्ष ने कहा कि सरकार जनसंख्या का आधार मान कर मेयर या जिला परिषद् जिला परिषद् अध्यक्ष के सीटों को आरक्षित करती है तो राँची सहित झारखण्ड के सभी मेयर सीट ओबीसी के लिए आरक्षित होनी चाहिए।

### आजसू ने किया आरक्षण बढ़ाने की मांग

**मेदिनीनगर।** आजसू के केंद्रीय सचिव सतीश कुमार ने आरक्षण बढ़ाने के मांग पर राजद के सांसद के बयान का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सभा में ओबीसी को 52 प्रतिशत आरक्षण की मांग उठी है। आजसू पार्टी पिछले कई वर्षों से जनसंख्या अनुपात में ओबीसी समुदाय को 52 प्रतिशत आरक्षण देने की आंदोलन करते रहा है। झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने पिछड़ा वर्ग को केवल ठगने और गुमराह करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि आरक्षण पर गुरुवार को राज्य सभा में राजद के सांसद मनोज झा ने ओबीसी वर्ग को 52 प्रतिशत आरक्षण देने की आवाज उठाई है। जिससे आजसू पार्टी के आंदोलन का राष्ट्रीय स्तर पर संसद में आवाज बुलंद हुई है। इसके लिए उन्होंने राजद के आभार जताया। सभी लोगों को इस आंदोलन में और भी मजबूती से समाज आगे आने को कहा तभी पिछड़ा वर्ग के हक अधिकार सुरक्षित रहेगा।

# डीसी ने जनता दरबार में जाना जिले का दर्द

**दिव्यांग किरण को ट्राई साइकिल मिला** | **विभिन्न मामलों को लेकर बीडीओ-सीओ तलब**



### जनता दरबार में पेंशन से जुड़े 9 मामले आये

आज के जनता दरबार में विभिन्न प्रखंडों से जुड़े 9 मामले आये। जिसमें वृद्धा पेंशन एवं विधवा पेंशन शामिल थे। उपायुक्त ने सभी पेंशन संबंधित आवेदन को संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी को अग्रसारित करते हुए 15 दिनों के भीतर स्वीकृत करने का निर्देश दिया। आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास व म्यूटेशन से जुड़े आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर 15 दिनों के भीतर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने शुक्रवार को जिले का दर्द समझने का प्रयास किया। समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय वेश्म में जनता दरबार का आयोजन किया। इसमें जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी-अपनी समस्याओं को डीसी के समक्ष रखा। प्राप्त मामलों का निष्पादन के लिए उपायुक्त ने संबंधित विभाग को भेज दिया। जनता दरबार के पूर्व उपायुक्त श्री दोड्डे ने पाटन की दिव्यांग महिला किरण कुमारी का मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना संबंधित आवेदन को स्वीकृत कर भुगतान की प्रक्रिया आरंभ करवाया। साथ ही उक्त महिला को ट्राई साइकिल भी प्रदान किया। ज्ञातव्य है कि 8 दिसंबर को किरण कुमारी ने जिला भ्रमण पर आये मुख्यमंत्री से मिलकर मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के लाभ हेतु आवेदन दिया था।

**उपायुक्त ने विभिन्न मामलों को लेकर कई बीडीओ-सीओ को किया फोन** : जनता दरबार में आये विभिन्न फरियादियों के मामलों के निष्पादन हेतु उपायुक्त ने छत्तरपुर सीओ, हरिहरगंज सीओ, सदर एसडीओ, चैनपुर बीडीओ, विभिन्न अंचलाधिकारी समेत कई पदाधिकारियों को ऑन स्पॉट फोन कर मामलों का तेज गति से निष्पादित करने हेतु निर्देशित किया।

# लिलिपुट स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक एक्टिविटी कार्यक्रम सम्पन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नावाटोली स्थित लिलिपुट स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक एक्टिविटी कार्यक्रम आयोजित किया गया। जो 14 दिसंबर से शुरू होकर 16 दिसंबर को सम्पन्न हुआ। इसमें स्कूल के सभी बच्चों के बीच ताइक्वांडो, स्केटिंग और डांस की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इसमें स्कूल के सभी बच्चों ने हिस्सा लिया। स्कूल की प्राचार्या रेणु गोयल ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिता आयोजित करने का उद्देश्य बच्चों का पढ़ाई के अलावा हर क्षेत्र में विकास करना है। जिससे वो आने वाले समय में हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय आने वाले बच्चों के अलावा सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। स्कूल के डायरेक्टर राजीव गोयल ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वो अपने बच्चों को कम से कम अनुपस्थित करवाएं ताकि वो हर एक्टिविटी को ज्यादा से ज्यादा सीख सकें। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने में रश्मि हिम्मतरामका, श्याम किशोर तिवारी, उजाला रानी, राणा अमित सिंह, मन्नत सिंह बग्गा इन सभी की भूमिका सक्रिय रही।

# वरदान ट्रस्ट ने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में लगातार बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं बेहद चिंतनीय है। इसी के मद्देनजर वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा शुक्रवार को गिरिवर हाई स्कूल नदी किनारे में सिनियर क्लास के बच्चों के बीच सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें सबसे पहले रोड सेफ्टी से जुड़ी बातों की जानकारी दी गई। सभी बच्चों से यह शपथ दिलाई गई कि बिना लाइसेंस के उम्र से पहले वो गाड़ी नहीं चलाएंगे और बिना हेलमेट के कभी गाड़ी नहीं चलाएंगे। क्योंकि उनके जीवन पर सिर्फ उनका ही नहीं बल्कि उनके परिवार और समाज का भी हक है। संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा ने अच्छी कंपनी के हेलमेट और अच्छे ढंग से पहनने की अपील की। तय गति सीमा में ही गाड़ी चलाने की बात कही। स्कूल के प्राचार्य नीरज द्विवेदी ने भी बच्चों को सड़क सुरक्षा नियम अपनाने की गुजारिश की। ट्रैफिक इंस्पेक्टर रामजीत सिंह ने इस मौके पर अपनी बात रखते हुए सड़क पर हमेशा रहने, हेलमेट पहनने और बिना लाइसेंस के गाड़ी न चलाने की अपील की। इस अवसर पर संस्था के अन्य सदस्यों ने भी अपने विचार रखे। मुख्य तौर पर राखी सोनी, अमित श्रीवास्तव, अभाविप की दीक्षा कुमारी, कंचन गुप्ता मौजूद थे।

# सफलतापूर्वक 11 वर्ष बीत जाने पर जवानों ने जश्न मनाया



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड पुलिस में कार्यरत जवानों ने सफलतापूर्वक 11 वर्ष बीत जाने पर गुरुवार को केट काट कर जश्न मनाया। जिन पुलिसकर्मियों का 11 वर्ष बीत चुका है वे सभी लोग एक साथ मिलकर एक दूसरे को बधाई देकर केक व मिठाई खिलाया। इस अवसर पर पलामू एसपी चंदन सिन्हा ने झारखण्ड पुलिस में 11 वर्ष बीता चुके सभी जवानों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आगे भी जवान इसी तरह अपने जीवन व्यतीत करें और बेहतर कार्य करें। इसके बाद पुलिस कर्मियों ने पलामू पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा को केक खिलाकर उनसे आशीर्वाद लिया। इसी तरह लेस्लीगंज के जवानों ने भी केक काटकर 11 वर्ष बीत जाने पर अपनी खुशी का इजहार किया। एक दूसरे को बधाई दी। मौके पर लेस्लीगंज डीएसपी, लेस्लीगंज थाना प्रभारी गौतम कुमार, एएसआई अभय त्रिपाठी, जवान उत्तम कुमार, रोहित कुमार, अनिल कुमार, मुन्ना सिंह, धर्मेन्द्र पाल सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी व जवान मौजूद थे।

### एनालाइजर मशीन से अल्कोहल जांच व वाहन चेकिंग अभियान जारी



**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर ट्रैफिक रामजीत सिंह के नेतृत्व में शहर के सदिक चौक के पास दो पहिया, चार पहिया वाहन व बस चालकों को रोककर उनके मुंह में एनालाइजर मशीन लगाकर अल्कोहल की जांच की गई। इसी के क्रम में ट्रैफिक प्रभारी द्वारा सभी दो पहिया चार पहिया वाहनों की कागजात की भी जांच की गई। जिन वाहनों के कागजात नहीं पाए गये। उन्हें फाइन के लिए डीटीओ के पास भेजने की प्रक्रिया चल रही है।

### टेट पास पारा शिक्षकों की याचिका खारिज

**मेदिनीनगर।** पलामू सहित पूरे राज्य के टेट पास पारा शिक्षकों समायोजन के मामले में शुक्रवार को झारखंड हाई कोर्ट ने चीफ जस्टिस डॉ रवि रंजन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने फैसला सुनाते हुए याचिका खारिज कर दी है। हाईकोर्ट ने चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में 30 नवंबर को फैसला सुरक्षित रखा था। उस दिन दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई थी। पारा शिक्षकों के मामले की सुनवाई के दौरान झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा 2021 में गठित कमेटी की रिपोर्ट पेश किया गया था। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कहा गया कि पारा शिक्षकों को जो वेतन मिलता है वह सहायक शिक्षक के बराबर मिलना चाहिए। यह कहा गया कि वह लंबे समय से पारा शिक्षक के रूप में काम कर रहे हैं। ऐसे में उन्हें रेगुलर किया जाना चाहिए। प्रार्थी सुनील कुमार यादव व अन्य समेत करीब 113 याचिकाएं पारा शिक्षकों के सहायक शिक्षक के रूप में वेतन एवं नियमितीकरण के मामले में हाईकोर्ट में दाखिल की गई है। याचिका में कहा गया है कि पारा शिक्षक के पद पर हुए 15 वर्ष से अधिक समय से काम कर रहे हैं। वे शिक्षक पद की अहर्ता पूरी करते हैं। राज्य सरकार उनकी सेवा को स्थाई करें और उन्हें सहायक शिक्षक के पद पर समायोजित किया जाए। साथ ही समान कार्य के बदले समान वेतन दिया जाए।

### आग लगने से मुर्गा दुकान जला

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक फुटपाथ दुकान में शुक्रवार को अचानक आग लग गयी। आग लगने से आग में मुर्गा दुकान समेत कई छोटे दुकान बड़े दुकान जलकर राख हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी छतरपुर थाना को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही छतरपुर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर। आग लगने की सूचना अग्निशमन को दी अग्निशमन की वाहन पहुंचने तक दुकान का सारा सामान जलकर राख हो चुका था।

# भैंस लदा ट्रक जब्त, चार गिरफ्तार




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नावा बाजार थाना प्रभारी दीपक कुमार दास ने इटको मोड़ एनएच 98 मुख्य पथ से गश्ती के दौरान रात्रि 2.30 बजे लातेहार की ओर से कानपुर जा रही तस्करों के द्वारा हत्या के लिए क्रूरता पूर्वक 24 भैंस को बांधकर एक ट्रक में वाहन नंबर बीआर 24 जीबी 5051 को पकड़कर भैंस व वाहन सहित चार लोगों को गिरफ्तार की। गिरफ्तार में नईम अंसारी पिता सलीम अंसारी ग्राम डिहरिया थाना रेहला (चरवाहा), जसीमुद्दीन अंसारी पिता शहाबुद्दीन अंसारी, मोहम्मद सादिक पिता मोहम्मद इबरार शेरघाटी बिहार तथा आनंद कुमार पिता श्याम रविदास (खलासी) ग्राम अफजलपुर शेरघाटी का नाम शामिल है। समाचार लिखे जाने तक प्राथमिकी की प्रक्रिया चल रही है। नावा बाजार थाना प्रभारी दीपक कुमार दास ने बताया कि पशु क्रूरता अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार लोगों को जेल भेज दिया जाएगा। जब्त वाहन व मवेशी का कोई कागजात नहीं है। हत्या के लिए तस्करों ने मवेशी को बाहर ले जा रहे थे।

# भाकपा 26 को करेगा उपायुक्त के समक्ष प्रदर्शन

**मेदिनीनगर।** भाकपा के हुसैनाबाद अंचल कमिटी की बैठक कामरेड भोला सिंह की अध्यक्षा में हुई। बैठक में सर्वसम्मति पार्टी के वरिष्ठ नेता सूर्यपत सिंह ने कहा कि आज की पूंजीवादी पार्टी के पैसे का खेल कर रही है। भाजपा की मोदी सरकार के राज में आम जनता से बड़े पैमाने पर जीएसटी एवं कई तरह के टैक्स वसूलकर परेशान किया जा रहा है। बड़े कारपोरेट घरानों का कर्ज माफ किया जा रहा है। सरकारी कंपनियों को प्राइवेट के हाथों बेचा जा रहा है। ऐसी परिस्थिति में भाकपा को मजबूत होकर लड़ना पड़ेगा। पार्टी के जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी ने कहा कि हुसैनाबाद अंचल का जपला सिमेंट फैक्ट्री तो भाजपा के राजपाठ में तो बिक ही गया। इस सैकड़ों एकड़ के जमीन में नया उद्योग लगाने की ताकि इस इलाके के हजारों लोगों को रोजगार मिल सके। कामरेड भोला सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद अंचल कार्यालय में दाखील खारीज रसीद एवं आनलाइन में लुट मचा हुआ है। वहीं प्रज्ञा केंद्र एवं ग्राहक सेवा केंद्र में नाजायज तरीके से पैसा का उगाही हो रहा है। बैठक को नगर सचिव सुरेश ठाकुर, अभय कुमार भूइंया, ने संबोधित किया। बैठक में अंचल सचिव गणेश सिंह ने कहा कि 26 दिसंबर को उपायुक्त के समक्ष प्रदर्शन के इस इलाके से सैकड़ों लोग शामिल होंगे। बैठक में सरयू सिंह, धर्मदेव राम, चितरगुन, अर्जुन प्रजापति, असलम खान, बलिराम सिंह, बीफन राम, सीता राम सहित कई लोग उपस्थित थे। बैठक में देवरी शाखा का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से धर्मदेव राम को शाखा सचिव को चुना गया।

### सुदर्शन व रामाशंकर के बीच दो गोला का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छतरपुर प्रखंड में खोढ़ी पंचायत स्थित डिहवार स्थान के प्रागंण में भोजपुरी मगध सम्राट सुदर्शन यादव अरवल बिहार व ब्यास रामाशंकर सिंह आरा बिहार के बीच शानदार दो गोला सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन ईश्वरी साव, केश्वर साव तथा छतरपुर प्रखंड के मुखिया संघ के अध्यक्ष सह खोढ़ी पंचायत मुखिया पुरन यादव के द्वारा संयुक्त रूप से फिता काटकर किया। मंच का संचालन लाला ठाकुर ने की। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन खोढ़ी गांव के कवली कुंवर के श्राद्ध कार्यक्रम के अवसर पर आयोजित की गई थी। कार्यक्रम में काली कुमार के परिजनों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में पहुंचे अतिथि सहित सैकड़ों लोगों को पगड़ी बांध व माला पहनाकर सम्मानित किया। दोनों ब्यास द्वारा गणेश वंदना सुमिरन से प्रारंभ कर एक से एक गीत व प्रसंग गाकर श्रोताओं को रात भर झुमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में रेशमा, पूजा, खुशबू चार नृत्यगाना अपनी कलाओं से कार्यक्रम में चार चांद लगा दी। मौके पर उप मुखिया सुरेश राम, संतोष पासवान, छोटु सिंह, रघु यादव, राजेंद्र यादव, रामबचन यादव, आनंद यादव, अशोक प्रसाद गुप्ता, कमलेश यादव, रितेश यादव, कमलेश राम, पिंटु यादव, अर्जुन गुप्ता, बिनोद रजक मौजूद थे।

# जानिये- पलामू प्रमंडल में कब से कब तक कौन -कौन सी ट्रेनें हैं रद्द

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण ट्रेनों के परिचालन में अस्थायी बदलाव। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विरेंद्र कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया की धनबाद मंडल के गढ़वा रोड, तोलरा एवं रजहरा स्टेशनों पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के मद्देनजर ट्रेनों के परिचालन में निम्नानुसार बदलाव किया गया है।

**मार्ग परिवर्तन :** 14 से 29 तक जबलपुर से प्रस्थान करने वाली 11447 जबलपुर-हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस 6 का परिचालन वाया जबलपुर-कटनी साउथ-प्रयागराज छिवकी-पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं.-गया-धनबाद के रास्ते किया जाएगा। 14 से 29 तक हावड़ा से प्रस्थान करने वाली 11448 हावड़ा-जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस का परिचालन धनबाद-गया-पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं.-प्रयागराज छिवकी-कटनी साउथ-जबलपुर के रास्ते किया जाएगा। 18 एवं 25 को रांची से प्रस्थान करने वाली 12453 रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस का परिचालन रांची-बोकारो स्टील सिटी-राजाबेरा-नेसुबो गोमो-गया-पंडित दीन दयाल उपध्याय जं.-चुनार के रास्ते किया जाएगा। 17 एवं 24 को नई दिल्ली से प्रस्थान करने वाली 12454 नई दिल्ली-रांची राजधानी एक्सप्रेस का परिचालन चुनार-पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं.-गया-नेसुबो गोमो-राजाबेरा-बोकारो स्टील सिटी-रांची के रास्ते किया जाएगा। 21 को रांची से प्रस्थान करने वाली 20407 रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस का परिचालन रांची-बोकारो स्टील सिटी-राजाबेरा-नेसुबो गोमो-गया-पंडित दीन दयाल उपध्याय जं.-चुनार के रास्ते किया जाएगा। 22 को नई दिल्ली से प्रस्थान करने वाली 20408 नई दिल्ली-रांची राजधानी एक्सप्रेस का परिचालन चुनार-पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं.-गया-नेसुबो गोमो-राजाबेरा-बोकारो स्टील सिटी-रांची के रास्ते किया जाएगा। 15 से 26 तक टाटा/संबलपुर से प्रस्थान करने वाली 18101/18309 टाटा/संबलपुर-जम्मूतवी एक्सप्रेस का परिचालन मुरी-बोकारो स्टील सिटी-राजाबेरा-नेसुबो गोमो-गया-पंडित दीन दयाल उपध्याय जं.-चुनार के रास्ते। 14 से 28 तक जम्मूतवी से प्रस्थान करने वाली 18102/18310 जम्मूतवी-टाटा/संबलपुर एक्सप्रेस का परिचालन चुनार-पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं.-गया-नेसुबो गोमो-राजाबेरा-बोकारो स्टील सिटी-मुरी के रास्ते किया जाएगा। 14 से 27 तक रांची/संबलपुर से प्रस्थान करने वाली 18611/18311 रांची/संबलपुर-बनारस एक्सप्रेस का परिचालन मुरी-बोकारो स्टील सिटी-नेसुबो गोमो-गया-डेहरी ऑन सोन के रास्ते किया जाएगा। 14 से 27 तक बनारस से प्रस्थान करने वाली 18612/18312 बनारस-रांची/संबलपुर एक्सप्रेस का परिचालन डेहरी ऑन सोन-गया-नेसुबो गोमो-बोकारो स्टील सिटी-मुरी के रास्ते किया जाएगा। 19 एवं 26 को हावड़ा से प्रस्थान करने वाली 13025 हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस का परिचालन धनबाद-गया-डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-मानिकपुर-सतना-कटनी-कटनी मुडवारा के रास्ते किया जाएगा। 14 एवं 21 को भोपाल से प्रस्थान करने वाली 13026 भोपाल-हावड़ा एक्सप्रेस का परिचालन कटनी मुड़वारा-कटनी-सतना-मानिकपुर-प्रयाराज छिवकी-डीडीयू-गया-धनबाद के रास्ते किया जाएगा। 16 एवं 23 को सांतरागाछी से प्रस्थान करने वाली 18009 सांतरागाछी-अजमेर एक्सप्रेस का परिचालन कटनी मुड़वारा-कटनी-सतना-प्रयागराजछिवकी-डीडीयू-गया-गोमो-बोकारो स्टील सिटी-मुरी के रास्ते किया जाएगा। 18 एवं 25 को अजमेर से प्रस्थान करने वाली 18010 अजमेर-सांतरागाछी एक्सप्रेस का परिचालन मुरी-बोकारो स्टील सिटी-नेसुबो गोमो-गया-पंडित दीन दयाल उपध्याय जं.-प्रयागराज छिवकी-मनिकपुर-सतना- कटनी-कटनी मुड़वार के रास्ते किया जाएगा। 17 एवं 24 को कोलकाता से प्रस्थान करने वाली 19414 कोलकाता-अहमदाबाद एक्सप्रेस का परिचालन धनबाद-गया-डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-मानिकपुर-सतना-कटनी-कटनी मुडवारा के रास्ते किया जाएगा। 14 एवं 21 को अहमदाबाद से प्रस्थान करने वाली 19413 अहमदाबाद-कोलकाता एक्सप्रेस का परिचालन कटनी मुड़वारा-कटनी-सतना- मनिकपुर-प्रयाराज छिवकी-डीडीयू-गया-धनबाद के रास्ते किया जाएगा। 15 एवं 22 को कोलकाता से प्रस्थान करने वाली 19607 कोलकाता-मदार जं. एक्सप्रेस का परिचालन धनबाद-गया-डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-मनिकपुर-सतना-कटनी-कटनी मुडवारा के रास्ते किया जाएगा। 19 एवं 26 को मदार जं. से प्रस्थान करने वाली 19608 मदार जं.-कोलकाता एक्सप्रेस का परिचालन कटनी मुड़वारा-कटनी- सतना- मनिकपुर-प्रयाराज छिवकी-डीडीयू-गया-धनबाद के रास्ते किया जाएगा।

**आंशिक समापन/प्रारंभ :** 15 से 29 तक बरकाकाना से प्रस्थान करने वाली 03341 बरकाकाना-डेहरी ऑन सोन पैसेंजर स्पेशल का आंशिक समापन बरवाडीह में। 15 से 29 तक डेहरी ऑन सोन से प्रस्थान करने वाली 03342 डेहरी ऑन सोन-बरकाकाना पैसेंजर स्पेशल बरवाडीह से प्रस्थान करेगी। 15 से 29 तक रांची से प्रस्थान करने वाली 18613 रांची-चोपन एक्सप्रेस का आंशिक समापन टोरी में। 16 से 30 तक चोपन से प्रस्थान करने वाली 18614 चोपन-रांची एक्सप्रेस टोरी से प्रस्थान करेगी।




### परिचालन रद्द की गई ट्रेनें

18631 रांची-चोपन एक्सप्रेस का परिचालन 14 से 28 तक रद्द रहेगा। 18632 चोपन-रांची एक्सप्रेस 15 से 29 तक। 03343/03344 नेताजी सुभाष चंद्र बोस गोमो-चोपन-नेताजी सुभाष चंद्र बोस गोमो स्पेशल 15.12.2022 से 30 तक। 03359/03360 बरकाकाना-वाराणसी-बरकाकाना स्पेशल 15 से 30 तक। 18635 रांची-सासाराम एक्सप्रेस 14 से 29 तक। 18636 सासाराम-रांची एक्सप्रेस 15 से 30 तक। 13350 पटना-सिंगरौली एक्सप्रेस का परिचालन 23 से 28। 13349 सिंगरौली-पटना एक्सप्रेस 24 से 29 तक रद्द रहेगा।

## न्यूज गैलरी

### नप अध्यक्ष ने गरीब-असहाय लोगो के बीच कंबल का किया वितरण



**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नम्बर 9 स्थित नगर पंचायत कार्यालय के निकट शुक्रवार को 40 वृद्ध, असहाय, गरीब, दिव्यांग लोगो के बीच नगर पंचायत अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी, वार्ड पार्षद पुष्पा देवी ने संयुक्तरूप से कम्बल वितरण किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी ने कहा कि कड़ाके की पड़ रही ठंड को देखते हुये वृद्ध, असहाय, दिव्यांग व गरीबो के बीच कम्बल का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वृद्ध, असहाय,दिव्यांग व गरीबो की सेवा व मदद करना पुण्य का कार्य है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वार्डो में कम्बल का वितरण किया जा रहा है ताकि गरीब, असहाय, वृद्ध,विधवा व नि:शक्तों को ठंड से राहत मिल सके। मौके पर नगर प्रबंधक रवि कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### उपाधीक्षक ने विधायक प्रतिनिधियों को मांग पत्र सौंपा

**श्री बंशीधर नगर।** अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी ने क्षेत्रीय विधायक भानुप्रताप शाही से अनुमंडलीय अस्पताल के लिये एक एम्बुलेंस की मांग किया है। उन्होंने शुक्रवार को इससे सम्बंधित मांग पत्र क्षेत्रीय विधायक भानुप्रताप शाही के अनुमण्डल प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, विभूति भूषण चौबे, प्रखंड प्रतिनिधि लालमोहन यादव,अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम को सौंपा है।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भवनाथपुर टाउनशिप में मनाया गया विजय दिवस


**भवनाथपुर।** सरस्वती विद्या मंदिर भवनाथपुर टाउनशिप में गुरुवार को विजय दिवस का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के एसआई संदीप कुमार और संजीव कुमार ने भारत मां के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत कि। इस मौके पर राकेश आचार्य ने कहा कि भारत अपने लिए नहीं, बल्कि विश्व कल्याण के लिए जीता है। 1971 का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि विश्व में वह पहली घटना थी, जब भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तान के लगभग 93 हजार सैनिकों से आत्मसमर्पण कराया और उन्हें युद्ध बंदी बनाकर विजय पताका फहराया। इस विजय के उपलक्ष्य में संपूर्ण भारतवासी 16 दिसंबर को विजय दिवस मनाते हैं। मुख्य अतिथि संदीप कुमार ने अपने सैनिक जीवन से अवगत कराते हुए कहा कि कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी भारतीय सैनिकों का जोश कम नहीं होता है। वे निश्चय ही अपने मकसद में सफल होते हैं, जिसका परिणाम है यह विजय दिवस है। उन्होंने विजय दिवस मनाने के पीछे कारण बताया की नए पीढ़ी को यह बताना जरूरी है की हमारे सैनिकों का महत्व हमारे जीवन में क्या है । इस कार्यक्रम में सभी आचार्य , दीदी और कर्मचारी मौजूद थे।

### खलिहान में लगी आग, धान के 200 बोझा व 50 बोरा धान जलकर खाक



**चिनियां।** थाना क्षेत्र के रनपुरा गांव में शुक्रवार को एक किसान के खलीहान में भयंकर आग लग गई। जिससे देखते ही देखते खलीहान में रखे लगभग धान के 200 बोझा तथा खलिहान में ही रखा हुआ 50 बोरा धान जलकर पूरी तरीके से नष्ट हो गया। जिससे इस अगलगी से किसान को भारी क्षति का सामना करना पड़ा है। प्राप्त खबरों के अनुसार रनपुरा गांव निवासी किसान नंदकिशोर यादव शुक्रवार को सुबह ट्रैक्टर में लगे थ्रेसर से अपने खलीहान में धान को दवा रहे थे। इसी बीच थ्रेसर से निकली आग की लपट ने पूरा धान के बोझा व पास में ही रखे हुए 50 बोरा धान को अपनी चपेट में ले लिया, और देखते ही देखते धान की बोरा तथा धान के बोझा जलकर पूरी तरीके से नष्ट हो गया। वही लोगों की सूझबूझ से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन इस अगलगी के बाद किसान को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है। मामले में चिनिया प्रखंड विकास पदाधिकारी कालिदास मुंडा ने बताया कि रनपुरा गांव में अगलगी की सूचना मिली है, किसान का जो भी नुकसान हुआ है। फोटो के साथ आवेदन प्रखंड कार्यालय को समर्पित करें। नुकसान हुए फसलों का आकलन कर किसान को उचित मुवावजा दिलवाने की पूरी कोशिश की जाएगी ।

# प्रकृति का ह्रास... काटे जा रहे जंगल, घट रहे वन्य जीव



## बिरसा नगर के पास से वर्षों पूर्व लगाया गया खैर के पेड़ को तस्करों ने काटा, विभाग मौन

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर उतरी वन क्षेत्र के मकरी बरवारी बिरसा नगर के पास वन विभाग द्वारा लगाया गया वर्षों पूर्व खैर की लकड़ी का बड़े पैमाने पर तस्करी करने का मामला आया है। जिसमे वन विभाग की संलिप्त से इनकार नही किया जा सकता। इसकी खबर घटना स्थल से मीडिया के द्वारा रेंजर प्रमोद कुमार ठाकुर को देने के बावजूद दो घण्टे तक कोई कर्मी को नही पहुंचे। बताते चले कि शुक्रवार को एक ग्रामीण के द्वारा मीडिया को सूचना दी गई कि वनकर्मी के मिलीभगत से मकरी के बिरसा नगर के पास लगे प्लांटेशन में बड़े पैमाने पर दिन दहाड़े खैर की लकड़ी की तस्करी के लिए काटे जा रहे है। जिसमे अबतक लाखो रु के लकड़ी तस्कर लोग काट कर ले गए है। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे मीडिया के टीम को दो लोग आरा से लकड़ी चीरते दिखे परन्तु उक्त लोग समान छोड़कर भाग गए। घटना स्थल पर लगभग 40 से 50 बड़े व मोटे खैर की लकड़ी कटा पाया गया। जब इसकी सूचना दूरभाष पर रेंजर प्रमोद कुमार को दी गई तो उन्होंने तत्काल अपने कर्मो को घटना स्थल पर भेजने को बोला गया। परन्तु डेढ़ घण्टे तक मीडिया कर्मी जमे रहे और कोई कर्मी उपस्थित नही हुआ। बताते चले कि इसके पूर्व में भी वन क्षेत्र के कई इलाकों में वन कटाई का मामला प्रकाश में आया है ।

### बड़े पैमाने पर क्यों काटा जा रहा खैर की लकड़ी

ग्रामीणों ने इस संबंध में बताया कि दूसरे राज्य के तस्कर द्वारा यहां के लकड़ी काटी जा रही है। तस्करों द्वारा खैर की लकड़ी का कथा बनाये जाते है। कथा बजारो में बहुत बड़े महंगे मिलते हैं। इसलिए तस्करों द्वारा बड़े पैमाने पर खैर की लकड़ी काटा जा रहा है।

# सम्मान समारोह आयोजित कर 43 टीवी मरीजों को लिया गया गोद

नवीन मेल संवाददाता

**धुरकी।** समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत पूर्व से चिन्हित कुल 7 महिला समेत कुल 43 टीवी मरीजों को शुक्रवार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक सम्मान समारोह आयोजित कर गढ़वा सीएस अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में टीवी मुक्त भारत अभियान 2025 के तहत फूड बास्केट दिया गया। वही सभी टीवी मरीजों को गोद भी लिया गया। जिसमें 30 मरीज को धुरकी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिनेश कुमार सिंह, वहीं 5 मरीजों को आयुष चिकित्सक डॉक्टर आलोक पांडे, एवं अस्पताल के अकाउंटेंट मृगेंद्र कुमार सिंह ने 8 मरीजों को गोद लिया है। इस संबंध में डॉ दिनेश ने बताया कि सरकार के निर्देश पर हम लोग समुदायिक केंद्र के अंतर्गत जो पहले से चिन्हित मरीज हैं जिनको मुफ्त में दवा दी जाती है। उन्हें चिन्हित कर हम लोगों ने सतत स्वास्थ्य की देखरेख के लिए गोद लिया है।



### चिन्हित मरीज का होगा ऑपरेशन : डॉ दिनेश

डा दिनेश ने बताया कि शुक्रवार को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हाइड्रोसील के चिन्हित मरिजों को ऑपरेशन का इलाज के लिए हम लोगों ने पहले से 25 मरीजों को चिन्हित किया था। जिसमें दो मरिजों का हाइड्रोसील का ऑपरेशन जिला के कुशल सर्जन चिकित्सक डॉ वीरेंद्र कुमार के द्वारा किया गया। वहीं जांच में 6 लोगों को हर्निया का मरीज पाया गया। विही शेष हाइड्रोसील ऑपरेशन वाले लोगों को बारी-बारी से समय देकर ऑपरेशन किया जायेगा

## मुखिया ने दो योजनाओं का किया शिलान्यास, कहा

# हर सड़क को पक्कीकरण किया जायेगा

नवीन मेल संवाददाता

**केतार।** केतार प्रखंड क्षेत्र के मुकुन्दपुर पंचायत के मुखिया मुंगा साह ने शुक्रवार को 6 लाख 31हजार 744 रू की लागत से दो योजनाओं का आधारशिला रखा। उन्होंने बक्सीपुर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में 3 लाख 92 हजार 4 सौ रू की लागत से मनरेगा योजना से खेल मैदान और ताली गांव स्थित मध्य विद्यालय जाने वाली दो सौ फीट सड़क जो दो लाख 49 हजार 344 रू की लागत बनेगी का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया।इस मौके पर मुखिया मुंगा साह ने कहा की चुनाव के समय बक्सीपुर गांव के ग्रामीणों से वादा किया था की सबसे पहले विकास योजनाओं का शुभारंभ ताली गांव से ही करूंगा और स्कुल जाने वाली सड़क को बनवाऊंगा ,आज दोनो वादा पुरा किया। उन्होंने कहा की पंचायत में हर क्षेत्र में



विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा की मुकुन्दपुर पंचायत की हर कच्ची सड़क को पक्कीकरण किया जायेगा।इस पंचायत में खेल मैदान नहीं रहने से यहां के बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन नहीं कर पाते थे अब खेल मैदान का निर्माण होने से खेल प्रेमियों सहित खिलाड़ियों को भी अपने खेल का प्रदर्शन दिखाने का मौका मिलेगा। वहीं मुखिया मुंगा साह ने पंचायत के लोगों से शराब निर्माण और विक्री बंद कराने को लेकर जागरूक होने और सहयोग करने का आग्रह किया।इस मौके पर शिव पुजन साह, सुग्रीव साह, विश्वनाथ साह, शम्भु साह, कृष्णा साह, मुनिप साह, संतोष साह, नितिश भारद्वाज,अलताफ आलम, पंकज सिंह, प्रदुम्न सिंह,शिव सिंह, आनंद सिंह,दिनेश कुमार गुप्ता,मुना साह, रामराज साह, हजारी साह, आनन्द सिंह, पिंटू साह सहित अन्य लोग मौजूद थे

# बाइक की टक्कर से घायल युवक की मौत, मचा कोहराम

नवीन मेल संवाददाता

**चिनियां** थाना क्षेत्र के कोल्हूवा गांव निवासी स्वर्गीय राम लखन राम के 32 वर्षीय पुत्र सुनील राम जो पिछले दिन अज्ञात मोटरसाइकिल की टक्कर से घायल हो गया था। उसकी मौत बीती रात करीब 10 बजे रांची रिम्स में इलाज कराने ले जाने के दौरान लातेहार में हो गई । प्राप्त खबरों के अनुसार सुनील राम प्रत्येक दिन की तरह मजदूरी का काम करने के लिए पास के ही बिलैती खैर गांव में गया हुआ था । जहां दोपहर को वह खाना खाने के लिए अपने घर आ रहा था। इसी दौरान पीछे से अज्ञात मोटरसाइकिल ने सुनील को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे सुनील राम गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि मौके से अज्ञात मोटरसाइकिल सवार युवक अपने मोटरसाइकिल को लेकर भागने में सफल रहा। इधर आनन-फानन में परिवार वालों ने गंभीर रूप से घायल सुनील को बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में ले गए। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए घायल युवक को रांची रेफर कर दिया । वही रांची ले जाने के क्रम में रास्ते में ही लातेहार में सुनील राम की मौत हो गई । वही दूसरे दिन घर पर सुनील का शव पहुंचते ही परिवार वालों में रो-रोकर कोहराम मचा हुआ है तथा इस हुए अचानक घटना से गांव के लोग भी स्तब्ध है , वही सुनील राम अपने पीछे अपनी पत्नी तथा चार छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ चला गया, जहां अब इस परिवार वालों के सामने विकट स्थिति उत्पन्न हो जाएगी।

### बेलहथ गांव में स्कूली छात्रों के बीच पोशाक का वितरण

**कांडी।** प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत पतिला पँचायत के बेलहथ गांव स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के बीच ड्रेस व जूते का वितरण किया गया। बता दें कि पँचायत के युवा मुखिया अमित कुमार दुबे व प्रधानाध्यापिका कौशल्या देवी ने संयुक्त रूप से कुल 33 बच्चों के बीच ड्रेस व जूता का वितरण किया। ड्रेस व जूता पाकर बच्चे काफी खुश थे। वहीं मुखिया अमित कुमार दुबे ने सभी बच्चों को ससमय विद्यालय पहुंचकर दिलोजान से पढ़ने की बात कही। साथ ही शिक्षकों से भी उन्होंने आग्रह किया है कि ग्रामीण क्षेत्र में गुजर बसर करने वाले गरीब, किसान व मजदूर के बेटे ही आपके विद्यालय में आते हैं, जिन्हें ठीक तरीके से पढ़ाने-लिखाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं। उनकी जिंदगी संवारना शिक्षकों के हाथ में है।

# नियमों को ताक पर रखकर डंडई में नदियों से हो रहा बालू का उठाव

नवीन मेल संवाददाता

**डंडई।** नदी से बालू उठाव मामले में अनियमितता का मामला प्रकाश में आया है । खान एवं भूतत्व विभाग अधिनियम 2017 के अनुसार प्रखंड के यूरिया नदी बालू घाट से बालू उठाव कराने की जिम्मेवारी डंडाई पंचायत को दी गई है । लेकिन उक्त पंचायत के जनप्रतिनिधि से बालू का उठाव न करा करके पंचायत के जनप्रतिनिधियों से बालू का उठाव कराना शुरू कर दिया गया है । जबकि जिले के 14 बालू घाटों में डंडाई पंचायत को छोड़ करके पंचायत का कहीं भी नामोनिशान नहीं है । बालू उठाव के लिए छपवये गए पर्ची व उस पर लगे मुहर में स्पष्ट रूप से करके पंचायत का नाम लिखा हुआ है । शुक्रवार की अहले सुबह डंडई पावर सब स्टेशन स्थित यूरिया नदी बालू घाट से ट्रैक्टर पर बालू लोड हो रहे ट्रैक्टर चालक रामवृक्ष चौधरी द्वारा दिखाए गए पर्ची पर उक्त विवरनी को देखा गया । पूछने पर उन्होंने बताया कि स्थानीय मुखिया बिंदा देवी के द्वारा नदी से बालू उठाव करने के लिए हस्ताक्षर व मुहर युक्त पर्ची दिया गया था ।उसके बाद ही मैं नदी से बालू का उठाव कर रहा हूँ ।वहीं मुखिया प्रतिनिधि ललन चौधरी ने बताया कि अंचलाधिकारी चोनाराम हेम्ब्रम के द्वारा उक्त नदी बालू घाट से बालू उठाव कराने के लिए लिखित रूप में निर्देश दिया गया है। उसके बाद ही बालू का उठाव कराया जा रहा है । उन्होंने कहा कि बीते गुरुवार 15 दिसंबर को प्रखंड के वीडियो सोमा उरांव व अंचलाधिकारी चोना राम हेम्ब्रम की संयुक्त उपस्थिति में उक्त नदी बालू घाट से बालू उठाव कराने की विधिवत शुरूआत भी की गई है । मामले में अंचलाधिकारी सीधे तौर पर खान एवं भूतत्व विभाग अधिनियम 2017 को अपने हाथों में लेते दिख रहे हैं। क्योंकि उक्त अधिनियम के तहत जिले के 14 नदी बालू घाटों में कहीं भी करके पंचायत का नाम दर्ज नहीं है ।

## किसान गोष्ठी सह सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित, बोले जिप अध्यक्ष

# किसानों का सम्मान होना अतिआवश्यक

नवीन मेल संवाददाता

**रमना।** ग्राम भागोड़ीह में किसान गोष्ठी सह सम्मान समारोह कार्यक्रम गुरुवार को विवेक फाउंडेशन एवं बीओडी रमना के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी एवं कुर्मी महासभा जिला संयोजक गोरखनाथ चौधरी, मदन पटेल, अखिलेश पटेल, राजेश्वर चौधरी, अर्जुन चौधरी, बीआरपी संयुक्ता देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया।

मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में किसानों का सम्मान होना अति आवश्यक है। आगे उन्होने कहा कि किसानों को सहयोग करना एक



पुण्य का कार्य है। यही अन्नदाता है जो सबको भोजन उपलब्ध कराते हैं । मैं सभी अन्नदाताओ के सुख दुःख में साथ खड़ी थी और आगे भी रहूंगी।

वही गोरखनाथ चौधरी ने कहा कि अखंड भारत के धैर्यवान, उदार विचार वान, अखंड भारत के प्रतीक थे। अतैव हम सभी भारतीय इनके सभी विचारों को अक्षरसह पालन करने का पूर्ण संकल्पित है। अतः लौह पुरुष के 72 वें पुण्यतिथि के अवसर पर विवेक नगर भागोडिह के किसान गोष्ठी मंच से हम सभी संकल्प लेते हैं कि उनके पद चिन्हों पर चलता रहूंगा।

अखिलेश पटेल, राजेश्वर चौधरी, मदन पटेल, बीआरपी संयुक्ता देवी ने भी किसानों को संबोधित किया। किसानों के बीच विवेक फाउंडेशन के द्वारा कृषि यंत्र का वितरण किया गया। एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर गोविंद चौधरी, हरिहर महतो, सरयू चौधरी, महमूद अंसारी, बाल किशोर चौधरी, इंद्रदेव राम, चंदन पाल, रवि मेहता, गिरजा भुईयां, शिव मंगल रवि, उषा देवी, प्रतिमा देवी, पूनम देवी, सहित सैकड़ों किसान उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी ने प्रमिला देवी, उषा देवी, सरजू चौधरी के आम बागवानी का निरीक्षण किया।

### सेवानिवृत शिक्षक की पत्नी का निधन


**कांडी।** प्रखंड अंतर्गत पंचायत व गांव राणाडीह निवासी सेवानिवृत प्रधानाध्यापक श्याम सुंदर शर्मा की पत्नी मंजू देवी का बुधवार की रात निधन हो गया। वे 70 वर्ष की थीं। कुछ दिन पूर्व उन्हें बरियातु रांची के पल्स सुपर स्पेशलियटी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। मालूम हो कि बेहद मिलनसार व धार्मिक प्रवृति की महिला लकवा से पीड़ित थीं। वे प्रमंडल के प्रसिद्ध शिक्षाविद राहुल चतुवेर्दी, गोदरमा हाई स्कूल के शिक्षक राकेश शर्मा , पत्रकार वरुण शर्मा की मां व अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष सुनील दुबे की सासु माँ थीं। सुबह में उनका शव घर पहुंचते ही इलाके के लोगों का वहां तांता लग गया। कोयल नदी में मृतका का अंतिम संस्कार कर दिया गया। अंतिम संस्कार में मेदनीनगर के पूर्व बीईईओ पाण्डेय प्रेम प्रकाश शर्मा, एक्सीस बैंक राँची के शाखा प्रबंधक आलोक पाण्डेय, शिक्षक सूर्यकांत शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, भाजपा नेता रामलला दुबे, विनोद प्रसाद,मुखिया ललित बैठा, ब्रजमोहन मिश्रा, श्याम बिहारी दुबे सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल थे।

# चौकीदारों का जीवन बदहाल, स्पीकर पर छल करने का आरोप

## हमारे पूर्वज गुलामों की तरह थानों में बिना किसी मजदूरी के काम करते थे : सेवामुक्त चौकीदार

नवीन मेल संवाददाता

**रमना।** झारखण्ड राज्य में वर्ष 2016में कुल 528 सेवाबर्खास्त चौकीदार बदहाली कि जिंदगी जीने को विवश है,आज उक्त सभी लोग आर्थिक तंगी के कारण दर-दर भटक रहे है पर कोई भी इनकी सुनने को तैयार नहीं। आज परिस्थिति ऐसी हो गयी है कि यें सभी न घर के है और न घाट के। इस बढ़ती महंगाई और ऐसे समय में बर्खास्त किये गये कि इनकी हालत धोबी के कुत्ते जैसा हो गया है। यें मुहवारा बर्खास्त चौकीदारों कि स्थिति स्पष्ट करती है, आज इनको परिवार का भरण-पोषण करना दुर्लभ हो गया है। सेवा बर्खास्त चौकीदार आज समय के ऐसे पड़ाव पर है, जहां आगे गढ़ा पीछे खाई है न तो आगे जा सकते है और न पीछे। इनकी घर कि आर्थिक स्थिति दयनीय हो गया है इनके पास जो बचा-खुचा था वह भी केस और नेताजी से मदद मांगने में चला गया। जहां वकील साहब और नेताजी नें झूठे दिलासा देकर धन शोधन करते रहे लेकिन परिणाम इनके विपरीत ही है।



चौकीदारों कि नियुक्ति गृह विभाग पटना का पत्रांक-11287तिथि 20/12/1995, गृह विभाग राँची का पत्रांक -3472 तिथि 2/9/2009 एवं झारखण्ड सरकार के प्रधान सचिव गृह विभाग राँची का पत्रांक -4504 तिथि 21/07/2010 में यह स्पष्ट रूप से कहा गया है कि 1/1/1990के बाद सेवानिवृत चौकीदार के नामित आश्रितो को एक बार मौका दिया जाय। इसी आदेश के आलोक में एक बार सेवा निवृत चौकीदारों के आश्रितो कि नियुक्ति हुयी थी,' जो 2 से 6 वर्षो तक सेवा दे चुके हैं जिन्हे वंशवादी का हवाला देकर हटा दिया गया है।

### आज भी बिहार-झारखड को छोड़ कर देश के किसी भी राज्य में चौकीदार को सरकारी सेवक का दर्जा नहीं

सेवामुक्त चौकीदारों का कहना है कि जिस दिन हमारे पूर्वज गुलामों कि तरह थानो में बिना किसी मजदूरी के काम करते थे और गांव कि हर घटना कि जानकारी देते थे और जिसके बदले में किसी प्रकार का कोई वेतन नहीं था। खरवन (भीख ) मांग कर अपने परिवार का पालन पोषण करते थे। आज भी बिहार झारखण्ड को छोड़ कर देश के किसी भी राज्य में चौकीदार को सरकारी सेवक का दर्जा नहीं है।

राज्य अलग होने से पहले संयुक्त बिहार के चौकीदारों नें सरकारीकरण के लिए संघर्ष किया और आंदोलन से बाध्य होकर 1990इसवीं में तत्कालीन सरकार नें चौकीदारों को सरकारी दर्जा दिया, लेकिन सरकारी मान्यता होने के बाद वैसे चौकीदारों को कोई लाभ नहीं मिल पाया। जिनका सेवाउम्र पूर्ण होनें वाला था और वे सरकारी होने एक माह या एक वर्ष बाद ही सेवानिवृत होने वाले थे,'इस परिस्थिति को देखते हुए पत्रांक -11287तिथि 20/12/1995 गृह सचिव राजबाला बर्मा के समय यह आदेश दिया गया कि 1990 के बाद सेवानिवृत होने वाले सभी चौकीदारो के आश्रितो को एक बार मौका दिया जायेगा। इसी के आलोक में सेवानिवृत चौकीदारों के आश्रितो को बहाल किया गया, दूसरा बार किसी कि बहाली नहीं हुई है। फिर भी वंशवादी कहकर सभी को हटा दिया गया। वर्ष 2016 के बाद से ही बर्खास्त चौकीदार बर्खास्तगी के विरुद्ध संघर्ष कर रहे हैं। सरकार द्वारा मैट्रिक पास को बहाली में छूट देने कि कहा गया हैं लेकिन वैसे लोग जो मैट्रिक पास नहीं हैं उनके बारे में कोई छूट नहीं हैं, जिससे बर्खास्त चौकीदार इस फैसले से नाराज हैं। चौकीदारों नें विधान सभा अध्यक्ष पर भी छलने का आरोप लगाया हैं।

# मृतक के घर पहुंचे पूर्व विधायक परिजनों से भेंट कर बंधाया ढांढस



नवीन मेल संवाददाता

**केतार।** पुर्व विधायक व झामुमो नेता अनंत प्रताप देव शुक्रवार को केतरी गांव पहुंचकर मृतक सोनू कुमार के घर जाकर शोक व्यक्त किया और परिजनों को ढांढस बंधाया। पुर्व विधायक ने कहा की पिडीत परिवार को हर संभव मदद के लिए सदैव खड़ा रहुंगा। उल्लेखनीय है की केतरी गांव निवासी उमेश पटेल का ( 19 ) वर्षीय पुत्र सोनू कुमार की मृत्यु देवघर में मजदुरी करने के दौरान 6 दिसंबर को सिर पर चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के लिए रांची ले जाने के क्रम में रास्ते में ही मृत्यु हो गई थी।इस मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि सुरेन्द्र प्रसाद, कामेश्वर सिंह मुक्तेश्वर पांडे, राम बिचार साहू, उदय प्रसाद, सुरेश प्रसाद, प्रमोद कुमार, मदन पटेल,सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### मोटरसाइकिल से गिरकर एक महिला गंभीर रूप से घायल

**गढ़वा।** गढ़वा-चिनिया रोड में श्यामा के समीप मोटरसाइकिल से गिरकर एक महिला घायल हो गए उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा में लाया गया । घायल महिला डंडई थाना क्षेत्र के दत्वनिया गांव निवासी इमाम अंसारी के पत्नी रेहाना बीवी बताया गया है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि उसका पति गढ़वा से मोटरसाइकिल पर बैठा कर घर जा रहा था इसी बीच श्यामा के समीप अचानक ब्रेकर होने के कारण मोटरसाइकिल से गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसके बाद आसपास के लोगों के सहयोग से उठाकर सदर अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया है।

## न्यूज गैलरी

### सेन्हा पुलिस ने हत्या मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के नीचे तुरियाडीह निवासी स्व सोमरे उरांव का 55 वर्षीय पुत्र नकुल उरांव को सेन्हा पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेजा। वही थाना प्रभारी धनन्जय पासवान ने बताया कि आरोपी नकुल उरांव सेन्हा थाना कांड संख्या 96/21 का आरोपी है। जो काफी दिनों से फरार चल रहा था। जिसे गुप्त सूचना के आधार पर घर से गिरफ्तार किया गया है। साथ ही थाना प्रभारी धनंजय पासवान ने बताया की प्रेम प्रसंग में नकुल उरांव द्वारा प्रताड़ित करने पर एकागुड़ी निवासी दिनेश उरांव का पुत्र सुमित उरांव 26 दिसम्बर 2021 को फांसी लगा लिया था। जिससे उसकी मृत्यु हो गई थी। उसी आधार पर धारा 306, 201 तथा 120 बी के तहत आरोपी नकुल उरांव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### हाथों में तिरंगा लिए भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा निकाला विजय जुलूस

**लोहरदगा।** विजय दिवस के मौके पर भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट के द्वारा शुक्रवार को भव्य तरीके से विजय जुलूस निकाला गया। हाथों में तिरंगा लिए भूतपूर्व सैनिकों ने देशभक्ति के जज्बे को कायम रखने के लिए लोगों को प्रेरित किया। इस दौरान भूतपूर्व सैनिकों ने जिले के विभिन्न महापुरुषों, वीर सैनिको, समाजसेवियों के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। भूतपूर्व सैनिकों ने महापुरुषों की प्रतिमा को धोया और परिसर की साफ सफाई की। इसके पश्चात फूल मालाओं से सजाया और वहां पर वीर शहीदों को नमन किया। इस मौके पर मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। इसकी शुरूआत स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद मोटरसाइकिल जुलूस के साथ पूर्व सैनिक शहर के विभिन्न चौक चौराहे का परिभ्रमण कर महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मैना बगीचा में वीर सैनिकों के सम्मान में सभा का आयोजन किया गया। सभा मे भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट के संरक्षक, आर्मी रिटायर्ड सह समाजसेवी डॉ टी साहू ने कहा कि 16 दिसंबर 1971 का दिन भारतीय सेनाओं की वीरता को याद करने का दिन है। इस दिन भारतीय सेना ने पाकिस्तान सेना को धूल चटाया था और विजय का पताका लहराया था। इस दिन को पूरा देश गर्व से विजय दिवस के रूप में मनाती है। सभा के अंत में शहीदों के सम्मान में उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। इस मौके पर ट्रस्ट के संरक्षक सहदेव उरांव, जिलाध्यक्ष धर्मराज महतो, सचिव गोकुल उरांव समेत बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिक मौजूद थे।

### लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध चलाया गया जागरूकता अभियान

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड के एडेगा पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय रामजड़ी में लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जेएसएलपीएस के द्वारा किया गया। जिसमे डलसा और वन स्टॉप सेंटर द्वारा महिला हिंसा से पीड़ित महिलाओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं को जेंडर सीआरपी के द्वारा बताया गया। इसके अलावा बाल विवाह, बाल श्रम और महिला हिंसा के प्रकार, कारण और रोकथाम विषय पर भी जानकारी दिया गया। और नारे के साथ जागरूकता रैली निकाली गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम मे स्कूली बच्चों ने बड़-चढ़ कर भागीदारी लिए। जानकारी देने के बाद बच्चो से प्रश्नोत्तर कर प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किए बच्चो को प्रशस्ति पत्र दे कर उनका मनोबल बढ़ाया गया। इस कार्य क्रम में जेएसएलपीएस की जेंडर सीआरपी प्रमिला देवी और सुषमा देवी उपस्थित थे।

## भारत के सैन्य इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है विजय दिवस

# वेटरन्स इंडिया ने मनाया सैन्य विजय दिवस






**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** कचहरी परिसर के समीप वेटरन्स इंडिया के द्वारा सैन्य विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में रिटायर्ड कर्नल डा विलियम टेटे, जिप सदस्य शांतिबाला केरकेटटा, मुखिया जसिंता, विभाग प्रचारक समी जी उपस्थित थे। मौके पर अतिथियो ने देश के शहीद जवानों के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उन्होंने 1971 के युद्ध के दौरान सशस्त्र बलों के साहस और बलिदान को याद किया और इसे भारत के सैन्य इतिहास का स्वर्णिम अध्याय बताया। अतिथियों ने कहा कि स्वर्णिम विजय दिवस के अवसर पर हम साल 1971 के युद्ध के दौरान अपने सशस्त्र बलों के साहस और बलिदान को याद करते हैं। साल 1971 का युद्ध भारत के सैन्य इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। हमें हमारे सशस्त्र बल और उनकी उपलब्धियों पर गर्व है कि हमारे वीरों ने दमनकारी ताकतों से लड़ाई लड़ी और उन्हें हराया। भारतीय सैनिकों के इतिहास में या प्रथम सबसे बड़ा युद्ध विजय था, जिससे पूरी दुनिया में भारत की उभरती हुई शक्ति का आभास हुआ। हमे गर्व है कि सिमडेगा जिले के भी कई जवानों ने युद्ध में शामिल होकर देश का जिताने में अहम योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन वेटरेंस इंडिया के अध्यक्ष विष्णु महतो ने किया। कार्यक्रम में अतिथियों सहित कई पूर्व सैनिकों ने देश के लिए अपनी जान न्यौछावर करने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान अधिकारियों सहित अन्य लोगों ने शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर वीर शहीदो के लिए दो मिनट का मौन धारण करते हुए सभी शहीदों के आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना भी की गई।

**कारगिल युद्ध में शामिल होने वाले जवानों को किया सम्मानित**

कार्यक्रम में 1971 के युद्ध में शामिल होने वाले कई फौजी भी शामिल हुए थे। जिन्हें वेटरेंस इंडिया ने बुके और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। 1971 के युद्ध में लॉस नायक परमवीर अल्बर्ट एक्का के साथ युद्ध में शामिल जिले के कई जवान को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित रिटायर्ड नायक खिस्तोदास बा, सुबेदार कल्याण कुल्लू, एसआई विश्राम बाड़ा, रामशरण साहू, हिलारियुस बा, आनंद खेस लिवनुस किंडो, सॉमवेल डांग, राफेल कंडुलना, धर्मदास मिंज, हाबिल डांग, सुकरचंद, दशरथ नायक, स्व जयमसीह जोजो, स्व मनसिद्ध कंडुलना, स्व मार्टिन कुल्लू, स्व बरनाबस किड़ो, वी किड़ो, प्रभुदयाल कंडुलना, जोसेफ डुंगडुंग, सिलमोन टोप्पो, स्व रोयन होरो, मुरारी मांझी, बिरसु टोपनो, विलियम टेटे सहित कई सेवानिवृत सैनिको को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संघ के अध्यक्ष विष्णु महतो, विश्राम बाड़ा, जुलयस लकड़ा, बी मांझी, बेंजामिन मिंज, मतियस हरि, लिबनुस किंडो, सामुएल डांग, आनंद खेस, त्योफिल मिंज, फ्राइकलेन तिर्की आदि उपस्थित थे।

### परबा में जंगली हाथी ने किसानों की खड़ी फसलों को किया बर्बाद

**जलडेगा।** प्रखंड के परबा पंचायत अंतर्गत परबा पुटकल टोली में भोला मांझी, पिता जीतन मांझी तथा भादुलझुका टोली निवासी अघनु मांझी, पिता पेटू मांझी और रामदेव मांझी, पिता लोहरा मांझी के खेतों में लगी धान की खड़ी फसलों को बीती रात करीब 10 बजे झुंड से भटके एक जंगली हाथी ने फसलों को खाकर और रौंद कर बरबाद कर दिया। ग्रामीणों ने कहा की यह हाथी पोमिया गांव में पिछले 10 से 15 दिन से था, वन विभाग को इसकी सूचना भी दी गई थी लेकिन विभाग को बताने से भी कोई नहीं सुनता है। वहीं पीड़ित किसानों ने वन विभाग से जल्द मुआवजा देने को कहा है साथ ही हाथी को गांव से खदेड़ने के लिए उन्हे विभाग की कर्मियों से रात में ग्रामीणों का साथ देने के लिए कहा है।

## आईटीडीए व जिला कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं की डीसी ने की समीक्षा

# शत-प्रतिशत छात्र-छात्राओं की सूची सत्यापित कर छात्रवृति योजना से आच्छादित करने का दिया निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में आई.टी.डी.ए व जिला कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में उपायुक्त ने मुख्यमंत्री छात्रवृति योजना, पोस्ट मैट्रिक व प्री मैट्रिक छात्रवृति योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, अल्पसंख्यक कब्रिस्तान घेराबंदी, सरना/मसना स्थल घेराबंदी, आदिवासी संस्कृति कला केन्द्र/माँझी हाउस/घुमकुड़िया भवन निर्माण, बिरसा आवास निर्माण योजना, अल्पसंख्यक कियोस्क निर्माण योजना, एकलव्य मॉउल आवासीय विद्यालय निर्माण, सामुदायिक वनपट्टा सहित मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना की विस्तृत समीक्षा की।

उन्होंने छात्रवृति योजना की समीक्षा के क्रम में कहा कि विद्यालय के छात्र-छात्राओं की सूची हेतु शिक्षा विभाग से समन्वय स्थापित कर, शत-प्रतिशत विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की सूची का सत्यापित करते हुए छात्रवृति योजना से आच्छादित करने का निर्देश दिया। साथ ही पोस्ट मैट्रिक व प्री मैट्रिक छात्रवृति योजना का लाभ सुयोग्य लाभुकों को मुहैया कराने की बात कहीं। उन्होंने जिले में बने छात्रावास का जार्णोद्धार एवं मरम्मति से संबंधित कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2021-22 में कुल 204 आवेदन प्राप्त है। जिसके अंतर्गत विभिन्न कोटिवार स्वीकृति दिये गये आवेदनों की जानकारी ली। उन्होंने इस योजना के तहत पूर्व में जिस लाभुकों को लाभ दिए गये है उसकी प्रोपर मॉनिटरिग करते कहने का निर्देश दिया। तथा योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने अन्य महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये।

बैठक में आईटीडीए निदेशक सलन भुईंया, जिला कल्याण पदाधिकारी श्रीमती सरस्वती कच्छप व अन्य उपस्थित थे।

### अवैध उत्खनन के खिलाफ प्रशासन का चला डंडा, भारी मात्रा में जब्त हुए अवैध पत्थर



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** लगातार जिले भर में अवैध खनन को लेकर बार-बार छापेमारी की जा रही है। परंतु अवैध उत्खनन रुकने का नाम ही नहीं ले रही है। प्रशासन भी ऐसा माहौल देखकर पूरी तरह सख्ती से आ गई है। अवैध खनन को रोकने का प्रयास कर रही है। वहीं जिला के कोलेबिरा प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत गोबर धंसा में भारी मात्रा में अवैध पत्थर को कोलेबिरा प्रखंड अंचल अधिकारी के द्वारा भारी मात्रा में जब्त किया गया। जहां अवैध तरीके से पत्थर का खनन किया जा रहा था। प्रखंड अंचलाधिकारी हरीश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर अवैध खनन के खिलाफ कोलेबिरा अंचल नवाटोली पंचायत गोबरधंसा राजस्व ग्राम के अन्तर्गत अवैध पत्थर का भंडारण का पता चला जिसमें दो व्यक्तियों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है साथ ही उन्होंने यह भी कहा की अवैध उत्खनन के खिलाफ निरंतर अभियान जारी रहेगा। इस तरह का कार्य करने पर पूर्ण रूपेण रोक लगाने का कार्य किया जाएगा। आपको बताते चले कि कोलेबिरा में औचक निरीक्षण के दौरान गोबरधंसा राजस्व ग्राम में अवैध पत्थर भंडारण का पता चला था जो कि लगभग 10000 सीएफटी के आसपास है। स्थानीय लोगों से पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि उक्त भंडारण प्रमोद कुमार नाग पिता घांसीराम नाग पता कोलेबिरा एवं दूसरा मंजूर अली उर्फ बबलू खान पिता अफगान मियां पता कोलेबिरा दोनों ही व्यक्ति का अवैध रूप से पत्थर थाना कोलेबिरा जिला सिमडेगा के द्वारा जब्त किया गया। इन दोनों व्यक्तियों पर झारखंड खनिज समानुदान नियमावली 2004 के नियम 54 का उल्लंघन एवं खान एवं खनिज (विकास का विनिमय) अधिनियम की धारा 4/21 के तहत एवं इसके अलावा अन्य सुसंगत धाराओं के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज हुई।

### एसडीपीओ ने किया पेशरार थाना का निरीक्षण, थाना प्रभारी को दिया दिशा-निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**पेशरार/लोहरदगा।** जिले के अति सुदूरवर्ती व घोर उग्रवाद प्रभावित पेशरार थाना का शुक्रवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह के द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने फरार वारंटियों की पंजी, विभिन्न कांडों की समीक्षा की। साथ ही गिरफ्तारी पंजी, चौकीदार पंजी, स्थाई वारंट पंजी सहित अन्य अभिलेखों का समीक्षा किया। केस डायरी, थाना परिसर में साफ-सफाई, थाना भवन, बिजली पानी व्यवस्था को भी देखा। अभिलेखों की समीक्षा के बाद एसडीपीओ ने थाना प्रभारी को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कहा कि उग्रवाद और अपराध के खिलाफ अभियान को और तेज करें। एसडीपीओ ने फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी पर विशेष रूप से बल दिया। उन्होंने कहा कि विधि - व्यवस्था चुस्त दुरुस्त बनाए रखे।

व्यवस्था में खलल डालने वालो के खिलाफ त्वरित करवाई करें। अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें। इस दौरान एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह के द्वारा थाना प्रभारी मोहम्मद अख्तर अली से पूरे वस्तुस्थिति का जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि थाना में लंबित मामले के निपटारे में गति लाएं।

क्षेत्र में आपसी भाईचारा और शांति व्यवस्था बेहतर तरीके से बहाल कराने में सक्रिय भूमिका निभाएं। इधर एसडीपीओ के साथ लोहरदगा सेट सशस्त्र बल पेशरार थाना पहुंचे तथा पेशरार थाना का विधिवत निरीक्षण किये। इस दौरान थाना प्रभारी मोहम्मद अख्तर अली को निरीक्षण के उपरांत आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये।

### सड़क दुर्घटना में साइकिल चालक की दर्दनाक मौत

**लोहरदगा।** सदर थाना क्षेत्र के ग्राम हेसल मंगल टोली के बीच लोहरदगा चांपी रोड में सड़क दुर्घटना में साइकिल सवार की मौत हो गई। घटना करीब 6:30 शाम के करीब घटी है। इस दुर्घटना में हेसल मंगन टोली के रहने वाले कुंजन उरांव उम्र करीब 57 वर्ष की मौत हो गई है। बताया गया कि वह बाजार से अपने घर जा रहा था तभी मोटरसाइकिल सवार दो युवक ने उसे धक्का मार दिया जिससे उसकी मौत मौके पर ही हो गई। घटना की सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

## सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में विजय दिवस पर सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

# राष्ट्र रक्षा ही हम सैनिकों का सबसे बड़ा धर्म : कैप्टन सहदेव उरांव



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में शुक्रवार को विजय दिवस के पावन अवसर पर भूतपूर्व सैनिकों के एक दल का सम्मान किया गया। जिस में भूतपूर्व सैनिकों के ट्रस्ट के संरक्षक डॉ टी साहू सहदेवउरांव अध्यक्ष, धर्मराज महतो गोकुल उरांव सचिव कैप्टन सहदेव उरांव विनोद सिंह हवलदार मसीह प्रकाश कुजुर हवलदार दिनेश कुमार साहू अशोक साहू बसंत उरांव नरेंद्र उरांव गजेंद्र उरांव आदि शामिल थे। विद्यालय के घोष दल के कप्तान पवन कुमार की अगुवाई में प्रधानाचार्य ने समस्त सैनिकों की अगवानी की तत्पश्चात वंदना सभा में इन समस्त अतिथियों ने भारत माता ओम एवं मां भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने आए हुए अतिथियों का परिचय कराया। इस अवसर पर कैप्टन सह देव उरांव को शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कैप्टन ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम समस्त सैनिकों का सर्वप्रथम धर्म राष्ट्र की रक्षा करना है। उन्होंने 1971 के युद्ध की घटना का जिक्र करते हुए बताया कि उस युद्ध में गुमला के परमवीर चक्र से सम्मानित अल्बर्ट एक्का शहीद हो गए थे। उन्होंने कहा कि हमारी सेना जल थल एवंनभ तीनों प्रकार से एक साथ पाकिस्तान पर हमला बोल दिया जिससे पाकिस्तान के आर्मी चीफ नियाजी हसन को अपने लगभग एक लाख की सेना को आत्मसमर्पण करना पड़ा जिसके परिणाम स्वरूप विश्व के पटल पर बांग्लादेश एक देश के रूप में जाना जाने लगा। इस अवसर पर भूतपूर्व सैनिक ट्रस्ट के संरक्षक साहू ने कहा कि हम सभी अवकाश प्राप्त हो जाने के बाद जब तक अपने कार्य क्षेत्र में रहे राष्ट्र की सेवा किया इसके पश्चात हम सब समाज को संगठित करने एवं समाज की सेवा करने का कार्य कर रहे हैं। विद्यालय की बहन पल्लवी कुमारी और सृष्टि भगत ने ,तेरी मिट्टी में मिल जावा इस गीत के माध्यम से सभी सैनिकों तथा संपूर्ण सभागार को आत्म विभोर कर दिया। विद्यालय के आचार्य श्री गणेश प्रसाद साहू ने 1971 के युद्ध का एक संक्षिप्त विवरण भैया बहनों को सरल ढंग से बताया। विद्यालय सृष्टि भगत पल्लवी कुमारी आकांक्षा कुमारी अंशु भगत ने एक नृत्य सह गीत प्रस्तुत किया। विद्यालय के आचार्य नंदकिशोर साहू ने धन्यवाद ज्ञापन किया। पूर्व सैनिकों ने भविष्य के कर्णधार भैया बहनों को अपनी गोदी में उठा कर एक सामूहिक छायाचित्र खिंचवा या और भैया बहनों को राष्ट्र की रक्षा राष्ट्र की रक्षा करना ही हमारा परम धर्म हो इन बातों से प्रेरित किया। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के आचार्य नंदकिशोर साहू ने किया। आए हुए अतिथियों का स्वागत विद्यालय के आचार्य गणेश प्रसाद साहू, अशोक प्रसाद साहू, जगदीश पांडे, महेंद्र कुमार मिश्र, सुनीता कुमारी, मीनाक्षी दिव्या, लक्ष्मी देवी, अशोक कुमार सिंह, त्रिलोचन साहू आदि ने किया।

### अल्ताफ अंसारी बने झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस का प्रदेश सह-संयोजक



**कैरो/लोहरदगा।** झारखंड प्रदेश यूथ कांग्रेस ने अल्ताफ अंसारी को झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस का प्रदेश सह-संयोजक बनाया गया। प्रदेश सह-संयोजक बनाए जाने के बाद अल्ताफ अंसारी ने कहा कि मैं पार्टी के लिए समर्पित हूं। मैं युवाओं के साथ समन्वय स्थापित कर नये युवाओं को पार्टी में जोड़ने का प्रयास करूंगा। पार्टी के मूल सिद्धांतों के साथ चलूंगा एवं पार्टी की और ज्यादा मजबूती के लिए निष्ठा पूर्वक कार्य करूंगा ,मुझे झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस का सोशल मीडिया के प्रदेश सह-संयोजक बनाए जाने पर मैं शीर्ष नेतृत्व का दिल से आभार व्यक्त करता हूं, मुझे इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिला है उसे मैं निभाने का पूरा कोशिश करूंगा।

## संयुक्त खीस्तीय युवा संघ और ऑल चर्चेस एसोसिएशन के तत्वावधान में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन

# अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में तीन दिनी क्रिसमस गैदरिंग का हुआ भव्य उद्घाटन




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में तीन दिनी क्रिसमस गैदरिंग का भव्य उदघाटन शुक्रवार की शाम हुआ। संयुक्त खीस्तीय युवा संघ और ऑल चर्चेस एसोसिएशन के तत्वावधान में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन हो रहा है। गैदरिंग का उदघाटन मुख?य रुप में उपस्थित जीईएल चर्च के बिशप मुरेल बिलुंग, विधायक भूषण बाड़ा, विधायक विक्सल कोंगाड़ी, जिप सदस्?य जोसिमा खाखा के द्वारा क्रिसमस केक काटकर किया गया। मौके पर विशप ने चरनी में आशिष जल का छिड़काव भी किया। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि क्रिसमस का पर्व मानव जाति के लिए प्रेम का संदेश देता है। कहा कि मनुष्य अध्यात्मिक शक्ति से भरकर अपने जीवन का संचालन करें, जो दूसरों के कल्याण के लिए शांति के लिए और अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए सहायक होता है। प्रभु खीस्त ने यह सिद्ध कर दिया कि मानव जीवन कितना सुंदर है और यही सुंदरता हर व्यक्ति अपने जन्म में ईश्वर के द्वारा प्राप्त करता है। उद्घाटन के बाद खिस्तीयस कैरॉल की प्रस्तुति की गई। वहीं संध्या सात बजे से कई सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। मौके पर थाना प्रभारी दयानंद कुमार, पादरी अजर मिंज, नप अध्यक्ष पुष्पा कुल्लू, जिप सदस्य शांतिबाला केरकेटटा, जोसीमा खाखा, सामरोम पॉल टोपनो, कांग्रेस जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की, रणधीर रंजन, प्रदीप केसरी, शीला देवी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में गैदरिंग को सफल बनाने को लेकर शिशिर मिंज, माइकल पूर्ती, बिपिन तिग्गा, अंजली रानी टोप्पो, अरविंद लुगुन, पतरस एक्का, दिलीप तिर्की, शैलेश कुजूर, दीपक मिंज, समीर किंडो, अनूप मिंज, निमरोध एक्का, बिरंजन बाड़ा, लीला नाग, सुषमा कुजूर, स्वेता, अगुस्टीना सोरेंग आदि लगे हुए हैं।

**16 से 18 दिसंबर तक होगा :** कार्यक्रम के तहत 16 से 18 दिसंबर तक तीन दिनों तक दोपहर 12 बजे से रात के नौ बजे तक क्रिसमस गायन, नृत्य एवं क्रिसमस झांकी प्रतियोगिता होगी। 18 दिसंबर को रात्रि नौ बजे से धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसमें पवन पंकज, मोनिका, सुमन, अनिता, इग्नेस, नीतेश, प्रीतम, पायल म्यूजिकल ग्रुप द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती की जाएगी। समिति के सचिव समीर कुल्लू ने बताया कि कार्यक्रम में सीएम हेमंत सोरेन के भी आने की संभावना है।

**खेल तमाशे और कई दुकानों से सजी है स्टेडियम :** गेदरिंग के मौके पर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में कई खेल और झूले लगाए गए है। इसके अलावे पूरे स्टेडियम में कई तरह के स्टॉल भी लगाए गए है। लोग पूरे उत्साह और खुशी से गैदरिंग का मजा लेते हुए देखे गए। बच्चे झूला झूलने के लिए उत्साहित नजर आए। अधिकतर लोगो के माथे में क्रिसमस टोपी नजर आ रही थी।

#### यीशु मसीह शांति के राजा हैं : बिशप मुरेल बिलुंग

**बिशप** मुरेल बिलुंग ने कहा कि प्रभु यीशु मसीह संसार का उद्धार करने स्वर्ग छोड़कर पृथ्वी पर आये थे और हमारे खातिर अपना लहू बहाया और जान दे दी। उन्होंने कहा कि सही मायने में क्रिसमस तब होगा जब हम प्रभु यीशु को मन में बसायेंगे और दूसरों की हमेशा मदद करेंगे। यीशु मसीह शांति के राजा हैं। जब सारी दुनिया अंधकार में थी तो विश्व का उद्धार करने के लिए यीशु ने अवतार लिया।

#### यीशु के संदेशों को अपने जीवन में आत्मसात करें: बाड़ा

**विधायक** भूषण बाड़ा ने कहा कि प्रभु यीशु मसीह के संदेशों को अपने जीवन में आत्मसात करें। आपसी प्रेम, भाईचारा, दया, क्षमा के गुणों को जीवन में आत्मसात कर इस दुनिया को बेहतर जगह बना सकें। सच्चाई व मानव सेवा करने के लिए प्रभु यीशु के बताए मार्ग पर चलना जरूरी है।

#### आपसी भाईचारा व प्रेम का संदेश देता है क्रिसमस: विक्सल

**विधायक** विक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि क्रिसमस का यह पर्व आपसी भाईचारा और प्रेम का संदेश देता है। लोगों को जीने का तरीका सिखाता है। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु संसार के कल्याण के लिए धरती पर अवतरित हुए थे।

#### आपसी प्रेम व भाईचारे के साथ मनाएं क्रिसमस: जोसिमा

**जिप सदस्य** जोसिमा खाखा ने कहा कि क्रिसमस आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ मनाएं। दिन दुखियों की मदद करें। उन्होंने कहा कि क्रिसमय के मौके पर प्रभु के वचनों को सुने और उसे अपने जीवन में आत्मसात करें।

### मुख्यमंत्री के पोस्टर फाड़ने को लेकर विहिप बजरंग दल पर एफआईआर

**विहिप ने प्रेस वार्ता कर कहा, आरोप सरासर गलत व निराधार**

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** गीता जयंती पर विहिप और बजरंग दल द्वारा आयोजित शौर्य संचलन के अवसर पर निकली शोभायात्रा में सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पोस्टर फाड़ने को लेकर सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस संदर्भ में विहिप बजरंग दल ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता कर बताया कि हमारे ऊपर लगा आरोप सरासर गलत है। विहिप के धर्म प्रसार प्रमुख सतीश पांडेय ने बताया कि एफआईआर में विहिप अध्यक्ष अनिल गुप्ता संयोजक सचिन कुमार एवं अन्य अज्ञात को आरोपी बनाया गया है। एफ आई आर के अनुसार जुलूस 11: 40 मिनट बजे न्यू रोड अलका सिनेमा शिवाजी चौक के पास से बरवाटोली होकर ललित नारायण स्टेडियम के लिए गुजरी, तभी पोस्टर को फाड़ा गया। जबकि हमारी जुलूस 12:10 में ललित नारायण स्टेडियम से निकली और वापस 2:10 में ललित नारायण स्टेडियम पहुंची, इससे यह स्पष्ट पता चलता है कि, पहले पोस्टर फाड़ा गया, फिर विश्व हिंदू परिषद के ऊपर आरोप लगाया गया। इससे यह भी सिद्ध होता है कि, असामाजिक लोग या असामाजिक तत्व चाहता है कि लोहरदगा में शांतिपूर्ण तरीके से विश्व हिंदू परिषद अथवा हिंदू समाज अपना कोई त्यौहार ना मना सके, और यह भी सिद्ध करना चाहता है की, जुलूस में 10000 के संख्या में जो लोग आए थे, सारे के सारे असभ्य थे। लोहरदगा में फिर से सांप्रदायिक हिंसा को बढ़ावा देने का साजिश रचने का कार्य किया गया है। यदि मुख्यमंत्री का पोस्टर सच में फाड़ा गया है तो यह जांच का विषय है। प्रशासन चिन्हित करें वैसे लोगों को, और विहिप को भी बताएं। यह काफी निंदनीय विषय है। विहिप ने प्रशासन से यह भी मांग झूठा मुकदमा को तुरंत वापस लेने की मांग की है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में विहिप जिला अध्यक्ष अनिल गुप्ता, धर्म प्रसार प्रमुख सतीश पाण्डे, बजरंग दल संयोजक सचिन कुमार, अभियान संयोजक रमेश चंद्र कुंवर उपस्थित थे।

# न्यूज गैलरी

## नव वर्ष पर केएफसी सेलिब्रेशन बकेट की पेशकश

नयी दिल्ली। फास्टफूड रिटेल नेटवर्क केएफसी ने नववर्ष के मद्देनजर सेलिब्रेशन बकेट की पेशकश की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि साल के इस आखिरी पड़ाव पर दोस्तों और परिवार के लोगों से मिलने और पार्टी करने का अवसर होता है। इन ईयर-एंड पार्टी को थोड़ा और मजेदार बनाने के लिए केएफसी ने नया सेलिब्रेशन बकेट लॉन्च किया है। उसने कहा कि सेलिब्रेशन बकेट सेलिब्रेट करने का एक और मौका देता है। इस बकेट से दिसंबर वाली पार्टियां ज्यादा खास एवं मजेदार हो जाएंगी। 4 जनवरी तक सेलिब्रेशन बकेट पर 30 प्रतिशत तक की छूट भी दी जा रही है।

## कैथे पैसिफिक दिल्ली, मुंबई से उड़ानें बढ़ाएगी

**नयी दिल्ली।** हांगकांग की एयरलाइन कैथे पैसिफिक ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह जनवरी से मुंबई और दिल्ली से उड़ानों की संख्या बढ़ाएगी और बेंगलुरू-हांगकांग मार्ग पर एयरबस ए350-900 भी पेश करेगी। कंपनी के एक बयान में कहा गया है कि जनवरी से मुंबई और दिल्ली से उड़ानें बढ़ा कर प्रति सप्ताह क्रमशः पांच और सात की जाएंगी। कैथे पैसिसफिक के दक्षिण एशिया, मध्य पूर्व और अफ्रीका के विपणन और बिक्री प्रमुख आनंद येदेरी ने कहा, हम बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए मुंबई और दिल्ली से उड़ानों की संख्या बढ़ाने के साथ-साथ बेंगलुरु-हांगकांग मार्ग पर ए350-900 श्रेणी का विमान लगाएगी। यह हमारे बेड़े में सबसे आधुनिक विमानों में से एक है और इसकी बढ़ी हुई ईंधन-दक्षता हमारे स्वस्थ विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## शेयर बाजार में बिकवाली के दबाव में 300 अंका टूटा सेंसेक्स, निफ्टी आया नीचे



दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार को कारोबार के दौरान बिकवाली देखने को मिल रही है। आज कारोबार की शुरूआत गिरावट के के साथ हुई और सेंसेक्स में 300 अंकों से ज्यादा की कमजोरी देखी जा रही है। वहीं आज के कारोबार में निफ्टी भी 18350 अंकों के स्तर से नीचे आ गया है। आज कारोबार की शुरूआत से ही सबसे ज्यादा बिकवाली आईटी शेयरों में देखी जा रही है। आज कारोबार के दौरान निफ्टी आईटी इंडेक्स में 1।21 प्रतिशत की गिरावट देखी जा रही है। इसके अलावा निफ्टी बैंक, फाइनेंशियल और ऑटो इंडेक्स भी कमजोर हुए हैं। साथ ही मेटल, फार्मा सहित अन्य सेक्टर में भी बिकवाली का दबाव देखने को मिल रहा है। आज के कारोबार में फिलहाल सेंसेक्स में 320 अंकों की गिरावट है और यह 61,480 अंकों के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं निफ्टी भी 78 अंक टूटकर 18337 अंकों के लेवल पर ट्रेड कर रहा है। आज के कारोबार में हैवीवेट शेयरों में

# तेलंगाना के बिजनेसमैन ने करीब 47 करोड़ में खरीदी हेलिकॉप्टर, मंदिर पहुंचकर कराई पूजा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में नए खरीदे वाहनों की पूजा कराने की परंपरा है। लोगों का अपने दोपहिया या चारपहिया वाहन को खरीदने के बाद मंदिर लेकर आना आम है, लेकिन तेलंगाना के एक बिजनेसमैन हेलीकॉप्टर खरीदने के बाद इसकी पूजा कराने के लिए मंदिर पहुंचे। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हैदराबाद से करीब 100 किलोमीटर दूर एक मंदिर में तीन पुजारियों ने इसकी पूजा की। करीब 47 करोड़ कीमत के इस हेलीकॉप्टर (एयरबस एसीएच 135) को प्रतिमा ग्रुप के मालिक बोइनपल्ली श्रीनिवास राव ने खरीदा है। वो इसे श्री लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी को समर्पित यदाद्री मंदिर में पूजा के लिए ले गए थे। वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर किया गया था। प्रतिमा ग्रुप की मौजूदगी इंफ्रास्ट्रक्चर, एनर्जी, मैन्युफैक्चरिंग, टेलीकॉम सेक्टर, हेल्थ और एजुकेशन समेत अन्य क्षेत्रों में है। इस पूजा में श्रीनिवास राव के रिश्तेदार महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल विद्यासागर राव भी मौजूद थे। बाद में, उन्होंने लोकप्रिय पहाड़ी मंदिर के आसपास हेलिकॉप्टर से उड़ान भरी। बाद में, उन्होंने लोकप्रिय पहाड़ी मंदिर के आसपास हेलिकॉप्टर से उड़ान भरी। एयरबस के सबसे सफल हल्के रोटरक्राफ्ट में से एक के रूप में, एच135 अपने कॉम्पैक्ट बिल्ड, लो साउंड लेवल, रिलायबिलिटी के लिए जाना जाता है।' ट्विन-इंजन कैटेगरी में इस हेलीकॉप्टर की ऑपरेटिंग और मेंटेनेंस कॉस्ट भी सबसे कम है। यह अपनी कैटेगरी के अन्य हेलीकाप्टरों की तुलना में लंबी दूरी पर अधिक पेलोड के साथ कई तरह के मिशन परफॉर्म कर सकता है और लगभग हर जगह लैंड कर सकता है। हिंदू धर्म में वाहन को भगवान गरुड़ का स्वरूप माना गया है। कहा जाता है कि गरुड़ भगवान की कृपा से ही व्यक्ति यात्राएं करता है। इसीलिए मान्यता प्रचलित है कि नया वाहन खरीदने पर इसकी पूजा जरूर करनी चाहिए।

◆इस पूजा में श्रीनिवास राव के रिश्तेदार महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल विद्यासागर राव भी मौजूद थे। बाद में, उन्होंने लोकप्रिय पहाड़ी मंदिर के आसपास हेलिकॉप्टर से उड़ान भरी। बाद में, उन्होंने लोकप्रिय पहाड़ी मंदिर के आसपास हेलिकॉप्टर से उड़ान भरी।

## भारत को विनिर्माण का केंद्र बनाने के लिए नवोन्मेषण पर देना होगा जोरः एमएंडएम सीईओ

**नयी दिल्ली।** घरेलू वाहन कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अनीश शाह ने शुक्रवार को कहा कि भारत को वैश्विक आपूर्ति शृंखला के केंद्र में आने के लिए नवाचार पर जोर देने और तमाम कारोबार, बड़ी कंपनियों, एमएसएमई एवं नवोन्मेषकों के बीच गठजोड़ बढ़ाने पर ध्यान देना होगा। शाह ने यहां पर उद्योग मंडल फिक्की के वार्षिक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के पास शैक्षणिक संस्थानों में नवाचार से संलग्न बेहतरीन प्रतिभाएं हैं और विनिर्माण में भी यह काफी मजबूत है। ऐसी स्थिति में भारत को चीन या यूरोप के साथ सिर्फ प्लस वन यानी सिर्फ सहयोगी के रूप में ही नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, आप लोगों ने चीन प्लस वन और हाल ही में ह्ययूरोप प्लस वन के बारे में बहुत कुछ सुना। यह ह्यप्लस वन क्यों है? भारत इसके केंद्र में क्यों नहीं है? हम इसकी परिधि पर ही क्यों है? आखिर हम कहां पर चूक रहे हैं? एमएंडएम के शीर्ष अधिकारी ने खुद ही इस सवाल का जवाब देते हुए कहा, ह्यह्यहमारे पास बेहतरीन प्रतिभाएं हैं। हमारे विश्वविद्यालयों में नवाचार पर काफी जोर दिया जा रहा है और देश के अलग-अलग हिस्सों में ऐसा हो रहा है। अब हम विनिर्माण की ताकत हैं।

## अब पुराने वाहनों का भी भारत श्रृंखला में कराया जा सकेगा पंजीकरण

**नयी दिल्ली।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने नियमित वाहन पंजीकरणों को भारत श्रृंखला (बीएच) के नंबरों में बदलने की अनुमति दे दी है। अभी तक केवल नए वाहनों को ही बीएच श्रृंखला के निशान या चिह्न का विकल्प चुनने की इजाजत थी। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में कहा कि बीएच श्रृंखला पंजीकरण चिह्न नियमों के क्रियान्वयन के दौरान बीएच श्रृंखला पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए कई प्रतिवेदन मिले हैं। यह कदम बीएच श्रृंखला के दायरे को व्यापक बनाने के उपायों के तहत उठाया गया है। बयान के मुताबिक जिन वाहनों पर अभी सामान्य पंजीकरण चिह्न मौजूद है, उनको बीएच श्रृंखला पंजीकरण चिह्न में बदला जा सकता है।

## भारत 2024-25 तक 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह परः गडकरी



नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि भारत 2024-25 तक 5,000 अरब डॉलर का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) हासिल करने की ओर अग्रसर है। गडकरी ने शुक्रवार को उद्योग मंडल फिक्की के एक कार्यक्रम में कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है। 2024-25 तक भारत 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार सतत विकास को हासिल करने के लिए वृद्धि और रोजगार को बढ़ाने पर जोर दे रही है। गडकरी ने कहा कि 2030 तक वैश्विक सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को हासिल करने में भारत की एक बड़ी भूमिका होगी। गडकरी ने निर्यात बढ़ाने और आयात घटाने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा, हम वैकल्पिक, स्वच्छ और हरित ईंधन मसलन जैव एथनॉल, जैव-सीएनजी, जैव-एलएनजी और हरित हाइड्रोजन के विकास पर काम कर रहे हैं।"उन्होंने कहा कि फिलहाल देश का वाहन उद्योग 7.5 लाख करोड़ रुपए का है। वह इसे 15 लाख करोड़ रुपए पर ले जाना चाहते हैं। ह्यह्यइससे बड़ी संख्या में नए रोजगार पैदा होंगे।" उन्होंने कहा कि वह निर्माण की लागत को कम करना चाहते हैं।

# अमेरिका में मंदी की आशंका से लुढ़का ग्लोबल मार्केट, एशियाई बाजारों में भी कमजोरी

◀◀ अमेरिकी मार्केट के सभी 11 सेक्टर पिछले कारोबारी सत्र के दौरान गिरावट के साथ बंद हुए। दिनभर के कारोबार के दौरान यूएस मार्केट के 73 प्रतिशत शेयर कमजोरी के साथ लाल निशान में बंद हुए।



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका में मंदी की आशंका से न केवल अमेरिकी बाजार, बल्कि दुनियाभर के ज्यादातर बाजारों में डर का माहौल बना हुआ है। पिछले कारोबारी सत्र में अमेरिकी बाजार में जबरदस्त गिरावट का रुख बना रहा। मंदी के डर के कारण नैस्डेक 3 प्रतिशत से भी अधिक लुढ़क गया। अमेरिकी बाजार में मंदी का डर यूरोपीय बाजारों में भी नजर आया। एफटीएसई इंडेक्स को छोड़कर यहां के शेष दोनों इंडेक्स पिछले कारोबारी सत्र में 3 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुए। वहीं एशियाई बाजारों में भी आज गिरावट का रुख बना हुआ है। पिछले कारोबारी सत्र में नैस्डेक 360.36 अंक यानी 3.23 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 10,810.53 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 99.57 अंक यानी 2.49 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 3,895.75 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। वही डाओ जोंस 764.13 अंक यानी 2.25 प्रतिशत टूटकर 33,202.22 अंक के स्तर पर बंद हुआ। अमेरिकी मार्केट के सभी 11 सेक्टर पिछले कारोबारी सत्र के दौरान गिरावट के साथ बंद हुए। दिनभर के कारोबार के दौरान यूएस मार्केट के 73 प्रतिशत शेयर कमजोरी के साथ लाल निशान में बंद हुए। जानकारों का कहना है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी किए जाने से ज्यादा असर उसकी ओर से 2023 में भी ब्याज दरों में बढ़ोतरी करते रहने का संकेत देने से हुआ है। निराशा के इस माहौल को अमेरिका में रिटेल बिक्री के आंकड़ों ने और बढ़ा दिया है।


## झारखण्ड सरकार, ग्रामीण कार्य विभाग
मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

पत्रांक– दिनांक–

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा के ई–निविदा आमंत्रण संख्या–131/2022-23/RWD/GARHWA, दिनांक– 30.11.2022, PR NO.- 283944, आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या– RWD/GARHWA/18/2022-23 मुख्य पथ से बेलपहाड़ी होते हुए साव टोला तक पथ निर्माण (लं– 2.300 कि0मी0) कार्य के द्वारा प्रकाशित निविदा की तिथि में अपरिहार्य कारणवश निम्नरूपेण परिवर्तन किया जाता है।

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 21.12.2022
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 02.01.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, गढ़वा में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः– 03.01.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 04.01.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders. gov. in में देखा जा सकता है। अन्य शर्तें यथावत रहेगें।

PR 285185 Rural Work Department (22-23)_D — नोडल पदाधिकारी, ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा
सहिजना मोड़ , गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114
Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–DWSD/GAR-17/2022–23 दिनांक– 15.12.2022

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रांची
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा
3. परिमाण विपत्र (BOQ) प्राप्ति की तिथि :– 22.12.2022 को 12.30 बजे अपराह्न से
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 27.12.2022 को 03.30 बजे अपराह्न तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 27.12.2022 को 04.30 बजे अपराह्न में
6. परिमाण विपत्र (BOQ) प्राप्ति का स्थान :– विभागीय वेबसाइट dwsd.jharkhand.gov.in/Office of the Executive Engineer D.W.&S. Division, Garhwa से प्राप्त किया जाना है।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– (1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा। (2) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, मेदिनीनगर।
8. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।
9. कार्य का विवरण :–

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of 01 No. HYDT 150 mtr. Depth with Extra deep india Mark-II Hand pump, Supplying and installation of 1.50 HP Submersible motor pump set and 5 KVA Stabilizer, Const. Of Bathroom, Toilet, Supplying and installation of 1.0 HP Solar motor pump set, Rising and distribution etc. Work at **Kasturba Gandhi Awasiya Vidhyalay, Ramkanda** under D.W.&S.Division, Garhwa for the year 2022 -23. | 11,99,176/- | 24,000/- | 2500/- | 04 Months |

नोट– (i) निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय होगा।
(ii) निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी विभागीय बेवसाईट dwsd.jharkhand.gov.in तथा कार्यालय के सूचना पटट से प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा

PR 285161 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114
Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–DWSD/GAR-16/2022–23 दिनांक–15.12.2022

1- विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रांची
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा
3- परिमाण विपत्र (BOQ) प्राप्ति की तिथि :– 21-12.2022 को 12-30 बजे अपराह्न से
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 26.12.2022 को 03-30 बजे अपराह्न तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 26-12.2022 को 04.30 बजे अपराह्न में
6. परिमाण विपत्र (BOQ) प्राप्ति का स्थान :– विभागीय वेबसाइट dwsd.jharkhand.gov.in/Office of the Executive Engineer D.W.&S. Division, Garhwa से प्राप्त किया जाना है।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– (1) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा। (2) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, मेदिनीनगर।
8. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।
9. कार्य का विवरण :–

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of RCC foundation for Steel structure, Construction of Galvanized tubular Steel structure staging for (4.5m.) HDPE water storage Solar Panel, Supplying and installation of 6000 ltr. Capacity water tank, 2.0 HP DC Solar motor pump set, Rising and distribution etc. Work at **Base Camp, Budha pahar** Bargar Block under D.W.&S.Division, Garhwa for the year 2022-23. | 17,09,398/- | 34,500/- | 5000/- | 04 Months |

नोट– (i) निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय होगा।
(ii) निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी विभागीय बेवसाईट dwsd.jharkhand.gov.in तथा कार्यालय के सूचना पटट से प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।

PR 285158 Drinking Water and Sanitation(22-23)D



## झारखण्ड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड
(CIN: U40108JH2013SGC001704)
कार्यालय
उपमहाप्रबंधक (सं०प०) संचरण अंचल, डालटनगंज
Email-esetcdal@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि 400/220/132 के0भी0 ग्रीड सब–स्टेशन, लातेहार को 132/33 के0भी0 ग्रीड सब–स्टेशन, लातेहार एवं 220 के0वी0 ग्रीड सब–स्टेशन, लोहरदगा से जोड़ने हेतू उनके लिंक लाईन में कार्य किया जाना है। विद्युत संचरण संबंधित उक्त आवश्यक कार्य के कारण दिनांक 20.12.2022 के पूर्वाह्न् 08:00 बजे से दिनांक 21.12.2022 के अपराह्न् 06:00 बजे तक 132/33 के0वी0 ग्रीड सब–स्टेशन, लातेहार को बन्द रखा जाएगा।

उपरोक्त विद्युत प्रदाय बन्द रहने की अवधि में जिला–लातेहार एवं उसके आस–पास के क्षेत्रों में जहां वर्तमान में 132/33 के0वी0 ग्रीड सब–स्टेशन, लातेहार से विद्युत उपलब्ध करायी जा रही थी, को झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के पॉवर सब–स्टेशन/नेटवर्क के माध्यम से उपलब्धता के आधार पर विद्युत आपूर्ति की जाएगी।

ह0/–
उपमहाप्रबंधक (सं0प0)
संचरण अंचल
डालटनगंज

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉलफ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

PR 285252 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd (22-23)_D



## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**
**(नोटिस)**

नाम–मृत्युंजय भूईयाँ उर्फ अवधेश भूईयाँ, ग्राम–नावाडीह, थाना–छिपादोहर, जिला–लातेहार, राज्य–झारखण्ड, आपको सूचित किया जाता है कि आप भंडरिया थाना कांड सं0–26/2016 दिनांक–15.07.2016 धारा–147, 148, 149, 353, 302, 307, 504, 506, भा0द0वि0 एवं 27 आर्म्स एक्ट एवं 3/4/5 वि0 पदा0 अधि0 एवं 38/39 यु0ए0पी0 एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त है, और उक्त कांड में अबतक फिरार है। माननीय न्यायालय श्री कृष्णा लोहरा, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, गढ़वा के द्वारा आपके विरुद्ध इश्तेहार निर्गत किया गया है, किन्तु आप अपने स्थायी पता से भी फिरार हैं। आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय द्वारा निर्धारित अवधि के अंदर आत्मसमर्पण करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक
गढ़वा

PR 285267 Police (22-23)_D



## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**
**(नोटिस)**

नाम–मृत्युंजय भूईयाँ उर्फ अवधेश भूईयाँ, ग्राम–नावाडीह, थाना–छिपादोहर, जिला–लातेहार, राज्य–झारखण्ड, आपको सूचित किया जाता है कि आप भंडरिया थाना कांड सं0–28/2016 दिनांक–25.07.2016 धारा–147, 148, 149, 342, 323, 452, 504, 506, 302 भा0द0वि0 एवं 27 आर्म्स एक्ट एवं 38/39 यु0ए0पी0 एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त है, और उक्त कांड में अबतक फिरार है। माननीय न्यायालय श्री कृष्णा लोहरा, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, गढ़वा के द्वारा आपके विरुद्ध इश्तेहार निर्गत किया गया है, किन्तु आप अपने स्थायी पता से भी फिरार हैं। आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय द्वारा निर्धारित अवधि के अंदर आत्मसमर्पण करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR285263 (Police)22-23*D



## कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

पत्रांक–924 /दिनांक–16.12.2022

**शुद्धि -पत्र**

इस कार्यालय के अतिअल्पकालीन ई0 कोटेशन आमंत्रण सूचना WRD/MID/ Latehar/ 02/2022-23 विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी जिसका PR N284987 water resource (2022-23)D है को निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | ई0 कोटेशन खुलने की तिथि एवं समय | :– | **26.12.22** (12.30 बजे अपराह्न) |

उक्त ई0 कोटेशन की अन्य शर्तें यथावत् रहेगी।
ई0 कोटेशन को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

PR 285258 (Water Resource) 22-23 (D)



## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू

**(सूचना)**

हरिहरगंज थाना कांड सं0–35/18 दिनांक 25.04.18धारा–452/341/342/323/324/326/307/302/34 भा0द0वि0 पर्यवेक्षित धारा–394/397/307/120 (बी0) भा0द0 वि0 के अभियुक्त शेरू खान पे0 गुलाम रसुल सा0 खैरा उर्द्धवार थाना हुसैनाबाद जिला पलामू के विरूद्ध माननीय न्यायालय से निर्गत ईश्तेहार अधिपत्र दिनांक 05.12.2022 को तामिल कराया गया है जो दिनांक 03.01.2023 तक माननीय न्यायालय में उपस्थित हो कर अपना पक्ष रखे।

पुलिस अधीक्षक,
पलामू

PR 285152 Palamu(22-23)#D

सम्पादक की कलम से...

# सीएम की पहल सराहनीय

अवैध खनन झारखंड के लिए एक बड़ी समस्या है। इस बात से कोई इनकार नहीं कर सकता। इसे रोके बिना विकास की परिकल्पना बेमानी है। यही कारण है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को एक पत्र के माध्यम से अवगत कराया है। कारण इस बीमारी से मुक्ति के लिए अब सर्जन की जरूरत दिखायी देने लगी है। कारण यहां के कई जिलों में अवैध खनन को बढ़ावा देने में रेलवे एवं इनके पदाधिकरियों की संलिप्तता की बात सामने आयी है। साजिश के तहत रेलवे द्वारा झारखंड राज्य के पोर्टल से एकीकरण नहीं किया जा रहा है। जिसका नतीजा ये हो रहा है कि बगैर चालान अथवा फर्जी चालान के आधार पर अवैध रूप से खनिज संपदा का रेल मार्ग से परिवहन किया जा रहा है। ऐसी परिस्थिति में राज्य सरकार द्वारा अवैध खनन एवं इसके परिवहन में रेलवे पदाधिकारियों की संलिप्तता एवं अन्य सभी संबंधित बिन्दुओं की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय जांच समिति के गठन का निर्णय लिया गया है। यह एक स्वागतयोग्य कदम है। यह देखा गया है कि अवैध खनन को सबसे अधिक सहयोग परिवहन कताओं से प्राप्त होता है। क्योंकि बिना परिवहन की सुविधा के कोई भी व्यक्ति खनिज का अवैध खनन नहीं करेगा। रेलवे द्वारा अवैध खनन के परिवहन की रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों में राज्य को कोई सहयोग प्रदान नहीं कर रहा है। राज्य सरकार एवं इसके पदाधिकारियों के द्वारा रेलवे से अनेकों बार पत्राचार करने के बावजूद बिना चालान के खनिज संपदा के परिवहन के मामले प्रकाश में आते रहे हैं। राज्य सरकार के अनुरोध के बावजूद रेलवे द्वारा लौह अयस्क को छोड़कर किसी भी अन्य खनिज संपदा के लिए खक्टटर पोर्टल में इंटीग्रेट से नहीं किया जा रहा है। राज्य सरकार के द्वारा इस विषय को भारत सरकार के नीति आयोग पूर्वी क्षेत्रिय परिषद एवं कोयला मंत्रालय की बैठकों में भी उठाया जा चुका है। कोयला मंत्री से साथ बैठक में व्यक्तिगत अनुरोध के बावजूद कोयला का परिवहन अभी भी रेलवे के द्वारा खक्टटर पोर्टल से समायोजन के बगैर किया जा रहा है। यह दुखद है। कारण झारखंड की धरती पर अकूत खनिज के भंडार भरे पड़े हैं। लेकिन उनका इस्तेमाल सही ढंग से नहीं हो पा रहा है। यह कार्य बगैर रेलवे के सहयोग से संभव नहीं है। यह चिन्ता जायज है। ऐसे में बगैर समय जाये किये रेल मंत्री को संज्ञान लेने की जरूरत है। कारण यह झारखंड की अस्मिता का सवाल है। राज्य के मुखिया होने के कारण यह जवाबदेही मुख्यमंत्री की अवश्य बनती है कि वह यहां की खनिज संपदा की रक्षा के लिए कड़े कदम उठायें। लेकिन यह काम इतना आसान भी नहीं है। सबको पता है कि यहां की रत्नगर्भा की कोख में कई प्रकार के रत्न छिपे हैं। बावजूद यहां की जनता गरीब है। अकेले झारखंड पूरे देश को विकास की यात्रा का मित्र बनने को तैयार है। लेकिन आने वाली रूकावटों पर विमर्श करना जरूरी है। यहां के संसाधनों का बेजा इस्तेमाल विकास के पहिये को रोक रखा है। ऐसे में इस रूकावट को दूर करने में रेलवे को सहयोग करनी चाहिए। आशा है,मुख्यमंत्री के पत्र का असर आने वाले दिनों में देखने को मिले।

## आज का इतिहास

1928 : 'माय विकली रीडर' मैगजीन की शुरूआत हुई।
1934 : एक बड़े तूफान से पश्चिमी होन्शू, जापान में 3000 से अधिक लोग मारे गए थे।
1941 : न्यूजीलैंड की लेबर पार्टी ने मृत्युदंड समाप्त कर दिया।
1947 : अमेरिका में रक्षा विभाग की स्थापना हुई।
1949 : दक्षिण भारतीय राजनीतिक दल द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की स्थापना हुई।
1950 : भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्म हुआ।
1956 : भारतीय तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग का गठन हुआ।
1956 : ऑस्ट्रेलिया में पहली बार टेलीविजन पर प्रसारण हुआ।
1957 : मलेशिया संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुआ।
1974 : बंगलादेश, ग्रेनेडा और गिनी बिसाऊ संयुक्त राष्ट्र संघ में शामिल हुए।
1984 : ब्रायन मुलरनी ने कनाडा के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।
1988 : ग्रीष्मकालीन ओलंपिक दक्षिण कोरिया के सोल में आयोजित किया गया।
2004 : यूरोपीय संसद ने मालदीव पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव पारित किया।
2011 : न्यूयॉर्क के जुकोट्टी पार्क में वॉल स्ट्रीट घेरो आंदोलन की शुरूआत।
2016 : न्यूयॉर्क के चेल्सी में विस्फोट से 29 लोग घायल हुए।
1784 : अमेरिका का पहला दैनिक अखबार(पेनसिलवेनिया पैकेट एंड जनरल एडवरटाइजर) प्रकाशित हुआ।
1815 : किंग विलियम प्रथम ने ब्रुसेल्स में शपथ ली।
1885 : नीदरलैंड के लोगों ने मतदान के अधिकार के लिये प्रदर्शन किया।
1857 : बहादुर शाह द्वितीय ने अंग्रेजों के समक्ष आत्मसमर्पण किया।
1905 : अटलांटा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी का गठन हुआ।
1937 : जे आर आर टॉकियन का द हॉबिट प्रकाशित किया गया था।
1938 : चक्रवाती तूफान(183 मील प्रति घंटे की रफ्तार) से न्यू इंगलैंड में 700 लोगों की मौत।

# फिर कुछ निगलने की फिराक में ड्रैगन

' साल 1993 और 1996 मेंहुए दो बड़े समझौतों के बाद यह माना जाने लगा था कि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर अब थोड़ी सी शांति आ गई है। 2003 व 2007 के समझौतों ने इस सोच को और मजबूती दी। मगर 2012 मेंजब चीन पर शी जिनपिंग का शासन शुरू हुआ, तब से बीजिंग का रुख काफी आक्रामक हो गया है। जिनपिंग का ख्वाब 'एक चीन' है, जिसके लिए जरूरी है कि विश्व शक्ति के रूप में चीन का उदय हो। इसके लिए उसका दो मोर्चों पर काम करना काफी जरूरी है। पहला, चीन को ताकतवर बनाना, और दूसरा, जो इलाके उसकी समृद्धि के लिए आवश्यक हैं। '

चीन ने एक बार फिर वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर यथास्थिति बदलने की नाकाम कोशिश की है। इस बार उसने अरुणाचल प्रदेश के तवांग को निशाना बनाया है। एलएसी को लेकर चीन की सामरिक व रणनीतिक मंशा बिल्कुल स्पष्ट है। वह किसी भी तरह सीमावर्ती इलाकों में अपनी स्थिति मजबूत बनाकर उनकी मौजूदा स्थिति (यथास्थिति) को न सिर्फ बदलना चाहता है, बल्कि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर जहां-जहां हम लाभ की स्थिति में हैं, वहां-वहां वह अपनी पकड़ बनाकर खुद को मजबूत बनाना चाहता है। यह उसकी पुरानी रणनीति रही है, और इस मकसद को पूरा करने के लिए वह नियंत्रण रेखा पर कुछ - कुछ हरकतें करता रहता है। उसकी इस नीति को मैं 'निबल ऐंड निगोशिएट' कहता हूं, यानी धीरे-धीरे निगलना, और फिर बातचीत की आड़ में अपनी हैसियत मजबूत बनाना। लद्दाख के इलाके हों या अरुणाचल प्रदेश के, हमने उसका यही रवैया देखा है। साल 1993 और 1996 मेंहुए दो बड़े समझौतों के बाद यह माना जाने लगा था कि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर अब थोड़ी सी शांति आ गई है। 2003 व 2007 के समझौतों ने इस सोच को और मजबूती दी। मगर 2012 मेंजब चीन पर शी जिनपिंग का शासन शुरू हुआ, तब से बीजिंग का रुख काफी आक्रामक हो गया है। जिनपिंग का ख्वाब 'एक चीन' है, जिसके लिए जरूरी है कि विश्व शक्ति के रूप में चीन का उदय हो। इसके लिए उसका दो मोर्चों पर काम करना काफी जरूरी है। पहला, चीन को ताकतवर बनाना, और दूसरा, जो इलाके उसकी समृद्धि के लिए आवश्यक हैं, उनको किसी-न-किसी तरह अपने अधीन करना। 'कब्जा' करनेका यह काम बातचीत के जरियेभी हो सकता है, और ताकत के बल पर भी। चूंकि चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा को स्वीकार नहीं करता, इसलिए जिन-जिन सीमावर्ती इलाकों को वह सामरिक या रणनीतिक तौर पर अपने लिए मुफीद मानता है, वहां उकसाने की कार्रवाई करता रहता है। इन इलाकों में सिर्फ तवांग नहीं है। सिक्किम स `सटे डोकाला में भी 2017 में दोनों देश आपस में उलझ चुके हैं। इसी तरह, लद्दाख के गलवान, हॉट्प्रिरंग, डेमचोक, पैंगोंग त्सो जैसे क्षेत्रों में भी चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) मौका मिलते ही दखल करने लगती है। साल 2020 में पूर्वी लद्दाख में इसी तरह तीन डिविजन पीएलए सैनिक आ गये थे, जिसके बाद गलवान की घटना घटी थी। हमारे जवानों न `उनका डटकर मुकाबला किया था। तवांग की घटना चीन की इसी विस्तारवादी नीति का नतीजा है। अरुणाचल प्रदेश का यह इलाका सामरिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। 1962 में भी यहां घमासान लड़ाई हुई थी। अभी जो विवाद है, वह तवांग के एक पोस्ट को लेकर है, जिसका नाम है- यांगत्से। पहाड़ पर यही सामरिक नीति होती है कि जो जितनी ऊंची चोटी पर बैठा होता है, वह उतनी अधिक दूरी तक निगाह बनाकर रखता है, यानी तुलनात्मक रूप से उसका दबदबा कहीं अधिक होता है। यांगत्से भी ऐसा ही एक पोस्ट है, जो हमारी तरफ है, लेकिन चीन इस पर कब्जा करने की कोशिश में है। इसी नापाक मंशा के तहत उसके सैनिक 9 दिसंबर को यहां पहुंचे थे। उनकी संख्या करीब 300 थी, लेकिन हम भी तैयार बैठे थे। चीन के सैनिकों को देख हमारे जवानों ने मोर्चा संभाल लिया, जिस कारण उनको लहुलूहान होकर लौटना पड़ा। भारत-चीन सीमा की खास बात यह है कि यहां हथियारों के साथ पेट्रोलिंग तो होती है, लेकिन सैनिक आमने - सामने होने पर हथियार उठाने से आमतौर पर बचते हैं। वे अमूमन हाथों का ही इस्तेमाल करते हैं, इसलिए उस दिन भी जमकर हाथापाई हुई, जिसमें दोनों तरफ के सैनिक घायल हुए हैं। चीनी सैनिकों के वापस लौटने के बाद फ्लैग मीटिंग हुई, जो इस तरह की घटनाओं के बाद आमतौर पर होती ही है। फिलहाल वहां स्थिति भारत के नियंत्रण में है, लेकिन अपने सेवा-काल में चीन की सीमा पर तैनाती के क्रम में मैंने जो महसूस किया है, उस आधार पर मेरा यही मानना है कि चीन अपनी हरकतों से शायद ही बाज आयेगा। पैंगोंग त्सो में बटालियन कमांडर के रूप में, अरुणाचल प्रदेश में इस्टर्नकमांड में डिविजन कमांडर के रूप में और इससे काफी पहले सिक्किम में यंग कैप्टन के रूप में तीन बार मैंने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर अपनी सेवा दी है।

**■ जी जी द्विवेदी**

# खिलौनों की जिंदगी

भजनखबरी उस अपार्टमेंट का सेक्रेटरी था। एक दिन शाम को अपार्टमेंट की महिलाओं की बैठक हुई। भजनखबरी मुख्य अतिथि था। उसने प्रधानमंत्री के मन की बात में सुनाये गये खिलौनों का पूरा किस्सा सुना डाला। बोलने का ढंग इतना बढ़िया था कि महिलाओं को लगा जैसे भजनखबरी के ये खुद के विचार हैं। इस पर महिलाओं ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हम जल्द से जल्द खिलौनों का उत्सव मनाने की तैयारी करेंगे। केवल आप हमें यह बता दीजिये कि मुख्य अतिथि के रूप में किसे बुलाने वाले हैं? भजनखबरी ने प्रत्युत्तर में कहा - 'और किसे साक्षात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बुला रहा हूँ। वे ऑनलाइन में हमें संबोधित करेंगे। उन्हें मनाने की जिम्मेदारी मेरी है। यह जिम्मा मुझ पर छोड़ दीजिये।' अपार्टमेंट का सेल्लार खाली किया गया। साफ-सफाई की गई। रंग पुताई का काम जोर-शोर से हुआ। सभी महिलाओं ने अपने-अपने घरों से खिलौने ले आए। उन्हें सेल्लार में सजाया। वरिष्ठतम महिलाओं की भागीदारी देखते ही बनती थी। नवविवाहिताओं के लिए यह कोई मनोरंजक कार्यक्रम से कम न था। अब मोदी मुख्य अतिथि के रूप में आने वाले हैं तो इतना तो कार्यक्रम करना बनता ही है! इस कार्यक्रम बड़े-बड़े नेता, पुलिस अधिकारी सभी आने वाले थे। कम्युनिस्टों और नागरिक अधिकार संघों को सख्त निर्देश देते हुए आने से मना कर दिया गया था। अगले दिन सुबह कार्यक्रम था। भजनखबरी फुलफार्म में था। अपार्टमेंट तक पहुँचने वाली सड़क केसरिया ध्वजों से भरे पड़े थे। यह देख कुछ लोगों का लगा कि कोई बाबाजी आने वाले हैं। इससे अपार्टमेंट के पास भक्तों की भीड़ और बढ़ गई। लेकिन उन्हें लगा कि अभी से यहाँ ठहरना बेकार है, इसलिए प्रसाद बाँटने के समय हाजिर होने का निर्णय लेकर वहाँ से चले गये। अपार्टमेंट के बाहर आम, नारियल और केले के पत्तों से स्वागत तोरण बनाया गया। आश्चर्य की बात यह थी कि किसी ने यह समाचार छुटकर दुकानदारों के कानों में डाल दी। फिर क्या था, अपार्टमेंट के पास फूल, नारियल, अगरबत्ती की दुकानें खुल गयीं। बिक्री भी जोर-शोर से होने लगी। जैसे-तैसे यह समाचार मीडिया वालों तक पहुंच गयी। उनकी सक्रियता देखते ही बनती थी। सभी ने कहा कि इस बार भजनखबरी को टिकट दिया जाता है तो भारी बहुमत से जीतकर संसद की शोभा बढ़ायेंगे। कार्यक्रम आरंभ होने से पहले सभी महिलाओं को सेल्लार में बुलाया गया। भजनखबरी ने सबकी क्षमताओं के अनुसार जैसे कानाफूसी करने वाली महिलाओं को मीडिया तक समाचार पहुँचाने, जोर-शोर से झगड़ा करने वाली महिलाओं को प्रवक्ता के रूप में और जिनकी मुस्कान मात्र से सामने वाला सम्मोहित हो जाता हो उन्हें स्वागत मार्ग पर खड़ा कर दिया गया। काफी सजग रहने वाले भजनखबरी ने एक से दो बार तैयारी का जायजा लिया। तभी उसे याद आया कि कार्यक्रम तो खिलौनों का है और वह खिलौनों की जाँच करना ही भूल गया। उसने खिलौनों पर ढका कपड़ा हटाकर देखा। देखते ही उसकी आँखें फटी की फटी रह गई। उसने देखा उसमें स्वतंत्रता आंदोलन के नेताओं के नमूने है, उसमें भी विशेषकर गांधी, नेहरू आदि की। उसका गुस्सा सातवें आसमान पर था। उसने ऐसे नमूने लगाने वाली महिलाओं को खूब डाँटा। सरदार पटेल के बिना ऐसे खिलौने लगाने का क्या मतलब? झाँसी लक्ष्मी बाई के साथ-साथ जजिया बाई का खिलौना कहाँ है? स्वामी विवेकानंद, रामकृष्ण परमहंस आदि कहाँ हैं? अब पुराने नेताओं को सिलेबस हटाया जा रहा है। बहुत जल्द नई पुस्तकें आने वाली हैं, उसमें इन्हें जोड़ा जायेगा। कहते हुए एक-एक की ऐसी क्लास लगाई कि उनकी देशभक्ति फुर्र हो गई। अगले दिन कार्यक्रम आरंभ हुआ। जैसे ही खिलौनों पर से पर्दा हटाया गया। सबने जोरदार तालियाँ बजाई। आश्चर्य कि वहाँ केवल दो ही खिलौने थे। एक थे श्रीराम और दूसरे मोदी मास्क पहने हुए। यह देख सभी ने भजनखबरी की भूरि-भूरि प्रशंसा की। बहुत जल्द वह ही संसद में कदम रखने वाला है। अह वह दिन दूर नहीं जब वह संसद को भी खिलौनों की दुकान बना देगा।

**■ डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**
**मो. नं. 73 8657 8657**

# भारत व चीन की हिंसा

पहले की बात को यदि छोड़ भी दें तो करीब ढ़ाई साल पूर्व 15 जून 2020 की रात को पूर्वी लद्दाख में गलवान घाटी में भारत व चीन के बीच हुए एक हिंसक संघर्ष में 20 भारतीय सैनिक शहीद हो गये थे। वहीं काफी संख्या में चीन के सैनिक भी मारे गये थे। लीजिये, भारत और चीन की सेना के बीच एक और हिंसक झड़प हो गई। जी हां, तवांग, अरुणाचल प्रदेश में हुई झड़प की ही बात हम कर रहे हैं। अमूमन कभी लद्दाख तो कभी अरुणाचल प्रदेश और कभी अन्य सीमा क्षेत्र के बीच भारत व चीन के सैनिक आमने-सामने होते रहते हैं। ऐसे में यह सवाल सबके जेहन को कुरेदती रहती है कि आखिर भारत और चीन के बीच ब्रेक के बाद होने वाली हिंसक झड़प कैसे थमेगी? इन झड़पों की वजहें क्या हैं और इन्हें रोकने के लिए क्या-क्या उपाय करने होंगे? कहीं ऐसा तो नहीं कि 1962 में एक दूसरे के खिलाफ लड़ चुके भारत और चीन पुनः एक दूसरे के खिलाफ एक और युद्ध लड़ने के लिए जगह-जगह पर अपने नये सामर्थ्य का टेस्ट कर रहे हैं! कहना न होगा कि हाल के वर्षों में डोकलाम, पेंगोंग झील, गलवान घाटी, नाथुला दर्रा के बाद तवांग में हुई तनातनी और हिंसक मारपीट के गहरे निहितार्थ हैं। चीन एक ऐसा साम्राज्यवादी देश है, जो अपने अधिकांश पड़ोसी देशों से कहीं न कहीं उलझा हुआ है। लेकिन उत्तर-पूर्व में रूस और दक्षिण-पश्चिम में भारत से उसे तगड़ा जवाब मिलता आया है। मसलन, यदि चीन ने भारत के खिलाफ अपनी आक्रामकता कम नहीं की और पाकिस्तान को आक्रामक होने में सहयोग देना बंद नहीं किया, तो भविष्य में दोनों देशों को लेने के देने पड़ सकते हैं, क्योंकि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाला भारत अपने दुश्मनों की आंख में आंख डालकर बात करना जानता है। सच कहूं तो समकालीन भारत, नेहरुयुगीन साहित्यिक मिजाज वाला सम्वेदना प्रधान भारत नहीं है, बल्कि पूर्व प्रधानमंत्रियों इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, अटलबिहारी बाजपेयी के कुशल नेतृत्व के द्वारा तराशा हुआ भारत है, जिसकी तूती अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरी दुनिया में बोल रही है। बावजूद इसके, चीन इसे 1962 वाला भारत समझने की गलती कर रहा है, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की अदूरदर्शिता की वजह से भारत को अपने नेक इरादे के बावजूद भारत-चीन युद्ध में मुहकी खानी पड़ी थी। हालांकि, उसके बाद पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और अटल बिहारी बाजपेयी और मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में भारतीय सेना, चीनी सैनिकों के किसी भी दुस्साहस का मुहंतोड़ जवाब दे रही है, जिससे चीन की बौखलाहट समझी जा सकती है। पहले की बात को यदि छोड़ भी दें तो करीब ढाई साल पूर्व 15 जून 2020 की रात को पूर्वी लद्दाख में गलवान घाटी में भारत और चीन के बीच हुए एक हिंसक संघर्ष में 20 भारतीय सैनिक शहीद हो गये थे। वहीं काफी संख्या में चीन के सैनिक भी मारे गये थे। तब से वहां पर तनाव खत्म करने के लिए दोनों देशों के सैन्य कमांडरों के बीच 16 दौर की बैठकें हो चुकी हैं। इस दौरान पेंगोंग झील, गोगरा समेत कुछ क्षेत्रों में दोनों देशों के सैनिक पीछे हटे हैं। लेकिन डेमचौक तथा डेपटांग में कुछ स्थानों पर अभी भी दोनों देशों के सैनिक डटे हुए हैं।

**■ कमलेश पांडे**

## धर्म दर्शन

# श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

### अथ प्रथमोऽध्यायः

विवेकका ज्ञान रखनेवाली तथा उद्यमी स्वभाववाली वह विशालनयना राजकुमारी सभी समय हम दोनोंकी सेवा करती रहती थी ॥ 18 ॥

वह हमारे स्नानके लिये जल, पर्याप्त मधुर भोजन, मुख-शुद्धिके लिये सुगन्धित गन्ध-द्रव्य तथा और भी जो हमारा अभीष्ट रहता, उसे समय से हमलोगोंको दिया करती थी ॥ 19 ॥

वह कन्या हम दोनोंकी मनोभिलषित वस्तुएँ उपस्थित किया करती थी। वह व्यजन (पंखा), आसन तथा शय्या आदि मनोवांछित सामग्रियोंको उपलब्ध कराती रहती थी ॥ 20 ॥

इस प्रकार उसके द्वारा सेवित होते हुए हम दोनों राजा संजयके भवनमें रहने लगे। वेदाध्ययनके स्वभाववाले हम दोनों मुनि सदा वेदव्रतमें संलग्न रहते थे ॥ 21 ॥

मैं हाथमें वीणा धारणकर उत्तम स्वरकी साधना करके कानोंके लिये रसायनस्वरूप अत्यन्त मधुर गायत्र सामका गान करता रहता था ॥ 22 ॥

मनोहर सामगान सुनकर वह विदुषी राजकुमारी मेरे प्रति अनुरागयुक्त तथा प्रीतिमय हो गयी ॥ 23 ॥

मेरे प्रति उस राजकुमारीका अनुराग दिनोदिन बढ़ता ही चला गया और मुझमें प्रेम-भाव रखनेवाली उस कन्याके प्रति मेरा भी मन अत्यन्त आसक्त हो उठा ॥ 24 ॥

मुझपर विशेष अनुराग रखनेवाली वह राजकुमारी मेरे तथा उस पर्वतमुनिके लिये किये जानेवाले भोजनादिके प्रबन्धमें तथा सेवाकार्यमें कुछ भेदभाव करने लगी ॥ 25 ॥

स्नानके लिये मुझे वष्पकार में तथा पर्वतमुनिक लिये शीतल जल और इसी प्रकार मेरे लिये दहा तथा पर्वतमुनिके लिये मट्ठेकी व्यवस्था करती थी ॥ 26 ॥

वह मेरे लिये अत्यन्त प्रेमपूर्वक जैसा आस्तरण (बिछौना) बिछाती थी, वैसा पर्वतके लियेनहीं ॥ 27 ॥

वह सुन्दरी मुझे अत्यन्त प्रेमपूर्ण भावसे देखती थी, किंतु पर्वतमुनिको नहीं। तब मुनि पर्वत उस प्रकारका प्रेम-भेद देखकर मन-ही-मन विस्मित होकर सोचने लगे कि ऐसा क्यों हो रहा है? एकान्तमें उन्होंने मुझसे पूछा- हे नारद! मुझे भलीभाँति बताइये, यह राजकुमारी अत्यन्त प्रसन्न होकर आपसे अत्यधिक प्रेम करती है और स्नेहयुक्त होकर आपको नानाविध भोज्य पदार्थ देती है, किंतु वैसा मेरे साथ नहीं करती है; यह भेद-भाव मेरे मनमें सन्देह उत्पन्न कर रहा है। ऐसा प्रतीत होता है कि राजा संजयकी पुत्री आपको निश्चय ही पति बनाना चाहती है ॥ 28-31 ॥

- क्रमशः

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

# फेरीवाले का बदलता समय

हम आजकल अपने मुहल्ले व शहर में अगर गौर करें,तो देखें कि पहले जो फेरी वाले पैदल या साइकिल पर अपना सामान बेचा करते थे। वह फेरीवाले अब बाइक या मोपेड पर अपना सामान बेच रहे हैं। इसे आधुनिकता का प्रभाव कहें या आर्थिक मजबूती ,लेकिन कुछ वर्षो में बदलाव तो आया है। पैदल घुमने वाले फेरीवाले दिन भर में जितना चक्कर लगाया करते थे,उसे कई गुना वे बाइक व मोपेड से चक्कर लगा लेते हैं। इस कार्य से उनकी आय में भी बढ़ोत्तरी होती है। साथ ही उनकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार हो रहा है। आज हम मछली, कपड़ा, बर्त्तन बेचनेवालों को बाइक व मोपेड पर समान बेचने वालों को आसानी से अपने मुहल्लों में देख सकते हैं। यह आधुनिकता का प्रभाव तो है ही । साथ ही आर्थिक सम्पन्नता को भी बतला रहा है। कभी मुहल्लों में यह फेरी वाले पैदल घुमा करते थे और थक कर किसी मकान के ओटे पर सुस्ताने के बाद आगे बढ़ा करते थे। उस समय उनकी स्थिति दयनीय हो जाती थी। अभी पर्व-त्योहार के समय में इन फेरीवालों की दिनभर में अच्छी खासी बिक्री हो जाया करती है। पर्व के मौसम में बाहर से भी आने वाले लोग फेरी करके अपना सामान बेचा करते हैं। यहां के कई ऐसे फेरी वाले हैं जो अपनी बाइक व मोपेड पर लगभग एक छोटी-मोटी दुकान साथ लेकर चलते हैं। यह एक ही मुहल्लों में वर्षो से आने के कारण काफी विश्वसनीय हैं। इनसे ग्राहक, जिनमें महिलाओं की संख्या ज्यादा है, बेझिझक खरीदारी करतीं हैं।

**■ दिनेश कुमार , मेदिनीनगर।**

# पीटी उषा के नेतृत्व में भारतीय ओलंपिक संघ से बढ़ी उम्मीदें

पीटी उषा का भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) का अध्यक्ष बनना काफी समय सेलंबित था। वह एक किंवदंती हैं, प्रतिमान हैं और मैं उनकी बहुत बड़ी प्रशंसक हूं। मैं रोमांचित हूं कि जिन्हें मैं अपना आदर्श मानती रही हूं। भारतीय ओलंपिक संघ की पहली महिला अध्यक्ष बननेजा रही हैं। वाकई, एक खिलाड़ी-अध्यक्ष चाहे, तो बहुत बदलाव ला सकता है, क्योंकि खिलाडियों से उसे खास सहानुभूति होगी। मैं ऐसा इसलिए कह रही हूं, क्योंकि मुझे अच्छा प्रशासन नसीब नहीं हुआ और किसी न किसी वजह से मुझे निशाना बनाया गया था। एक नियमित खिलाड़ी होने के बावजूद मुझे वैसा समर्थन नहीं मिल पाया, जिसकी मुझे हमेशा जरूरत रही। जब एक खिलाड़ी का भारतीय ओलंपिक संघ में शीर्ष पर होना महत्वपूर्ण है, तब यह बात भी ध्यान देने योग्य है कि खिलाडियों और प्रशासकों का मिला-जुला संगठन ही प्रभावी ढंग से काम कर सकता है। यह एक खिलाड़ी की विशेषज्ञता पर भी निर्भर है कि वह प्रशासक की राजनीतिक और विश्लेषणात्मक सोच के साथ मिलकर पूरे संघ का नेतृत्व करता है। उषा एक महिला अध्यक्ष के रूप में बदलाव ला सकती हैं, बशर्ते उन्हें ऐसा करने का मौका दिया जाए। सच कहा जाए, तो ऐसे पद बड़ी जिम्मेदारी के साथ आते हैं और अक्सर इनमें जितना दिखता है, उससे कहीं अधिक होता है। यह मैं आज एक अकादमी चलाते हुए सीख रही हूं। यह सुनिश्चित करते हुए कि आपके किसी फैसले से कोई परेशान न हो, हर किसी को खुश करने की जरूरत को साधते हुए सावधान रहना होगा। यह एक कठिन डगर है। उषा के लिए यह आसान नहीं होने वाला है, लेकिन मुझे उम्मीद है कि वह ठोस बदलाव लाने में सक्षम होंगी। मुझे उम्मीद हैकि नया आईओए एथलीट आयोग के संबंध में दबावों के आगेनहीं झुकेगा, जैसा मैंने एथलीट निकायों को करते देखा है। मुझे याद है, मैं खिलाड़ियों के एक जीवंत संघ का हिस्सा बनना चाहती थी, पर मैंने सीखा कि संघ बहुत दमघोंटू भी हो सकता है। इसलिए मेरा मानना है, अगर उषा आईओए में ठोस बदलाव करती हैं, एथलीट आयोग को निर्णय लेने में अधिक आजादी देती हैंऔर यह सुनिश्चित करती है कि खिलाड़ी संघ में सुरक्षित और आत्मविश्वास महसूस करें, तो यह देश में खेलों के लिए बड़ी जीत होगी। इच्छुक और अनुभवी खिलाडियों से भरे संगठन में सबकी आवाज सुनी जानी चाहिए। खिलाडियों का समर्थन करने के लिए एक दृढ़ संगठन की जरूरत पड़ेगी। अगर हम सब साथ आएं, तो बदलाव ला सकते हैं। खिलाड़ियों को मुखर होना होगा। वैसे इतिहास मेरे लिए कठिन शिक्षक रहा है, यह मुझे थोड़ा शंकालु बना रहा है। पी टी उषा को भारतीय ओलंपिक संघ में खिलाड़ियों के लिए अधिक आजादी की पैरोकारी करनी चाहिए। यह सुनिश्चित करना होगा कि संघ सभी खिलाड़ियों के कल्याण को प्राथमिकता दे। यह कल्याण खेल से परे भी है और इसमेंहर तरह की समस्याएं शामिल हैं, जो खिलाड़ी अक्सर झेलते हैं। मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों से लेकर उत्पीडन तक और यहां तक कि यौन उत्पीड़न जैसी परेशानियों से भी खिलाड़ियों को गुजर गुना पड़ता है। खुद एक खिलाड़ी के रूप में मैं जानती हूं कि हमारी खेल व्यवस्था में उत्पीड़न और शोषण के कई मामले हैं। कई खिलाड़ी इस बारे में बात करने में भी असमर्थ हैं या डरे हुए हैं। खिलाड़ियों और संगठन के बीच सहज संवाद की सुविधा ऐसी होनी चाहिए कि खिलाड़ी अपना पूरा ध्यान अपने खेल में उत्कृष्टता प्राप्त करने पर लगा सकें। जो खिलाड़ी देश का प्रतिनिधित्व करना चाहते हैं और जीतकर पदक व ट्रॉफियां घर लाना चाहते हैं, उन्हें सुरक्षित महसूस कराने की जरूरत है। खिलाड़ियों को यह बताना जरूरी है कि संगठन से संवाद के द्वार उनके लिए हमेशा खुले हैं। ऐसा माहौल चाहिए, जहां संघ अपने खिलाड़ियों की देखभाल करता हो, समस्या बड़ी हो या छोटी, संघ उनसे निपटने में मदद करता हो, जहां खिलाड़ियों के साथ सम्मान और गरिमापूर्ण व्यवहार किया जाता हो।

**■ ज्वाला गुट्टा गु , प्रसिद्ध बैडमिंटन खिलाड़ी**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# कैसे संतुलित रखें अपने नवजात का वजन ?



जब बच्चा थोड़ा बड़ा हो जाए और आप उन्हें सॉलिड फूड देने लगें तो कोशिश करें कि बच्चे को फल, सब्ज़ियों, साबूत अनाज और दाल आदि से हल्की-फुल्की चीजें बनाकर खिलाएं। हर दिन अलग-अलग तरह की चीजें दें जिससे बच्चे को सारे पोषक तत्व मिलते रहेंगे और उनका वजन स्वस्थ तरीके से बढ़ेगा।

नवजात शिशु का विकास सही तरह से हो रहा है या नहीं वह उसकी लंबाई और वजन से ही मापा जाता है इसलिए डॉक्टर नवजात के वजन पर निगरानी रखने की सलाह देते हैं। आमतौर पर नवजात शिशु का वजन 2.5 से 3.5 किलोग्राम तक होता है जो सामान्य है। इससे कम या अधिक वजन असमान्य माना जाता है। जन्म के बाद बच्चे का वजन स्वस्थ तरीके से बढ़े इसलिए लिए मां को कुछ बातों का ध्यान रखने की जरूरत है।

**स्तनपान है जरूरी-** चिकित्सकों के अनुसार, नवजात बच्चों के लिए मां का दूध ही सबसे हेल्दी होता है और उन्हें सारे पोषक तत्व इसी से मिलते हैं। कुछ महिलाएं ऑफिस जाने के कारण बच्चे को स्तनपान नहीं करा पाती और फॉमूर्ला मिल्क देती हैं, जिससे बच्चे का पेट तो भर जाता है लेकिन मां के दूध जितना पोषण नहीं मिल पाता। साथ ही इसमें अंदाजा नहीं मिल पाता कि बच्चे का पेट भरा या नहीं से में कई बार दादी/नानी बच्चे को ज्यादा दूध पिला देती हैं जो सेहत के लिए ठीक नहीं होता है। जबकि स्तनपान में ज्यादा दूध पिलाना संभव ही नहीं है क्योंकि पेटभर जाने पर बच्चा खुद ही दूध पीना छोड़ा देता है यानी बच्चों के संतुलित वजन के लिए ब्रेस्टफीडिंग बहुत जरूरी है।

**हर बार रोने पर दूध न पिलाएं :** नवजात शिशु का रोना सामान्य बात है। हर बार वह भूख लगने की वजह से ही रोते है ऐसा जरूरी नहीं है। कभी कुछ असहज महसूस करने या डर जाने पर भी रोने लगते हैं। हेल्थ एक्सपट्र्स के मुताबिक, कई महिलाएं जैसे ही बच्चा रोता है तुरंत दूध पिलाने लगती है जिससे कई बार वह ओवरफीडिंग करा देती हैं जो बच्चे की सेहत के लिए ठीक नहीं है ठीक वैसे ही जैसे भूख से अधिक खाना आपकी सेहत के लिए ठीक नहीं होता है।

**हेल्दी फूड दें :** हेल्थ एक्सपट्र्स के अनुसार, जब बच्चा थोड़ा बड़ा हो जाए और आप उन्हें सॉलिड फूड देने लगें तो कोशिश करें कि बच्चे को फल, सब्ज़ियों, साबुत अनाज और दाल आदि से हल्की-फुल्की चीजें बनाकर खिलाएं। हर दिन अलग-अलग तरह की चीजें दें जिससे बच्चे को सारे पोषक तत्व मिलते रहेंगे और उनका वजन स्वस्थ तरीके से बढ़ेगा।

**जबर्दस्ती न खिलाएं :** यदि बच्चा खाना खाने लगा है तो कभी भी उसे जबरन न खिलाएं। उसे जितनी भूख होगा खा लेगा। हां, यदि डॉक्टर बोलता है कि आपके बच्चे का वजन कम है तो आप उन्हें बहलाकर खिला सकती हैं।

**परिवार के साथ खाने की आदत :** जब बच्चा खाना खाने लगे तो हमेशा पूरे परिवार के साथ बैठकर खाने की आदत डालें। शोधकताओं के मुताबिक, परिवार के साथ भोजन करने वाले बच्चों के ओवरवेट होने की संभावना कम होती है। साथ ही इससे परिवार के साथ बच्चों की बॉन्डिंग मजबूत होती है।

**शारीरिक गतिविधि :** डॉक्टरों के मुताबिक, बच्चे के लिए फिजिकल एक्टिविटी बहुत जरूरी है दिनभर गोद में लिए रहने की बजाय उन्हें जमीन पर बिठाएं और खिसकने, चलने के लिए प्रेरित करें। लेकिन इस बात का ध्यान रहे की बच्चा जिस जगह पर है वहां आसपास कोई खतरनाक सामान न हो यानी बच्चे के चलने, दौड़ने और खिसकने के लिए जगह पूरी तरह से सुरक्षित हो। शारीरिक गतिविधि बच्चे का वजन संतुलित रखने में मदद करती है। आजकल बच्चों में जिस तरह से ओबेसिटी की समस्या बढ़ती जा रही है, बहुत जरूरी है कि छोटी उम्र से ही माता-पिता स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं और बच्चे को भी इसके लिए प्रेरित करें।

❖ कंचन सिंह

# सिल्क के कपड़ों को धोने का सही तरीका

सिल्क के कपड़ों को धोने के लिए आप एक बड़ी बाल्टी या टब में ठंडा पानी भरें और उसमें सिल्क के कपड़ों को पूरी तरह से डुबो दें। सिल्क के कपड़ों को धोते हुए आपको अपने डिटर्जेंट पर भी ध्यान देना होगा।

सिल्क के कपड़ों की एक अलग ही बात होती है। सिल्क की साड़ियों का क्रेज तो हर महिला को होता है, लेकिन एक सच यह भी है कि यह काफी डेलिकेट और महंगे होते हैं और इसलिए इन्हें एक अलग केयर की जरूरत होती है। जब सिल्क फैब्रिक के कपड़ों को धोने की बात आती है तो यकीनन हमेशा डाई क्लीनिंग का ही ख्याल आता है। लेकिन ऐसा जरूरी नहीं है कि आप हर बार बाजार से सिल्क के कपड़ों की डाई क्लीनिंग करवाकर पैसे खर्च करें। इन्हें घर पर भी थोड़ी सावधानी के साथ धोया जा सकता है।

**ऐसे धोएं स्टेप बाई स्टेप :** सिल्क के कपड़ों को धोने के लिए आप एक बड़ी बाल्टी या टब में ठंडा पानी भरें और उसमें सिल्क के कपड़ों को पूरी तरह से डुबो दें। सिल्क के कपड़ों को धोते हुए आपको अपने डिटर्जेंट पर भी ध्यान देना होगा। इसके लिए आप हाई-क्वालिटी लिक्विड डिटर्जेंट लें और फिर कम मात्रा में इसे पानी में डालकर मिक्स करें और दो-तीन मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। अब आप सिल्क के कपड़ों से गंदगी हटाने के लिए उसे पानी में चार-पांच बार उपर-नीचे करें। अब कपड़े को बाल्टी से बाहर निकालें और ठंडे पानी से तब तक धोएं, जब तक उसमें मौजूद डिटर्जेंट अच्छी तरह निकल ना जाए।

अब एक टॉवल लें और उस पर अपने सिल्क के कपड़ों को रखकर अतिरिक्त पानी को सोखें। कभी भी सिल्क के कपड़ों को मोड़कर निचोड़ने की कोशिश ना करें, ऐसा करने से आपके सिल्क के कपड़ों को नुकसान हो सकता है। अब आप अपने सिल्क के कपड़ों को सुखाने वाली रैक पर लटकाएं। हालांकि इस बात का ध्यान रखें कि आप कभी भी उसे सीधे धूप में ना सुखाएं।

इन स्टेप्स को अपनाकर आप सुरक्षित तरीके से अपनी सिल्क की साड़ियों से लेकर ब्लाउज, सूट, पजामा, चादर व तकिए आदि को धो सकती हैं।

**इसका रखें ध्यान :** जब आप सिल्क फैब्रिक को धोती हैं तो उसके लिए आपको कुछ छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखना चाहिए। मसलन, कपड़ों को धोने से पहले उसके वॉश केयर निदेशों को जरूर पढ़ें। इसके अलावा, आप कभी भी सिल्क कपड़ों को धोने से पहले उसकी कलर टेस्टिंग जरूर करें। आपको यह जरूर चेक करना चाहिए कि सिल्क फैब्रिक से कलर निकल रहा है या नहीं। साथ ही सिल्क फैब्रिक को धोते हुए हमेशा ठंडे पानी का ही इस्तेमाल करें।

# असंतुलित भोजन के कारण खराब हो सकती है आपकी नींद



कुछ लोगों को चाय/कॉफी की ऐसी लत होती है की रात को भोजन के बाद भी एक प्याली चाय पी लेते हैं, लेकिन उन्हें शायद यह पता नहीं होता कि चाय/कॉफी में मौजूद कैफीन लंबे समय तक दिमाग को एक्टिव रखता है जिससे आपको जल्दी नींद नहीं आती और आप देर रात तक करवटें बदलते रहते हैं। सेहतमंद रहने के लिए पर्याप्त नींद बहुत जरूरी है। नींद की कमी से शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक समस्याएं भी हो सकती हैं, इसलिए यदि आपको रात में ठीक से नहीं आ रही है तो इसे हल्के में न लें और अपनी जीवनशैली से लेकर डायट तक सभी चीजों पर आपको ध्यान देने की जरूरी है। जहां तक डायट का सवाल है तो लोग इसे सिर्फ वजन से जोड़कर देखते हैं, जबकि ऐसा नहीं है। डायट का आपके संपूर्ण स्वास्थ्य पर असर पड़ता है और नींद भी उसमें से एक है।

## नींद में खलले के लिए ज़िम्मेदार खाद्य पदार्थ

कुछ खाद्य पदार्थ ऐसे है जिनके सेवन से आपकी नींद प्रभावित हो सकती है इसलिए आपको इसके बारे में पता होना चाहिए।

**चाय/कॉफी :** विशेषज्ञों के मुताबिक, कुछ लोगों को चाय/कॉफी की ऐसी लत होती है की रात को भोजन के बाद भी एक प्याली चाय पी लेते हैं, लेकिन उन्हें शायद यह पता नहीं होता कि चाय/कॉफी में मौजूद कैफीन लंबे समय तक दिमाग को एक्टिव रखता है जिससे आपको जल्दी नींद नहीं आती और आप देर रात तक करवटें बदलते रहते हैं।

**मसालेदार और भारी भोजन :** हेल्थ एक्सपट्र्स के मुताबिक, रात में हमेशा हल्का और आसानी से पचने वाला भोजन ही करना चाहिए। यदि आप रात को तला-भुना और मसालेदार खा लेते हैं तो आपको पेट में जलन, एसिटिडी आदि की समस्या हो सकती है जिससे आपको रात को ठीक से नींद नहीं आएगी।

**आइसक्रीम :** आइसक्रीम का नाम सुनते ही हर किसी के मुंह में पानी आ जाता है, लेकिन आपको भी यदि रात में आइसक्रीम खाने की आदत है तो इसे बदल लीजिए, वरना आपकी नींद खराब हो सकती है। हेल्थ एक्सपट्र्स के अनुसार, आइसक्रीम में चीनी की मात्रा शुगर का लेवल बढ़ा देती है जिससे आंखों से नींद गायब हो जाती है।

**चॉकलेट :** कुछ लोगों को खाने के बाद मीठा खाने की आदत होती है और वह हर रात को सोने से पहले चॉकलेट खाते हैं और फिर उन्हे अनिद्रा की समस्या हो जाती है। चिकित्सकों के अनुसार, ऐसा चॉकलेट में मौजूद फैट और कैफीन की वजह से होता है।

यदि आप सुकून भरी नींद चाहते हैं तो हेल्दी डायट और एक्सरसाइज को अपनी रूटीन में शामिल करना बहुत जरूरी है। जब आपकी नींद पूरी होगी तो सुबह उठने पर आपको आलस और थकान नहीं, बल्कि ताजगी का एहसास होगा और आप अपना हर काम फूर्ति से करेंगे।

**अच्छी नींद के लिए अपनाएं यह आदतें :** हेल्थ एक्सपट्र्स के मुताबिक, अपनी आदतों में कुछ बदलाव करके अनिद्रा की समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है।

- सोने से कम से कम 2-3 घंटे पहले रात का भोजन कर लें और फास्ट व जंक फूड बिल्कुल न खाएं। आसानी से पचने वाली चीजें ही खाएं।
- खाने के बाद थोड़ी देर वॉक करें।
- आयुर्वेद के जानकारों के मुताबिक, सोने से पहले एक ग्लास गर्म दूध पीएं, इससे शरीर को कैल्शियम की आपूर्ति तो होगी ही और गर्म दूध दिमाग को शांत करता है जिससे नींद अच्छी आती है।
- दूध के साथ ही शहद और बादाम खाना भी अच्छा विकल्प है।
- तनाव न लें और सोने से पहले मेडिटेशन कर लें।
- मोबाइल स्क्रीन देखने की बजाय बिस्तर पर कोई किताब पढ़ें।
- रोजाना सैर पर जाएं और योग/कसरत करें। दिमाग को शांत रखने के लिए रोजाना मेडिटेशन प्रैक्टिस से भी नींद न आने की समस्या हल हो सकती है।

❖ कंचन सिंह

# अखरोट खाने के कुछ फायदे हैं तो कुछ नुकसान, कब और कैसे खायें?

हमारे दिल व दिमाग के लिए अखरोट बेहद फायदेमंद माने जाते हैं लेकिन इसे कितनी मात्रा में खाना चाहिए यह बहुत कम लोगों को ही पता होता है। वैसे तो नट्स का सेवन सेहत के लिए अच्छा ही होता है लेकिन अधिक व अनियंत्रित तरीके से सेवन करने पर नुकसान भी हो सकता है। अखरोट को ओमेगा 3 फैटी एसिड से भरपूर ब्रेन फूड माना जाता है। वैसे इसमें अन्य कई पोषक तत्व भी पाए जाते हैं। खासतौर से, ठंड के मौसम में नट्स का सेवन जरूर करना चाहिए। अगर आप भी अपनी डाइट में अखरोट को शामिल करते हैं। कहते हैं कि यदि स्वस्थ रहना है तो दिल का ख्याल रखना बहुत जरूरी है और दिल यानि हृदय। हेल्थ एक्सपर्टस की मानें तो पूरी दुनिया में मृत्यु दर के प्रमुख कारणों में से एक है हृदय रोग। ऐसे में दिल की देखभाल करना बेहद जरूरी है। संचार प्रणाली के माध्यम से हमारा दिल का काम पूरे शरीर में रक्त को पंप करना है और शरीर के विभिन्न भागों में ऑक्सीजन के साथ-साथ अन्य पोषक तत्वों की आपूर्ति करना है। इसके अलावा दिल में जमा कचरे को हटाने में भी मदद करता है। ऐसे में दिल को स्वस्थ रखने में खान-पान एक बहुत ही बड़ी भूमिका निभाता है क्योंकि जो हम खाना खाते हैं उसका सीधा असर हृदय स्वास्थ्य पर पड़ता है। अखरोट जैसे कुछ अन्य नट्स व बीज हृदय के लिए बहुत अच्छे माने जाते हैं और इनका एक निश्चित मात्रा में सेवन आपके दिल के लिए काफी लाभकारी है। यह हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य को आश्चर्यजनक लाभ प्रदान करते हैं।

अखरोट खाने के कितने फायदे हैं, यह जानकार आप यकीनन इसे अपने आहार में श?ामिल कर लेंगे। तो आइये हम आपको बताते हैं कि कैसे आप अखरोट को दैनिक जीवन में ला सकते हैं और इसे कब और कैसे खाया जा सकता है।



**अखरोट कब और कैसे खाएं? :** विशेषज्ञों के अनुसार प्रतिदिन अखरोट के दो से तीन टुकड़ें सुबह-शाम या शाम के नाश्ते के रूप में खाए जाने चाहिए। कोशिश करें कि अखरोट को खाली पेट न खाएं क्योंकि अखरोट के तेल से पेट में आपको जलन हो सकती है।

## अखरोट के फायदे

- अखरोट में कई तरह के पोषक तत्वों मौजूद होते हैं, जिसमें मैग्नीशियम, फाइबर, हेल्दी फैट, विटामिन ई और खनिज शामिल होते हैं। साथ ही इसका सेवन टाइप 2 डायबिटीज को मैनेज करने में मदद करता है।
- ओमेगा-3 फैटी एसिड से युक्त अखरोट शरीर में मौजूद बैड कॉलेस्ट्रॉल को कम करता है, सूजन को कम कर सकता है और साथ ही ब्लड प्रेशर के स्तर को भी कम करने में मदद करता है। जिसके चलते हृदय रोगों का खतरा कम हो जाता है।
- अखरोट के खाने से शाकाहारियों में विशेषकर से ओमेगा-3 और 6 फैटी एसिड की जरूरत को पूरा करने में मदद करता है।
- इसके अलावा अखरोट वजन घटाने में मदद करता है। इसके अलावा आपको एंटीऑक्सीडेंट भी प्रदान करता है। अखरोट के ये सभी गुण एक साथ हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं।

**दिन में कितना सेवन करना होगा फायदेमंद? :** हमारे दिल व दिमाग के लिए अखरोट बेहद फायदेमंद माने जाते हैं लेकिन इसे कितनी मात्रा में खाना चाहिए यह बहुत कम लोगों को ही पता होता है। वैसे तो नट्स का सेवन सेहत के लिए अच्छा ही होता है लेकिन अधिक व अनियंत्रित तरीके से सेवन करने पर नुकसान भी हो सकता है। हेल्थ एक्सपट्र्स का कहना है कि अखरोट का सेवन सब के लिए अलग प्रकार से है जैसे कुपोषित लोग अखरोट के 10 से 12 टुकड़े खा सकते हैं। जबकि स्वस्थ व्यक्ति 6-7 हिस्से ले सकते हैं। इसके अलावा मोटे लोगों को प्रतिदिन 5 से अधिक अखरोट के टुकड़े का सेवन व हृदय रोग से पीड़ित को 2-4 हिस्सों का ही सेवन करना चाहिए।

**अखरोट खाने के क्या है नुकसान? :** अखरोट में अधिक कैलरी होती है। ऐसे में इसका सेवन नियंत्रित तरीके से ही करें। अधिक मात्रा में सेवन आप के वजन को बढ़ा सकता है और दस्त या पेट से जुड़ी अन्य समस्याएं भी हो सकती हैं। अखरोट के सेवन से कुछ लोगों को एलर्जी भी हो सकती है तो डाइट में शामिल करने से पहले एलर्जी की जांच जरूर कर लें।

# इस पोजिशन में बैठता है बच्चा तो हो जायें सतर्क



बच्चों की सेहत का ध्यान रखना किसी टास्ट से कम नहीं है, खासकर छोटे बच्चों। अक्सर पेरेंट्स बच्चों की छोटी-छोटी आदतों को नजरअंदाज कर देते हैं, जो आगे चलकर एक बड़ी समस्या का कारण बन जाती है। अब बच्चों के बैठने के तरीके को ही ले लीजिए। आपने देखा होगा कि कुछ बच्चे डब्ल्यू पोजीशन में बैठते हैं लेकिन यह पोजीशन उनकी सेहत के लिए हानिकारक साबित हो सकती है।

**क्यों घुटने के बल बैठने से होती है समस्या :** बच्चों के लगातार घुटने के बल बैठे रहने से हाइपरमोबाइल की स्थिति पैदा हो सकती है, जिसके कारण उनके जोड़ों में दर्द और ट्रंक की मांसपेशियां कमजोर हो सकती है। दरअसल ऐसा उस स्थिति में होता है जब वह लगातार घुटने के बल बैठे रहने से बच्चें ज्यादा सक्रिय नहीं हो पाते हैं जितने होने की आवश्यकता होती है।

**शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए खतरनाक :** कई बार बच्चे खेलते, पढ़ते या टीवी देखते समय अपने पैरों को मोड़कर बैठ जाते हैं, जोकि उनके लिए खतरनाक हो सकता है। ज्यादातर बच्चे 'डब्ल्यू सिटिंग' पोजीशन में ही बैठे नजर आते हैं लेकिन इस तरह बैठना बच्चे का शारीरिक और मानसिक विकास नहीं होने देता।

**हड्डियां हो सकती है कमजोर :** अगर आपका बच्चा ह आकार में पैरों को मोड़ कर बैठता है तो इससे बच्चों की हड्डियां कमजोर हो सकती है और उनकी ग्रोथ भी रुक सकती है। इस प्रकार की पोजीशन में बैठने से बच्चों के विकसित होते अंगो पर भी गहरा असर होता है।

**शरीर के कई हिस्सों पर पड़ता है दबाव :** बहुत देर तक घुटने के बल बैठे रहने से गर्दन, कंधे और पीठ के ऊपरी हिस्सों पर दबाव पड़ता है। इसके साथ ही अगर आपका बच्चा लगातार घुटने के बल बैठकर टीवी देखता रहता है या फिर उसके कंधे पर अधिक भार डाला हुआ है तो उसकी इन जगहों पर दर्द होना शुरू हो जाएगा और उसे परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

**मांसपेशियों में जकड़न :** ऐसे बैठने वाले बच्चों के पैर शरीर के मुकाबले कमजोर होते हैं, हड्डियां गलत तरीके से जुड़ जाती हैं और मांसपेशियों में जकड़न आ जाती है। ऐसे में बेहतर होगा कि आप अपने बच्चे की इस आदत को जल्दी बदल डालें।

**हड्डी खिसकने का रहता है डर :** जो बच्चे 'डब्ल्यू' की पोजिशन में बैठते हैं उनकी हड्डी खिसकने का खतरा भी बना रहता है क्योंकि इससे मांसपेशियां और तंत्रिकाएं कमजोर पड़ जाती है।

**पाइगन टोड समस्या :** डब्ल्यू पोजिशन की वजह से बच्चें की जांघ की मांसपेशियों को लचीले स्वभाव से आराम करने का मौका नहीं मिल पाता, जिससे पैर सामान्य अवस्था में भी एक प्रकार की कठोरता विकसित कर लेते हैं। इसकी वजह से उन्हें पाइगन टोड की समस्या हो सकती है।

**कौन-सी पोजिशन है सही? :** सुखासन सबसे अच्छी पोजिशन है, जिसे किसी भी उम्र के लोग करें तो अच्छा है।

# आज का राशिफल

**मेष राशि :** मेष राशि के जातक छोटी-मोटी मुश्किलों पर ध्यान नहीं देंगे। अपनी फील्ड के विशेषज्ञ लोगों से संपर्क बनाएंगे, जिससे अपने व्यवसाय को और विस्तार दे सकें।

**वृष राशि :** वृष राशि के जातक आज अपने मित्रों व सहयोगियों की परेशानियों को हल करने में मदद करेंगे। कामकाज से संबंधित गहन शोध काम को विस्तार देने में मदद करेगी।

**मिथुन राशि :** मिथुन राशि के जातकों के कामकाज से संबंधित किसी एग्रीमेंट के साइन होने की संभावना बन रही है। पुराना कोई विवाद हल होगा।

**कर्क राशि :** कर्क राशि के जातक आज अपने ऑफिस के माहौल को बेहतर बनाने का प्रयास करेंगे। उसके लिए बेकार चीजों को हटाएंगे। रूटीन के काम को बेहतर ढंग से करने के लिए भी प्लानिंग करेंगे।

**सिंह राशि :** सिंह राशि के जातकों में नए विचारों का सृजन होगा। जिससे आपको एक नई पहचान मिलेगी और उसके बदले में धन प्राप्ति की भी अच्छी संभावना है।

**कन्या राशि :** कन्या राशि के जातकों को अपने कामकाज के साथ-साथ घर से संबंधित मरम्मत पर भी ध्यान फोकस करना पड़ेगा। आपके बुद्धिमत्ता पूर्ण निर्णय अपने कामकाज तथा परिवार के हित में होंगे।

**तुला राशि :** तुला राशि के जातकों का सोशल मीडिया पर इंवॉल्वमेंट बढ़ेगा। इसकी वजह से समय व्यर्थ जाने का योग भी बन रहा है। परंतु अगर इसका प्रयोग अपने कामकाज को बढ़ाने में करें।

**वृश्चिक राशि :** वृश्चिक राशि के जातक आज उदार मन से दूसरों का सहयोग करने की प्रवृत्ति रहेगी। हालांकि आप अपने नफे नुकसान को समझकर ही व्यवहार करेंगे।

**धनु राशि :** धनु राशि के जातक आत्मसंशय से परिस्थितियों को खराब कर सकते हैं। अपनी क्षमताओं पर पूर्ण विश्वास रखें, सफलता आपको जरूर मिलेगी लोगों का सहयोग मिलेगा धन प्राप्ति की राह में कुछ मुश्किल हो सकती है।

**मकर राशि :** मकर राशि के जातक आज आत्मकेंद्रित रहेंगे। दूसरों की बातों पर अधिक ध्यान ना देते हुए शांति से अपने काम में लगे रहेंगे। विरोधियों को परास्त करने के लिए सही समय का इंतजार करना आपके लिए बेहतर रहेगा।

**कुंभ राशि :** कुंभ राशि के जातक आज अपने सभी कामों को तेजी से पूरा करने का प्रयास करेंगे। जल्दीबाजी में गलती ना हो इस बात का जरूर ध्यान रखें। जरूरत से ज्यादा दूसरों को नसीहत देना आपके लिए मुश्किलें खड़ी कर सकता है।

**मीन राशि :** मीन राशि के जातकों के कार्यक्षेत्र में उतार-चढ़ाव चलता रहेगा। बीच-बीच में काम ना करने का विचार मन में आएगा। परंतु व्यर्थ सोच को त्याग कर फोकस होकर काम करें तभी सफलता मिलेगी।

## न्यूज गैलरी

### डीपीएस रांची के शुभम झा का आईओक्यूएम में शानदार प्रदर्शन



रांची। डीपीएस रांची के शुभम झा (कक्षा ) ने अपने उत्कृष्ट गणितीय कौशल का प्रदर्शन करते हुए इंडियन ओलंपियाड क्वालिफायर इन मैथमेटिक्स (आईओक्यूएम) 2022 – 23 के पहले चरण में अर्हता प्राप्त कर अपनी सफलता का परचम लहराया है एवं विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है। साथ ही, शुभम इस प्रतियोगिता के अगले चरण, इंडियन नेशनल मैथमेटिकल ओलंपियाड (आईएनएमओ 2022 – 23) में शामिल होने के लिए भी क्वालिफाई कर चुके हैं। इस प्रतियोगिता में झारखंड राज्य के आठवीं से ग्यारहवीं कक्षा के कुल 05 विद्यार्थियों का चयन हुआ है जिसमें से एक डीपीएस रांची के शुभम हैं। इस अवसर पर माननीय प्राचार्य डॉ. राम सिंह ने शुभम को उनकी इस सफलता पर हार्दिक बधाई दी और आईएनएमओ में भी सफलता का परचम लहराने के लिए प्रोत्साहित किया।

### सुकुरहुटू ग्राम विकास दल कांके का बैठक सम्पन्न

कांके। सामाजिक संगठन सुकुरहुटू ग्राम विकास दल के बैनर तले सुकुरहुट्टू उत्तरी पंचायत सचिवालय सभागार में संगठन के संयोजक मंडली के सदस्यों एवं गांव के प्रबुद्ध लोगों के साथ बैठक रखा गया। बैठक में मुख्य रूप से पंचायतों से लेकर प्रखंड एवं अंचल कार्यालय तक व्याप्त भ्रष्टाचार, निमार्णाधीन ट्रांसपोर्ट नगर सहित कांके सुकुरहुट्टू क्षेत्र में विभिन्न संस्थाओं के द्वारा विस्थापित स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिलाने एवं गौ माता सेवार्थ गौशाला न्यास को दान में दिए गए जमीन पर बाहरी दबंगों द्वारा ग्रामीणों का निर्णय के विरुद्ध कराए जा रहे बाउंड्री वॉल के संबंध में चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया, संस्थापक सदस्य हरिनाथ साहू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल का गठन कर निमार्णाधीन ट्रांसपोर्ट नगर सहित सभी प्रतिष्ठानों एवं विभागों से वार्ता कर स्थानीय लोगों को रोजगार सहित तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के नौकरियों में शत–प्रतिशत स्थानीय एवं विस्थापित परिवार के लोगों को प्राथमिकता देते हुए रोजगार एवं नौकरी दिलाने के लिए संबंधित प्रतिष्ठान के प्रबंधक से वार्ता किया जाएगा। साथ ही सुकुरहुट्टू गौशाला न्यास को दान में दिए गए के जमीन पर हो रहे अवैध बाउंड्री निर्माण कार्य को ग्राम सभा सुकुरहुट्टू के माध्यम से रोकवा कर गौशाला न्यास के प्रबंधक से वार्ता करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से सुकुरहुटू ग्राम विकास दल के संस्थापक सदस्य हरिनाथ साहू, मुख्य संयोजक प्रशांत बैठा, संयोजक राजेश महतो, दशमी देवी, मालती देवी, शिखा देवी, सरिता कुमारी, संरक्षक जनक प्रजापति, अर्पणा बाड़ा कमला देवी, निलेश कुमार, तरुण कुमार सहित भारतीय जनता मजदूर संघ एवं ग्राम विकास दल सुकुरहुटू कांके के दर्जनों सदस्यगण शामिल हुए।

### श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 356 वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष में आज प्रभातफेरियों की शुरूआत होगी



रांची। गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा, कृष्णा नगर कॉलोनी, रातू रोड द्वारा श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 356वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष में कल सुबह छह बजे प्रभातफेरी निकाली जाएगी, जो गुरुद्वारा साहिब के दर्शन दिऊड़ी गेट से निकलकर भगवान दास गाबा, सुंदर दास मिड्ढा, द्वारकादास मुंजाल के आवास से होते हुए ऋषिकेश भवन तथा जीतू काठपाल, ओमप्रकाश बरेजा, सुभाष मिढ़ा, लक्ष्मण अरोड़ा, पुरुषोत्तम थरेजा एवं भगत सिंह मिढ़ा की गलियों से होते हुए गुरुद्वारा साहिब के पार्किंग गेट पहुंचकर विसर्जित हो जाएगी। प्रभात फेरी ओं का समापन 25 दिसंबर को होगा। सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि सत्संग सभा द्वारा प्रकाश पर्व को लेकर अन्य कार्यक्रम भी तय कर लिए गए हैं जिसके तहत कृष्णा नगर कॉलोनी, रातु रोड से 300 श्रद्धालुओं का जत्था इंदर मिढ़ा एवं रमेश पपनेजा के नेतृत्व में पटना साहिब में आयोजित श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व में शामिल होने के लिए 25 दिसंबर की शाम रांची से हटिया पटना ट्रेन द्वारा रवाना होगा। दूसरा जत्था आशु मिढ़ा एवं नवीन मिढ़ा के नेतृत्व में 27 दिसंबर को रवाना होगा।

---

शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो होटल रेडिसन ब्लू में सेव द चिल्ड्रेन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल

# सरकारी स्कूलों में भी सीबीएसई की तर्ज पर होगी पढ़ाई : जगरनाथ




### पढ़ाई का रंग बदल देगी सरकार

शिक्षा मंत्री श्री जगरनाथ महतो ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में झारखंड विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। शिक्षा विभाग भी इससे अछूता नहीं है। सरकार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करा रही है और इस दिशा में प्रयास जारी भी है। सरकार द्वारा बच्चों को पढ़ाई हेतु हर सहयोग किया जा रहा है। कक्षा 9 तथा 10 के छात्रों को मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति योजना के तहत राशि उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि हमने स्कूलों का रंग बदल दिया है, बच्चों के स्कूल ड्रेस का रंग बदल दिया है और पढ़ाई का रंग भी बदल देंगे, जिससे सरकारी और निजी स्कूलों के बीच का फर्क मिटा जाएगा। उन्होंने कहा कि स्कूलों में क्षेत्रीय भाषा में भी पढ़ाई होगी। इसके लिए विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है।

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में शिक्षा के स्तर को ऊंचाइयों पर ले जाना है। शिक्षा विभाग ने इसके लिए तैयारी कर ली है। नए -नए प्रयोग किये जा रहे हैं। गरीब बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए 80 नए स्कूलों का निर्माण कराया जा रहा है। सरकारी स्कूलों को भी निजी स्कूलों की बराबरी पर लाकर खड़ा करना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। सरकारी स्कूलों में भी सीबीएसई की तर्ज पर पढ़ाई होगी। इसके लिए 25 स्कूलों में पढ़ाई की स्वीकृति दी गई है। साथ ही निमार्णाधीन 80 स्कूलों में से 50 नये स्कूलों का उद्घाटन 29 दिसम्बर को किया जाएगा। उक्त बातें शिक्षा मंत्री श्री जगरनाथ महतो ने होटल रेडिसन ब्लू में सेव द चिल्ड्रेन की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में कहीं। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने सेव द चिल्ड्रेन की ओर से स्कूली बच्चों को वीडियो के माध्यम से पढ़ाई करने के लिए तैयार किये गए गुलमोहर मॉडल का उद्घाटन किया। शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सरकार द्वारा किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों में संस्थाओं की भूमिका भी महत्वपूर्ण है और सेव द चिल्ड्रेन जैसी संस्था आगे आकर बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा में जो कार्य कर रही है, वह सराहनीय है। सेव द चिल्ड्रेन पूरे झारखंड में बच्चों की प्रारम्भिक शिक्षा को सुदृढ़ करने में कार्य करे, इसमें सरकार द्वारा जो भी सहयोग की अपेक्षा होगी उसे पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के सामाजिक कार्य में सभी को आगे आना होगा। लोगों को भी अपनी महती भूमिका निभानी होगी। अभिभावकों को अपनी इच्छाशक्ति को दृढ़ करना होगा, साथ ही इस तरह की संस्थाओं को सरकार के साथ कदमताल करते हुए बच्चों के भविष्य को उज्जवल बनाने की दिशा में कार्य करना होगा। सेव द चिल्ड्रेन के राज्य प्रमुख श्री महादेव हंसदा ने कहा कि बच्चों की प्रारम्भिक शिक्षा को सुदृढ़ करना जरूरी है। ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को स्कूल जाने के लिए तैयार करने हेतु हमारी संस्था कार्य कर रही है।

### डीएसपीएमयू में छात्रों ने फिल्म महोत्सव का किया विरोध

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) और झारखंड अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल (जिफ्फा) की ओर विश्वविद्यालय परिसर में दो दिवसीय 5वें झारखंड अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव-2022 का आयोजन शनिवार और रविवार को होना है। इधर, इस आयोजन का विभिन्न छात्र संगठनों ने विरोध किया है। छात्र नेताओं का कहना है कि शिक्षण संस्थान में फिल्म महोत्सव का आयोजन करने का कोई औचित्य नहीं है। छात्रों ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने कुछ परीक्षाएं भी इस फिल्म महोत्सव के मद्देजनर स्थगित कर दी हैं। फिल्म महोत्सव के आयोजकों पर भी विरोध कर रहे छात्रों को धमकाने का आरोप लगाया। विरोध-प्रदर्शन में आजसू, एबीवीपी, आदिवासी छात्र संघ सहित अन्य दल के छात्र नेता शामिल थे।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में स्पिकमैके द्वारा राजस्थानी लोक गीत और कालबेलिया नृत्य का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने विद्यालय के प्रेक्षागृह में राजस्थानी गीत-संगीत एवं नृत्य का आनंद लिया और वहां की समृद्ध कला और संस्कृति से परिचित हुए। यह कार्यक्रम 'स्पिकमैके' संस्था द्वारा शुक्रवार को प्रस्तुत किया गया। संस्था का उद्देश्य युवाओं के मध्य शास्त्रीय संगीत और नृत्य का प्रचार-प्रसार करना है। राजस्थानी लोकगीत और कालबेलिया नृत्य (सपेरा नृत्य) का शानदार प्रदर्शन भुंगर खान मैगनियर और उनकी टीम ने किया। उन्होंने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। छात्रों ने कालबेलिया जनजाति के लोकप्रिय नृत्य के इतिहास को जाना और उनके लिए इस नृत्य के महत्व से परिचित हुए। छात्रों को नृत्य और गीत के अतिरिक्त वाद्य यंत्रों की भी जानकारी मिली। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने स्पिकमैके द्वारा छात्रों को संस्कृति और कला से जोड़ने के अभिनव प्रयास की सराहना की। प्राचार्या परमजीत कौर ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं, जिससे उन्हें अपनी समृद्ध परंपरा और संस्कृति को पहचानने में मदद मिलती है।

### नाबार्ड के अधिकारी रहे हड़ताल पर

**रांची।** वेतन संशोधन की खामियों के विरोध में शुक्रवार को नाबार्ड के झारखंड क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारियों के साथ सभी जिलों के जिला विकास प्रबंधक हड़ताल पर रहे। ऑल इंडिया नाबार्ड ऑफिसर्स एसोसिएशन के बैनर तले अधिकारी इस हड़ताल में शामिल हुए। नाबार्ड ऑफिसर्स एसोसिएशन के झारखंड इकाई के पदाधिकारियों ने बताया कि पिछले दो माह में डीएफएस के अधिकारियों को पत्र लिखा गया व बातचीत भी हुई। लेकिन इसमें सुधार नहीं किया गया। अधिकारियों ने कहा कि संसद तक मार्च निकाला जाएगा और भूख हड़ताल आंदोलन भी किया जाएगा। नाबार्ड ऑफिसर्स एसोसिएशन के झारखंड इकाई के सचिव मो आफताब उद्दीन ने बताया कि हड़ताल को सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने भी समर्थन दिया है।

## किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में कंचन कुमारी को गोल्ड मेडल, सर्टिफिकेट व ट्रॉफी दे कर किया गया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शुक्रवार को प्रमथनाथ मध्य विद्यालय में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल की स्टूडेंट कंचन कुमारी को स्कूल के सचिव इंद्रजीत चटर्जी, प्रिंसिपल कियाचंद्रा ने कंचन कुमारी को मेडल, सर्टिफिकेट व ट्रॉफी दे कर सम्मानित किए व सुभकामनाएं दी। बता दें की पिछले 11 दिसंबर को फर्स्ट रांची डिस्ट्रिक्ट अन्तर स्कूल किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन युनि हाइट टावर कांटा टोली में हुआ था। इस किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप में एंगेल्स वर्ल्ड स्कूल, टेंडर हरत स्कूल, मनन विद्या, केंद्र विद्यालय, आर्मी स्कूल, ब्रिड्जफोर्ड स्कूल, गुडविल पब्लिक स्कूल पिठोरिया प्रभापुंज पब्लिक स्कूल चान्हो डी.ए.वि अनिल पब्लिक स्कूल चान्हो व बहुत सारी स्कूल के 150+ किकबॉक्सिंग खिलाडियों ने भाग लिए थे। जिसमे प्रमथनाथ मध्य विद्यालय हिनू कंचन कुमारी ने अपने भर वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल की थी जिसको आज स्कूल के तरफ से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्कूल के शिक्षक व शिक्षिकाएं शामिल थे जिनका नाम इस प्रकार है श्रीमती रूमा सेन गुप्ता, बोरनाली रॉय, श्यामली इंद्रा, मौसमी सेन, श्रीमती ममता शर्मा, मिस प्रतिमा कुमारी, मिस बंदना चौधरी, मिस रत्ना चौधरी, नीता डे, सुचित्रा कर्मकार, सौरव कुमार दुबे, सौरव कुमार शील शामिल है। यह जानकारी किकबॉक्सिंग कोच मोहम्मद इबरार कुरैशी ने दी।

बीएयू में झारखंड ट्राइबल डेवलोपमेन्ट सोसाइटी द्वारा पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

## मधुमक्खी पालन के लिए चयनित कुल 250 लाभुकों में प्रशिक्षण दिया जायेगा




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शुक्रवार को कृषक भवन, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, कांके, रांची में झारखंड ट्राइबल डेवलपमेंट सोसाइटी के आयोजन से एवं भारतीय लोककल्याण संस्थान के क्रियान्वयन मधुमक्खी पालन एवं मधु प्रसंस्करण परियोजना के अंतर्गत 19 मास्टर ट्रेनर के लिए चयनित लाभार्थियों के प्रशिक्षण का शुभारंभ डायरेक्टर, इक्सटेंशन एजुकेशन, बी ए यू, डा. जे उरांव, एंडीशनल डायरेक्टर डा. रिशम, प्रोफेसर व वैज्ञानिक डा. विनय कुमार, मास्टर ट्रेनर अशोक कुमार के कर कमलों से दीपशिखा प्रज्ज्वलित कर किया गया। भारतीय लोककल्याण संस्थान के द्वारा और झारखंड ट्राइबल डेवलोपमेन्ट सोसाइटी के आयोजन से आयोजित प्रशिक्षण में से चयनित कुल 250 लाभुकों में से मास्टर ट्रेनर हेतु चयनित, कुल 19 मास्टर ट्रेनर के लाभुकों का 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 16.12.2022 से 20.12.2022 तक आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण का कार्य बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, रांची के विभिन्न प्रोफेसर व वैज्ञानिकों द्वारा किया जाएगा। इस परियोजना के अंतर्गत चाईबासा के (12) एवं जामताड़ा (7), कुल 19 मास्टर ट्रेनर हेतु चयनित का लाभार्थी प्रशिक्षण में शामिल हुए।

### पंचायतों के 31 जनप्रतिनिधि केरल रवाना, एक्सपोजर विजिट में लेंगे भाग

**रांची।** झारखंड राज्य के त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के 31 नवनिर्वाचित प्रतिनिधि आगामी 19 से 24 दिसंबर 2022 तक केरल (KILA) में होने वाले एक्सपोजर विजिट में भाग लेंगे। शुक्रवार को धनबाद से इन सभी त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं का जत्था केरल के लिए रवाना हुआ। गौरतलब है कि ये सभी प्रतिभागी हजारीबाग जिले के टाटीझरिया, खैरा और डूमर पंचायतों के नवनिर्वाचित पीआरआई के प्रतिनिधि के सदस्य हैं। इसमें से बड़ी संख्या में ऐसे प्रतिनिधि भी है जो पहली बार जाने को लेकर उत्साहित हैं और वे वहां के एक्सपोजर विजिट में प्रशिक्षित होकर झारखंड में योजनाओं के क्रियान्वयन में सकारात्मक भूमिका निभाएंगे। पंचायती राज विभाग द्वारा लॉकडाउन के बाद से ही नवनिर्वाचित पीआरआई के बीच आपस में सीखने की प्रवृत्ति को बढ़ावा देने के लिए ऐसे प्रशिक्षण और वर्चुअल लर्निंग प्लेटफॉर्म का आयोजन किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया की विभाग द्वारा नवनिर्वाचित पीआरआई को अन्य क्षेत्रों के छोटे धारकों के साथ सीखी गई बातें और अनुभव साझा करने के लिए प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। यह दौरा फील्ड स्टाफ की क्षमता निर्माण को बढावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

## पेज एक के शेष

**दिव्यांग व निराश्रित महिलाओं को....**

समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के लाभुकों को राशि उनके अकाउंट में उपलब्ध करानी है। मुख्यमंत्री ने सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि इन योजनाओं को लेकर मिले आवेदनों के सत्यापन का कार्य हर हाल में पूरा हो जाना चाहिए।

**इन योजनाओं की हुई समीक्षा :** मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मनरेगा अन्तर्गत मानव दिवस सृजन, राजस्व न्यायालय, आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार, जिले में चल रही विभिन्न परियोजनाओं एवं जिलों के विधि-व्यवस्था की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में मंत्री सत्यानन्द भोक्ता, बादल, हफीजुल हसन, राजमहल सांसद विजय हांसदा, विधायक प्रदीप यादव, दीपिका पांडेय सिंह, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, सचिव विनय चौबे, सचिव अबूबकर सिद्दीकी, सचिव अमिताभ कौशल, सचिव कृपानंद झा, सचिव के. श्रीनिवासन, डीजीपी नीरज सिन्हा, आयुक्त, संथाल परगना प्रमंडल, दुमका, चंद्र किशोर उरांव, पुलिस उप महानिरीक्षक, सुदर्शन प्रसाद मंडल, देवघर उपायुक्त, मंजूनाथ भजंत्री, पुलिस अधीक्षक, सुभाष चंद्र जाट, गोड्डा उपायुक्त जीशान कमर, पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा एवं जिला के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

**विधानसभा के आगामी शीतकालीन...**

उन्होंने कहा कि नियम के अनुसार शीतकालीन सत्र होना है। जो 19 से 23 दिसम्बर तक चलेगा। उन्होंने विधानसभा के सभी सदस्यों से आग्रह भी किया है कि उनके क्षेत्र के ज्वलंत समस्या को विधानसभा के पटल पर रखें। जिसको लेकर प्रयास किया जायेगा कि सरकार के संज्ञान में आये और उसका समाधान कैसे हो। इस पर चर्चा हो सके। साथ ही अधिकारियों को बार-बार निर्देश दिया गया है कि सदस्यों द्वारा जो सवाल उठाये जाते हैं। उस सवाल का जवाब सदस्यों को संतुष्ट करने लायक और विधि सम्मत दें ताकि सरकार सदस्यों के प्रश्नों का दे सके। इसके साथ ही लंबित सवालों के प्रतिशत में कमी की गयी है।

**ईडी ने बेरमो विधायक...**

झारखंड में सरकार गिराने की कोशिश व कांग्रेसी विधायकों के खरीद-फरोख्त को लेकर शिकायत दर्ज करायी थी। 31 जुलाई को अरगोड़ा थाना में जीरो एफआईआर दर्ज कराने के पूर्व 21 जुलाई 2021 को भी सरकार गिराने की साजिश से जुड़ा केस दर्ज कराया था। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने तीन युवकों को होटल लीलैक से गिरफ्तार करने के बाद जेल भेजा था। हालांकि, तब किसी के खिलाफ चार्जशीट दायर नहीं की गयी थी।

**कोलकाता सीआईडी ने जांच में अबतक क्या पाया :** कोलकाता सीआईडी ने इस मामले की जांच में पाया है कि 30 जुलाई को तीनों विधायक असम के गुवाहाटी से कोलकाता लौटे थे। कोलकाता लौटने के बाद कोलकाता के शराब कारोबारी महेंद्र अग्रवाल के यहां से 50 लाख रुपये लिये गये थे। इससे पहले 23 जुलाई को भी विधायक के गुवाहाटी जाने की पुष्टि बंगाल सीआईडी की जांच में हुई थी। बंगाल सीआईडी ने इस मामले में दिल्ली व असम में भी कुछ संदिग्धों को 41ए का नोटिस भेजा था। लेकिन बंगाल पुलिस उन संदिग्धों से पूछताछ नहीं कर पायी। इस मामले में गिरफ्तार तीनों विधायकों को नियमित जमानत मिल चुकी है।

**पलामू में बॉडीगार्ड रखना...**

चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि इस तरह के मामलों में लोगों के बीच भ्रम की स्थिति भी रहती है। इसलिए लोग इसका इस्तेमाल नहीं करें। दरसल कॉम्बैट ड्रेस जिसे केमोफ्लेज भी कहा जाता है इस ड्रेस का इस्तेमाल अधिकतर रसूख वाले लोग कर रहे हैं। ऐसे लोगों को सरकारी और अन्य स्तर पर बॉडीगार्ड नहीं मिलते हैं। वे लोग किसी रिटायर सुरक्षाबल के जवान को अपने साथ रखते हैं और उन्हें इस तरह के ड्रेस को पहनाते हैं। आम लोगों की भीड़ में पता नहीं चल पाता है कि संबंधित व्यक्ति पुलिस का जवान है या सिविलियन, कई मामलों में देखा गया कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन झारखंड जनमुक्ति परिषद और टीएसपीसी नक्सल संगठन भी इस तरह की वर्दी का इस्तेमाल करते हैं।

---

सांसद संजय सेठ के बाल वैज्ञानिकों से जुड़े सवाल पर केंद्रीय मंत्री का जवाब

# 180000 से अधिक बच्चों को केंद्र ने दिया प्रोत्साहन, झारखण्ड के 5057 बच्चे शामिल



**◆इस योजना की शुरूआत से अब तक 1810311 बच्चों को पुरस्कार स्वरूप सहायता प्रदान की गई है। वहीं विज्ञान ज्योति नामक योजना कक्षा 9 से 12 वीं की मेधावी छात्राओं के लिए है।**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विज्ञान में रुचि रखने वाले बच्चों का झुकाव विज्ञान की ओर बढ़े, इस दिशा में भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के द्वारा कई प्रकार की योजनाएं चलाई जाती है। इंस्पायर मानक नाम से चलने वाली योजना का उद्देश्य युवा छात्रों का विज्ञान की ओर आकर्षण बढ़ाना और शोध में करियर के अवसर प्रदान करना है। उक्त आशय की जानकारी केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने लोकसभा में दी। लोकसभा के शीतकालीन सत्र में सांसद संजय सेठ ने बच्चों के विज्ञान में रुचि और झुकाव, बाल वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित करने से संबंधित सवाल पूछा था। इसके जवाब में केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री ने बताया कि रचनात्मक सोच बढ़ सके, नवप्रवर्तन की संस्कृति पोषित हो सके इस दिशा में इंस्पायर मानक नामक कार्यक्रम चलाया जाता है। इस योजना की शुरूआत से अब तक 1810311 बच्चों को पुरस्कार स्वरूप सहायता प्रदान की गई है। वहीं विज्ञान ज्योति नामक योजना कक्षा 9 से 12 वीं की मेधावी छात्राओं के लिए है, जिसके तहत विज्ञान में रुचि रखने वाली छात्राओं को प्रोत्साहन दिया जाता है। विज्ञान ज्योति योजना के तहत अब तक 30000 से अधिक छात्राओं को लाभ दिया गया है। इसके अतिरिक्त विज्ञान के क्षेत्र में बच्चों की रुचि बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का भी आयोजन किया जाता है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद 1971 से विज्ञान को लोकप्रिय बनाने और छात्रों में वैज्ञानिक स्थिति उत्पन्न करने के लिए राष्ट्रीय स्तर की विज्ञान प्रदर्शनी का भी आयोजन करती है। विज्ञान के विभिन्न प्रयोगों और अन्वेषण में छात्रों को शामिल करने के लिए एनसीईआरटी द्वारा 2018 से राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह का आयोजन किया जाता है। अपने जवाब में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इंस्पायर पुरस्कार मानक योजना के तहत विगत 3 वित्तीय वर्ष 2019 से 2022 तक क्रमशः 42143, 53021 और 52720 बच्चों को सहायता दी गई है।

# खेल



## न्यूज गैलरी

### पीएसएल 2023 : ड्रॉफ्ट लाइव में गुल हो गयी बत्ती

**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान सुपर लीग के आगामी सीजन के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की ओर से पीएसएल प्लेयर्स ड्रॉफ्ट 2023 का आयोजन किया गया। इस दौरान अपनी व्यवस्था को लेकर पीसीबी ट्रोल हो गया। ड्रॉफ्ट प्रक्रिया को पाकिस्तान सुपर लीग यूट्यूब चैनल पर लाइव किया गया था। इसमें सभी टीमों के मालिक और महत्वपूर्ण प्लेयर भी मौजूद थे। लेकिन प्रोग्राम शुरू होने के कुछ ही समय बाद कुछ ऐसा देखने को मिला जिसकी किसी को उम्मीद ही नहीं थी। पाकिस्तान सुपर लीग यूट्यूब चैनल पर अपलोड हुई वीडियो में जब आयोजन 12वें मिनट में पहुंचता है तो पूरी स्टेज पर अंधेरा ही अंधेरा नजर आ आता है। इसी बीच पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष रमीज राजा भी स्टेज पर आ जाते हैं। एंकर जैनेब अब्बास अंधेरे में ही अतिथियों को संबोधित करते हुए दिखती हैं। वीडियो के 11.10 से 18.55 मिनट तक आयोजन स्थल पर अंधेरा दिखता है। वीडियो 54.55 मिनट पर एंकर जैनब खुद मानती दिख रही हैं कि शो के दौरान लाइट बंद थी। एंकर कहती हैं कि तो लाइट आ गयी है, आवाज भी आ गयी है।

### बिगबैश लीग में सिडनी थंडर्स 15 रन पर सिमटी

**सिडनी (एजेंसी)।** सिडनी के मैदान पर शुक्रवार को मेंस टी-20 क्रिकेट का सबसे छोटा स्कोर बना। यहां बिगबैश लीग के एक मुकाबले में सिडनी थंडर्स की टीम 15 रन पर आउट हो गयी। वह एडिलेड स्ट्राइकर्स के 140 रनों के टारगेट का पीछा कर रही थी। सिडनी के पांच बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके। जबकि शेष पांच बल्लेबाज चार रन से आगे नहीं बढ़ सके। एडिलेड की ओर से हेनरी थॉर्न्टन ने सबसे ज्यादा पांच विकेट चटकाये। जबकि वेस एगर ने चार विकेट झटके। वे एस्टर्न एगर के छोटे भाई हैं। टी-20 इंटरनेशनल की बात करें तो सबसे कम टोटल का रिकॉर्ड टर्की के नाम है। उसे 2019 में चेक रिपब्लिक ने 21 रनों पर आउट किया था। उसने टर्की के खिलाफ 20 ओवर में 278 रन बनाये थे। थॉर्न्टन और एगर की रिकॉर्ड ब्रेक गेंदबाजी के दम पर एडिलेड स्ट्राइकर्स ने सिडनी थंडर्स को 124 रनों के अंतर से हराया। उसने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 139 रन बनाये। क्रिस लिन ने सबसे ज्यादा 36 रन बनाये। जबकि कॉलिन डी ग्रैंडहोम ने 33 रन जोड़े। सिडनी के फजलहक फारूकी ने तीन और गुरिंदर संधु, डेनियल सैम्स, ब्रैंडन डोजेट ने 2-2 विकेट लिए।

### मोरक्को ने फीफा से की रेफरी की शिकायत

**रबात (एजेंसी)।** फीफा विश्वकप के सेमीफाइनल में फ्रांस से मिली हार से तिलमिलाये रॉयल मोरक्कन फुटबॉल महासंघ (एफआरएमएफ) ने मेक्सिकन रेफरी सीजर आटुरी रामोस पलाजुएलोस के प्रदर्शन को लेकर अपना विरोध फीफा के समक्ष दर्ज कराया है। फ्रांस ने बुधवार को खेले गये रोमांचक मुकाबले में मोरक्को को 2-0 से मात दी थी। फ्रांस के थियो हर्नांडेज ने पांचवें मिनट में और रान्डल कोलो मुआनी ने 79वें मिनट में गोल कर फ्रांस को खिताबी मुकाबले में खेलने का अवसर दिया। मोरक्को का मानना है कि वह यह मैच अपने खेल की वजह से नहीं बल्कि रेफरी के खराब फैसलों की वजह से हारे हैं। उन्होंने रेफरी की शिकायत लिखित रूप से फीफा के समक्ष दर्ज करायी है। एफआरएमएफ ने एक बयान में कहा कि अपनी राष्ट्रीय टीम के अधिकारों की रक्षा के लिए हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। महासंघ ने फीफा से आग्रह किया कि वह फ्रांस की टीम के खिलाफ विश्व कप सेमीफाइनल मैच में मोरक्को की टीम पर किए गए मनमाने अन्याय को ध्यान में रख कर उचित कार्रवाई करे। मोरक्को इस बात से नाखुश है कि रेफरी ने पहले हाफ में एटलस लायंस को पेनल्टी नहीं दी, जब थियो हर्नांडेज ने क्षेत्र में सोफियान बौफाल को धक्का दिया था।

# डब्ल्यूटीसी के फाइनल में पहुंचने के लिए कोच राहुल द्रविड़ ने बनाया मास्टर प्लान

- डब्ल्यूटीसी में पाइंट्स टेबल में चौथे स्थान पर है भारत, फाइनल में जाने के लिए जीतने होंगे सभी मैच
- ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका से मिल रही है कड़ी चुनौती



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** पहले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ के हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि, टेस्ट चैंपियनशिप के दूसरे एडिशन में अब टीम इंडिया के लिए फाइनल की राहें मुश्किल होती दिख रही है। भारत दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए बांग्लादेश दौरे पर है। बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच तो टीम इंडिया मजबूत स्थिति में दिख रही है, लेकिन टेस्ट चैंपियनशिप के इस साइकिल में उसे अपने सभी मुकाबलों में जीत हासिल करनी होगी। टेस्ट चैंपियनशिप के पॉइंट्स टेबल में भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका से कड़ी टक्कर मिल रही है। वहीं, तीसरे स्थान पर श्रीलंकाई टीम है। ऐसे भारत को अगर डब्ल्यूटीसी के फाइनल की रेस में खुद को बनाकर रखना है तो उसे हर हाल में अपने आगे के सभी मैच जीतने होंगे। टीम के कोच राहुल द्रविड़ को भी पता है कि आगे के मुकाबलों में भारतीय टीम के लिए चुनौती मुश्किल जरूर है, लेकिन इसके बावजूद वह भारत को फाइनल में पहुंचते देखना चाहते हैं। डब्ल्यूटीसी के फाइनल को लेकर राहुल द्रविड़ ने कहा, 'हमें पता है कि सामने चुनौती बहुत मुश्किल है। बचे हुए टेस्ट मैचों में हमें अधिकतर में से जीत दर्ज करना होगा। हमारा जो लक्ष्य है उसके लिए अगर हमने पहला कदम सही नहीं उठाया तो वहां तक नहीं पहुंच पाएंगे और इसी पर हमारा पूरा ध्यान भी है। उसके बाद ही हम देखेंगे कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में क्या करना है।'

### ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका ने बिगाड़ा है भारत का खेल

**वर्ल्ड** टेस्ट चैंपियनशिप के दूसरे संस्करण में भारत के लिए ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका की टीम कड़ी चुनौती पेश कर रहा है। टीम इंडिया डब्ल्यूटीसी के इस साइकिल में अब तक कुल 12 मैच खेली है जिसमें उसे 6 में जीत मिली और चार मुकाबलों में हार। वहीं, दो मैच ड्रॉ रहे। इस तरह भारत के खाते में अभी 75 अंक हैं जबकि उसका जीतने का प्रतिशत 52.08 का है। दूसरी ओर ऑस्ट्रेलियाई टीम अपने 12 टेस्ट में से 8 में जीत दर्ज की है। उसे सिर्फ एक मैच में हार मिली जबकि तीन मुकाले ड्रॉ रहे। ऑस्ट्रेलियाई टीम के पास इस समय 108 अंक है और उसके जीतने का प्रतिशत 75.0 का रहा है। इसके अलावा साउथ अफ्रीकी टीम 10 में से 6 मैच जीतकर 60 अंक जुटा लिए हैं। वहीं, ऑस्ट्रेलिया को अभी साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज खेलना है। इस सीरीज के परिणाम से भी डब्ल्यूटीसी में भारतीय टीम की स्थिति पर असर पड़ेगा। क्योंकि, ये दोनों टीमें पहले टेबल में टॉप हैं और ऐसे में निश्चित तौर पर इसके नतीजे से फाइनल में पहुंचने का समीकरण पर असर पड़ेगा।

# भारत ने बांग्लादेश को दिया 513 रन का लक्ष्य

### शुभमन गिल ने जमाया करियर का पहला शतक, चेतश्वर पुजारा ने बनाये नाबाद 102 रन



**चटगांव (एजेंसी)।** भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के तीसरे ही दिन शुक्रवार को ड्राइविंग सीट में आ गयी है। उसने मेजबान को जीत के लिए 513 रनों का टारगेट दिया है। दिन का खेल खत्म होने तक बेहद मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश ने बिना विकेट गंवाये 42 रन बनाये हैं। वह जीत से 471 रन दूर है। स्टंप्स के बाद जाकिर हसन (17) और नजमुल हसन शान्तो (25) नाबाद लौटे। इससे पहले टीम इंडिया ने अपनी दूसरी पारी 258/2 पर घोषित की। भारत की ओर से दो शतक आये।

ओपनर शुभमन गिल ने 110 रन बनाये। जबकि चेतेश्वर पुजारा ने 102 रनों की नाबाद पारी खेली। विराट कोहली 19 रन बनाकर पुजारा के साथ नाबाद लौटे। पुजारा ने 51 पारियों और तीन साल 11 महीने बाद टेस्ट में शतक जमाया है। जैसे ही पुजारा का 19वां शतक पूरा हुआ, कप्तान केएल राहुल ने पारी की घोषणा कर दी। चटगांव में खेले जा रहे इस मुकाबले की पहली पारी में बांग्लादेशी टीम 150 रन पर ऑलआउट हुई। कुलदीप यादव ने सबसे ज्यादा पांच विकेट लिये। मोहम्मद सिराज ने तीन विकेट हासिल किये। उमेश यादव और अक्षर पटेल को 1-1 विकेट मिला। टीम इंडिया को पहली पारी में 254 रनों की बढ़त मिली थी। यहां उसके पास मेजबानों को फॉलोऑन खिलाने का मौका था, लेकिन भारतीय कप्तान केएल राहुल ने बैटिंग करने का फैसला किया। भारत ने पहली पारी में 404 रन बनाये थे।

### अंगूठे की चोट से उबरे रोहित

**मुंबई (एजेंसी)।** टेस्ट सीरीज से पहले खेली गयी वनडे सीरीज के दैरान मीरपुर में खेले गए दूसरे वनडे मैच में फील्डिंग करते हुए रोहित चोटिल हो गए थे। अब रोहित शर्मा फिट हो गये हैं। वह जल्द ही बांग्लादेश में टीम के साथ जुड़ जायेंगे और दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध रहेंगे। दूसरा और आखिरी टेस्ट 22 दिसंबर से मीरपुर में होना है। रोहित शनिवार या रविवार तक बांग्लादेश पहुंच जायेंगे। हिट मैन ने टीम इंडिया के लिए 45 टेस्ट मैच खेले हैं। उन्होंने 46.13 की औसत से 3137 रन बनाए हैं। इनमें 8 शतक और 14 अर्धशतक शामिल हैं। ऐसे में रोहित की वापसी के टीम को मजबूत मिलेगी। फिलहाल भारत और बांग्लादेश के बीच पहला टेस्ट चटगांव में खेला जा रहा है।

# 2014 के बाद गायब हो गयी कतर महिला फुटबॉल टीम



**कतर (एजेंसी)।** कतर में फुटबॉल वर्ल्ड कप चल रहा है। सभी लोग इसके सफल आयोजन की तारीफ भी कर रहे हैं, पर अभी भी कुछ ऐसी बातें हैं जिनका कतर के पास जवाब नहीं हैं। साल 2010 में कतर ने जब वर्ल्ड कप की मेजबानी हासिल की थी तो उसने देश में महिला और पुरुष दोनों की फुटबॉल टीम होने की बात कही थी। कतर ने दावा किया था कि वह देश में महिला फुटबॉल को बढ़ावा देना चाहता है। योजना के मुताबिक मौजूदा वर्ल्ड कप में इस्तेमाल किए जा रहे एजुकेशन सिटी स्टेडियम को वर्ल्ड कप के बाद महिला टीम द्वारा इस्तेमाल किया जाना है, पर पिछले कुछ सालों के आंकड़ों पर नजर डालकर देखें तो कतर की महिला फुटबॉल टीम का अस्तित्व नदारद है। टीम ने अप्रैल 2014 के बाद से कोई ऑफिशियल इंटरनेशनल मैच नहीं खेला है। नेशनल टीम होने के बावजूद सोशल मीडिया पर टीम के महज 116 फॉलोअर्स हैं। एसोसिएशन की ऑफिशियल वेबसाइट पर भी टीम का जिक्र नहीं है। हालात ये हैं कि कभी इस टीम से खेलने वाली शाइमा और सुआद सलीम जैसी खिलाड़ियों को इंश्योरेंस एजेंट के रूप में काम करना पड़ रहा है।

कतर की महिला फुटबॉल टीम 2009 में अस्तित्व में आयी। इसी समय कतर 2022 वर्ल्ड कप की मेजबानी का दावा पेश करने की तैयारी कर रहा था। 2010 में कतर की महिला टीम ने बहरीन से पहला इंटरनेशनल मैच अरेबिया वीमेंस कप में खेला, जहां उसे 17-0 से करारी हार मिली। इसके बाद फिलीस्तीन और सीरिया से भी टीम को शिकस्त मिली। दिसम्बर 2010 में कतर को वर्ल्ड कप की मेजबानी मिली। 2013-14 के बीच जर्मनी की पूर्व खिलाड़ी मोनिका स्टाब की कोचिंग में टीम के प्रदर्शन में सुधार हुआ। टीम ने एक भी मैच जीता तो नहीं, पर हार के अंतर को कम करते हुए मालदीव जैसे मजबूत विरोधी को कड़ी टक्कर दी। हालांकि, 2014 में स्टाब को ये कहकर हटा दिया गया कि टीम के लिए किसी पुरुष और अरबी भाषा बोलनेवाले कोच की आवश्यकता थी। स्टाब के अनुसार उन्हें अंदाजा नहीं है कि पिछले आठ सालों में कतर की महिला टीम कहां गायब हो गयी।

# द्रविड़ से बांग्लादेश के बॉलिंग कोच ने सरेआम मांगी माफी

- भारत के वर्तमान कोच राहुल द्रविड़ 1997 में डरबन में वनडे मैच के दौरान डोनाल्ड की स्पीड और स्लेजिंग का हुए थे शिकार



**चटगांव (एजेंसी)।** अपने खेल के दिनों में दक्षिण अफ्रीका के आक्रामक खिलाड़ी एलन डोनाल्ड को दुनिया के सबसे खतरनाक तेज गेंदबाजों में से एक माना जाता था। स्पीड के अलावा पूर्व प्रोटियाज स्पीडस्टर विपक्षी बैटर्स को अपनी स्लेजिंग से भी डराते थे। डोनाल्ड के स्लेजिंग के किस्से भी क्रिकेट जगत में काफी फेमस रहे हैं, लेकिन अब कई सालों बाद इस पूर्व गेंदबाज ने अपनी उस व्यवहार के लिए भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ से माफी मांगी है। डोनाल्ड की इस सार्वजनिक माफी पर राहुल द्रविड़ ने भी अपना रिएक्शन दिया है। महान बल्लेबाज और भारत के वर्तमान कोच राहुल द्रविड़ 1997 में डरबन में वनडे मैच के दौरान डोनाल्ड की स्पीड और स्लेजिंग दोनों के शिकार हुए थे। दो दशक से अधिक समय बीत जाने के बाद वर्तमान में बांग्लादेश के गेंदबाजी कोच एलन डोनाल्ड ने द्रविड़ से उनके खराब व्यवहार के लिए सार्वजनिक माफी जारी की। इसके साथ ही डोनाल्ड ने भारत के मुख्य कोच को डिनर के लिए भी आमंत्रित किया है। सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के साथ एक इंटरव्यू में डोनाल्ड ने स्वीकार किया कि डरबन में वनडे मैच के दौरान द्रविड़ की स्लेजिंग करते हुए उन्होंने हद पार कर दी थी। डोनाल्ड ने कहा कि डरबन में एक बेहद खराब घटना हुई थी, जिसके बारे में मैं बात नहीं करना चाहता। वह (राहुल द्रविड़) और सचिन हमें पूरी तरह से परेशान कर रहे थे। मैंने लिमिट को थोड़ा पार कर लिया, मेरे पास राहुल के लिए सम्मान के अलावा कुछ नहीं है। मैं बाहर जाकर राहुल के साथ बैठना चाहता हूं और उस दिन जो हुआ, उसके लिये फिर से सॉरी बोलना चाहता हूं। मुझे बस कुछ मूर्खतापूर्ण करना था, जिससे वास्तव में उनका विकेट निकले। लेकिन उस दिन मैंने जो कहा, उसके लिए मैं अब भी माफी मांगता हूं। क्या आदमी है, कितना अच्छा आदमी है। ...तो राहुल, अगर आप सुन रहे हैं। मुझे आपके साथ एक रात बिताना अच्छा लगेगा। राहुल द्रविड़ को एक अलग इंटरव्यू में डोनाल्ड का संदेश दिखाया गया था। डोनाल्ड के डिनर के निमंत्रण का जवाब देते हुए भारतीय कोच ने मजाकिया अंदाज में कहा, बिल्कुल, मैं इसके लिये तैयार हूं, खासकर अगर वह भुगतान कर रहे हैं।

### सचिन बोले - हर पिता चाहता है बेटे से उसकी पहचान हो

**मुंबई।** अर्जुन तेंदुलकर ने रणजी के डेब्यू मैच ही गोवा से खेलते हुए पहली पारी में 120 रन की पारी खेली कर पिता सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड की बराबरी की थी। सचिन ने भी 1988 में रणजी की डेब्यू पारी में शतक ठोका था। बेटे के इस कामयाबी पर अब मास्टर ब्लास्टर का बयान आया है। उन्होंने कहा कि मेरे लिए यह गर्व की बात है। उन्होंने एक इवेंट में अपने डेब्यू शतक और पिता रमेश तेंदुलकर से जुड़ा किस्सा शेयर किया और कहा कि 'मुझे आज भी याद है जब मेरे क्रिकेट के शुरूआती दिन थे, तब मेरे पिता को किसी शख्स ने 'सचिन के पिता' कहकर बुलाया था। तब मेरे पिता के दोस्त ने उनसे पूछा था कि आपको कैसा लग रहा है? तब उन्होंने कहा था कि यह मेरे जीवन का सबसे गौरवान्वित करने वाला पल है। हर एक पिता चाहता है कि वह अपने बच्चे के काम से पहचाना जाये। सचिन ने माना कि एक क्रिकेटर का बेटा होने की वजह से अतिरिक्त दबाव होता है। वे पहले भी अपील कर चुके हैं कि अर्जुन की तुलना उनके साथ न की जाये। उस पर अतिरिक्त दबाव न बनाया जाये।

# अंडर-19 विश्व कप के लिए यूएसए की टीम में एक-दो नहीं सभी भारतीय खिलाड़ी



**दुबई (एजेंसी)।** संयुक्त राज्य अमेरिका अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद का 105वां सदस्य है और दुनिया के नवीनतम एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय देशों में से एक है। यूएसए क्रिकेट ने आगामी आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप के लिए अपनी टीम की घोषणा की जिसने सभी को हैरान कर दिया क्योंकि टीम में सभी प्लेयर्स भारतीय हैं। आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप जनवरी 2023 में दक्षिण अफ्रीका में होनेवाला है। टीम यूएसए का प्रतिनिधित्व करनेवाली 15 सदस्यीय टीम का नेतृत्व गीतिका कोडाली करेंगी जबकि अनिका कोलन को उप-कप्तान बनाया गया है। यूएसए क्रिकेट ने पांच नॉन-ट्रैवलिंग रिजर्व के नामों की भी घोषणा की है। यूएसए अंडर-19 टीम को हाल ही में आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल हुए शिवनारायण चंद्रपॉल अगले महीने होनेवाले आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप अभियान के उद्घाटन के दौरान प्रशिक्षित करेंगे।

आईसीसी प्रेस बयान के अनुसार संयुक्त राज्य अमेरिका के हाल के संयुक्त अरब अमीरात दौरे के दौरान खेलनेवाली 15 में से 14 को बरकरार रखा गया है जबकि 16 वर्षीय बल्लेबाज तरनम चोपड़ा को भी टीम में शामिल किया गया है। आईसीसी के बयान में कहा गया है, 'यूएसए को दक्षिण अफ्रीकी टूर्नामेंट के लिए एक कठिन टीम सौंपी गयी है जिसका पहला मैच 14 जनवरी को बेनोनी के विलोमूर पार्क में श्रीलंका के खिलाफ होगा। यूएसए द्वारा महिला अंडर-19 विश्व कप के लिए जारी की गयी टीम के बाद सोशल मीडिया पर एक यूजर ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका में महिला क्रिकेट टीम भारत में महिला क्रिकेट टीम की तुलना में भारत का अधिक विविध प्रतिनिधित्व है! एक अन्य यूजर ने लिखा कि यूएसए क्रिकेट टीम या इंडिया बी टीम?

# हार से बौखलाये मोरक्को के फैन्स का फ्रांस से ब्रसेल्स तक तांडव

**फुटबॉल फीवर के बाद हिंसा** ○ जश्न मना रहे फ्रांस के फैन्स के साथ कई जगहों पर भिड़े मोरक्को के फैन्स




**पेरिस (एजेंसी)।** कतर में खेले जा रहे फीफा वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल मैच में फ्रांस ने मोरक्को को 2-0 से हरा दिया। इसके बाद फ्रांस से लेकर ब्रसेल्स की सड़कों तक मोरक्को के फैन्स का गुस्सा देखने को मिला। जहां फ्रांस में कई जगहों पर मोरक्को के फैन्स जश्न मना रहे फ्रांस के फैन्स से भिड़ गये, तो ब्रसेल्स में मोरक्को फैन्स ने सड़कों पर जमकर तांडव मचाया और आगजनी की। इस दौरान पुलिस के साथ भी उनकी हिंसक झड़प हुई। दरअसल, वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में मोरक्को को फ्रांस के सामने हार का सामना करना पड़ा और उनका फाइनल में खेलने और जीतने का सपना टूट गया। वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल मैच में फ्रांस के हाथों मिली हार को फैन्स बर्दाश्त नहीं कर सके। इसके बाद मोरक्को फैन्स ब्रसेल्स के साउथ स्टेशन पर इकठ्ठा हुए और जमकर उत्पात मचाया। मोरक्को फैन्स ने जमकर आगजनी भी की। इतना ही नहीं इसके बाद पुलिस के साथ भी उनकी झड़प हुई। उत्पात मचा रहे मोरक्को फैन्स ने पुलिस पर भी आतिशबाजी की। इसके बाद पुलिस को वाटर कैनन का भी इस्तेमाल करना पड़ा। पुलिस ने कुछ मोरक्को फैन्स को गिरफ्तार भी किया है।

**फ्रांस में भी मचाया उत्पात :** फ्रांस के पेरिस में भी मोरक्को के फैन्स ने जमकर उत्पात मचाया। यहां फ्रांस की जीत के बाद फैन्स सड़कों पर जश्न मनाने उतरे थे, लेकिन कई जगहों पर मोरक्को फैन्स के साथ उनकी झड़पें हुईं। फ्रांस को मोरक्को का संरक्षक देश माना जाता है, ऐसे में यहां बड़ी संख्या में मोरक्को के प्रवासी रहते हैं। यहां कई जगहों पर फ्रांस और मोरक्को के फैन्स भिड़ गये।

### कई जगहों पर हिंसक झड़प के बाद पुलिस को करना पड़ा हस्तक्षेप

**कई** जगहों पर हिंसक भिड़ंत भी हुई। इसके बाद पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। पुलिस ने भीड़ को हटाने के लिए वाटर कैनन और टियर गैस का इस्तेमाल किया। इसके बाद पूरे फ्रांस में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। फ्रांस के गृह मंत्री जेराल्ड डर्मेनिन ने कहा, फ्रांसीसी समर्थकों की तरह हमारे मोरक्को के दोस्तों का पार्टी आयोजित करने के लिए स्वागत है और हमारा काम उन्हें पार्टी करने से रोकना नहीं है। लेकिन यह सब अच्छी सुरक्षा स्थिति के दौरान किया जाना चाहिए। इससे पहले 10 दिसम्बर को भी पेरिस में कई जगहों पर इस तरह की झड़प देखने को मिली थी। तब मोरक्को ने फीफा में पुर्तगाल को हराया था।

